
राष्ट्रीय दैनिक


# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 अमेरिका टी-शर्ट नहीं, टैंक बनाना चाहता है, टैरिफ वार के.........

पाकिस्तान की कमर तोडे का तैयार है हश्वलान, पांच एशियाई विदेश...... 12

वर्ष : 16 | अंक : 22 | नई दिल्ली, मंगलवार, 27 मई, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# महिलाओं के साथ जघन्य अपराध नहीं रोक पा रही मप्र सरकार : कांग्रेस

कोरबा, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की जघन्य घटनाएं लगातार बढ़ रही है, अपराधी बेधड़क घूम रहे हैं और राज्य सरकार अपराधों को रोकने में पूरी तरह असमर्थ साबित हो रही है। आदिवासी कांग्रेस के प्रमुख डॉ. विक्रांत भूरिया ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के साथ लगातार अत्याचार की घटनाएं हो रही हैं और राज्य सरकार इसे नियंत्रित नहीं कर पा रही है।



मुख्यमंत्री मोहन यादव गृह मंत्रालय का कार्य भी संभाल रहे हैं इसलिए राज्य में सबसे पहले पूर्णकालिक गृह मंत्री होना चाहिए। पूर्णकालिक गृहमंत्री नहीं होने के कारण राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और अपराधी बेखौफ होकर घूम रहे हैं। उन्होने कहा कि जिस तरह के जघन्य अपराध राज्य में हो रहे हैं, उसे देखकर रूह कांपती है। मध्य प्रदेश के खंडवा में 45 साल की एक आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ जिसमें आरोपियों ने शराब के नशे में महिला के गुप्त अंग में सरिया डालकर उसे बुरी तरह घायल कर दिया जिससे पीड़िता की तड़प-तड़पकर मौत हो गई।

जब डॉक्टरों ने पोस्टमॉर्टम किया तो वे भी उस भयावह अपराध को देखकर दंग रह गए। खंडवा में हुए इस अपराध पर प्रशासन मौन बैठा है। कांग्रेस नेता ने राज्य की भाजपा सरकार से सीधा सवाल करते हुए पूछा, ह्यह्यक्या मध्य प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बेलगाम हो गई है। जब मुख्यमंत्री ही गृह मंत्री हैं तो क्या ऐसी घटनाएं होनी चाहिए। श्री यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद से बलात्कार की घटनाएं 18 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। आदिवासी महिलाओं के साथ अपराध के मामले में ये आंकड़ा 26 प्रतिशत तक पहुंच गया है। राज्य की भाजपा सरकार का शराब माफियाओं और अपराधियों पर कोई नियंत्रण नहीं है।

मध्य प्रदेश रेप कैपिटल और शराब कैपिटल बनता जा रहा है। उन्होंने कहा, ह्यह्यप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को मध्य प्रदेश के भोपाल जा रहे हैं। विडंबना देखिए कि जिस प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध हो रहे हैं, दुष्कर्म हो रहा है, वहां महिलाओं का 'महा महिला सम्मेलन' आयोजित किया जा रहा है। मैं प्रधानमंत्री जी से कहना चाहूंगा- मध्य प्रदेश पहुंचने से पहले यह तय करें कि आप मध्य प्रदेश की बहनों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करेंगे। प्रदेश को पूर्णकालिक गृह मंत्री दिया जाए क्योंकि मुख्यमंत्री से गृह मंत्रालय संभल नहीं रहा है। खंडवा की घटना के लिए एक फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाया जाए।ह्व आदिवासी कांग्रेस की अध्यक्ष ने कहा कि मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में शराब माफिया अनियंत्रित हो गए हैं इसलिए उनको नियंत्रित किया जाए।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 80,405

चांदी 1,1000

सेंसेक्स 80,220

निफ्टी 24,472

## संक्षिप्त खबरें

### गुयाना के उप राष्ट्रपति भरत जगदेव बोले, हमारा देश पूरी तरह से भारत के साथ खड़ा है

जॉर्जटाउन। गुयाना के उपराष्ट्रपति भरत जगदेव ने रविवार को यहां आए भारतीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल से कहा कि गुयाना पूरी तरह से भारत के साथ खड़ा है। शशि थरूर के नेतृत्व में सांसदों की टीम के साथ बैठक के बाद जगदेव ने कहा, हम आतंकवाद के खिलाफ हैं और हमारा मानना है कि आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने वाले सभी लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह एक उत्कृष्ट यात्रा थी और मैंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि गुयाना पूरी तरह से आपके साथ खड़ा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि यह एक उत्कृष्ट बैठकह्व थी। उन्होंने कहा कि गुयाना के उपराष्ट्रपति भारत जगदेव ने हाल की घटनाओं के मद्देनजर भारत की चिंताओं के प्रति गहरी सहानुभूति और समझ व्यक्त की। आतंकवाद के खिलाफ राजनीतिक स्पेक्ट्रम में राष्ट्रीय एकता पर जोर देते हुए, टीम का नेतृत्व विपक्षी कांग्रेस पार्टी के थरूर कर रहे हैं।

# मोदी ने दाहोद से किया 24 हजार करोड़ रु की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास

दाहोद/नई दिल्ली, एजेंसी

दाहोद/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात में दाहोद के खरोड में आयोजित कार्यक्रम में रेलवे सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। श्री मोदी वडोदरा में सुबह रोड़ शो करने के बाद दाहोद पहुंचे, जहां उन्होंने रेल मंत्रालय की ओर से 21,405 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित लोको मैन्युफैक्चरिंग शॉपझ्ररोलिंग स्टॉक वर्कशॉप का लोकार्पण, आणंद-गोधरा, मेहसाणा-पालनपुर और राजकोट-हड़मतिया रेल लाइन के दोहरीकरण कार्य, साबरमती-बोटाद 107 किलोमीटर रेल लाइन के विद्युतीकरण और कलोल-कड़ी-कटोसण रेल लाइन के गेज परिवर्तन के कुल 2287 करोड़ रुपए के कार्यों सहित रेलवे के कुल 23,692 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया और दाहोद में 9000 एचपी का पहला लोकोमोटिव इंजन देश को समर्पित किया। दाहोद में ह्यमेक इन इंडियाह्व दृष्टिकोण के साथ 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक के खर्च से रेलवे प्रोडक्शन यूनिट तैयार की गयी है। दाहोद में निर्मित रेलवे प्रोडक्शन यूनिट से करीब 10 हजार लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। दाहोद में बना लोकोमोटिव इंजन 4600 टन कार्गो का वहन करने में सक्षम होगा। अगले 10 वर्षों में करीब 1200 इंजन तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री ने महिसागर और दाहोद जिले के निवासियों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 181 करोड़ रुपये की लागत वाली चार समूह सुधार जलापूर्ति योजनाओं का लोकार्पण किया। इन समूह जलापूर्ति योजनाओं के कार्यरत होने से महिसागर और दाहोद जिले के 193 गांवों और एक शहर की 4.62 लाख आबादी को 100 एल.पी.सी.डी. (लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन) शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। श्री मोदी ने गुजरात जलापूर्ति बोर्ड द्वारा 49 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित नामनार समूह सुधार जलापूर्ति योजना का लोकार्पण किया। इस योजना के तहत महिसागर जिले की बालासिनोर तहसील के 37 गांवों, वीरपुर और लुणावाड़ा तहसील के एक-एक गांव सहित कुल 39 गांवों की 1.01 लाख आबादी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। इसी प्रकार 70 करोड़ रुपये के खर्च से निर्मित खेरोली समूह सुधार जलापूर्ति योजना के अंतर्गत महिसागर जिले की वीरपुर तहसील के 49 और लुणावाड़ा तहसील के तीन सहित कुल 51 गांवों की 1.16 लाख आबादी और वीरपुर शहर के 15,011 नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्रदान करने वाली योजना का लोकार्पण भी किया। प्रधानमंत्री ने 33 करोड़ रुपये के खर्च से निर्मित चारणगाम समूह सुधार जलापूर्ति योजना का लोकार्पण किया। इस योजना के अंतर्गत महिसागर जिले की लुणावाड़ा तहसील के 44 गांवों के 83 हजार से अधिक नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। इसके अलावा, उन्होंने 29 करोड़ रुपये के खर्च से निर्मित गोठीब समूह जलापूर्ति योजना का भी लोकार्पण किया। इस योजना के तहत समूह योजना में शामिल नहीं किये गये 11 गांवों और कडाणा भाग-2 समूह योजना के 31 गांवों तथा भाणासिमल समूह योजना के 16 गांवों को 100 एलपीसीडी शुद्ध पेयजल प्रदान किया जाएगा। इस योजना के तहत महिसागर जिले की संतरामपुर और दाहोद जिले की फतेपुरा तहसील के 58 गांवों की 1.46 लाख आबादी को कवर किया गया है। इन चार जलापूर्ति योजनाओं से बालासिनोर तहसील के 37 गांवों, वीरपुर तहसील के 50, लुणावाड़ा तहसील के 48, संतरामपुर और फतेपुरा तहसील के 58 सहित कुल 193 गांवों और एक शहर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। श्री मोदी ने दाहोद स्मार्ट सिटी के अंतर्गत दाहोद में नगरपालिका भवन और आदिवासी संग्रहालय सहित जनसुविधा के 233 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पुलिस हाउसिंग के 53 करोड़ रुपये के कार्यों का भी लोकार्पण किया। उन्होंने मध्य गुजरात के वडोदरा जिले में सावली-टिंबा रोड को चार लेन बनाने, कायावरोहण-साधली रोड और जरोद-समलाया रोड के चौड़ीकरण कार्य तथा पदमला-रणोली सड़क पर नये ब्रिज के निर्माण सहित कुल 581 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास किया। इसके अलावा, उन्होंने महिसागर जिले के बालासिनोर में अमृत 2.0 और स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के तहत 26 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास करने के साथ ही, छोटाउदेपुर जिले में 26 करोड़ रुपए के खर्च से निर्मित होने वाले भारेज ब्रिज और 73 करोड़ रुपये की लागत से एल.सी. 65 में बनने वाले रेलवे ओवरब्रिज का भी शिलान्यास किया। इस प्रकार, प्रधानमंत्री ने कुल 706 करोड़ रुपये के सात विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया।





## हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाने वालों का मिटना तय : मोदी



दाहोद/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सेना के शौर्य को नमन करते हुए कहा कि जो हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा उसका भी मिटना तय है। श्री मोदी ने सोमवार को यहां विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद फैलाने वालों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उसका किससे मुकाबला है। आतंकवादियों को जिस प्रकार की कार्रवाई की गई है उसे दुनिया ने पिछले कई दशकों में नहीं देखा होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने सीमा पार के नौ आतंकवादी ठिकानों को ढूंढ़कर बाईस मिनट में मिट्टी में मिला दिया। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाई तो उसे भी सेना ने धूल चटाई। उन्होंने कहा कि जो हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा उसका भी मिटना तय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंटवारे के बाद जिस देश का जन्म हुआ उसका भारत से दुश्मनी और भारत को नुकसान पहुंचाना लक्ष्य रहा है लेकिन भारत का लक्ष्य अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करके देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। उल्लेखनीय है इससे पहले श्री मोदी आज यहाँ दाहोद में लोकोमोटिव विनिर्माण शॉप राष्ट्र को समर्पित किया। दाहोद प्लांट में घरेलू उद्देश्यों और निर्यात के लिए 9000 एचपी के इलेक्ट्रिक इंजनों का निर्माण किया जाएगा। यह कम लागत में निर्मित सबसे शक्तिशाली लोकोमोटिव है। अत्याधुनिक तकनीक से लैस है जो इसे ऊर्जा कुशल बनाता है। प्रधानमंत्री ने संयंत्र से निर्मित पहले इलेक्ट्रिक इंजन को हरी झंडी दिखाई। यह इंजन भारतीय रेल की माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने में मदद करेंगे। ब्रॉड गेज और स्टैण्डर्ड गेज दोनों ही इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का निर्माण भारत सरकार की मेक इन इंडिया और मेक फॉर वर्ल्ड पहल को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। अगले ग्यारह वर्षों में इस कारखाने से 1200 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव इंजन का निर्माण किया जाएगा। आने वाले दिनों में इंजन का यूरोप और अफ्रीकी देशों में निर्यात करने की योजना है। प्रधानमंत्री खुली गाड़ी में लोगों का अभिवादन करते हुए जनसभा स्थल पर पहुंचे और लोगों ने तिरंगा लहराकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

## गुजरातः वडोदरा में पीएम मोदी का रोड शो, कर्नल सोफिया कुरैशी का परिवार हुआ शामिल



वडोदरा, एजेंसी

वडोदरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के वडोदरा पहुंचे। यहां उनका विशाल रोड शो निकला जिसमें कर्नल सोफिया कुरैशी का परिवार शामिल हुआ। कुरैशी परिवार ने पुष्पवर्षा कर पीएम मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री दो दिवसीय दौरे के तहत गुजरात पहुंचे हैं, जहां वे कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस खास मौके पर सोफिया कुरैशी के परिवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को आमने-सामने देखना हमारे लिए गर्व का पल है। कर्नल सोफिया कुरैशी के भाई मोहम्मद संजय कुरैशी ने कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री हमारे बीच आए और हमें उन्हें आमने-सामने देखने का मौका मिला। उन्होंने अपनी बहन सोफिया कुरैशी की बहादुरी की तारीफ की। कहा कि निसंदेह इससे बड़ी गर्व की बात और क्या हो सकती है कि औरतों के साथ जो गलत हुआ, उसका बदला एक औरत ने लिया। हमारी बहनों ने दुश्मन देश को बता दिया कि वे किसी मर्द से कम नहीं हैं। साथ ही, कर्नल सोफिया कुरैशी की जुड़वा बहन शाइना सुनसारा ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा, मैं खुद एक महिला हूं और इस बात को बखूबी समझ सकती हूं कि उन्होंने आज की तारीख में महिलाओं को कितना ऊपर उठा दिया है। आज महिलाएं अगर हर क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं, तो निश्चित तौर पर इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाना चाहिए। अब सोफिया कुरैशी न सिर्फ मेरी बहन है, बल्कि अब वह पूरे देश की बहन है। प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो, एयरपोर्ट से एयरफोर्स गेट तक करीब एक किलोमीटर लंबा था। इस रोड शो को सिंदूर सम्मान यात्रा नाम दिया गया। इसी दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी का परिवार प्रधानमंत्री का स्वागत करने पहुंचा। कर्नल सोफिया कुरैशी मूल रूप से गुजरात के वडोदरा की रहने वाली हैं। सोफिया के पिता और दादा भी सेना में थे। सोफिया कुरैशी ने मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री के एक सेना अधिकारी मेजर ताजुद्दीन कुरैशी से शादी की। सोफिया कुरैशी 1997 में भारतीय सेना में शामिल हुई थीं।

## नीट-पीजी परीक्षा दो पालियों में कराने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करेगा न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा नीट-पीजी परीक्षा दो पालियों में आयोजित कराने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया। चिकित्सा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी), 2025 दो पालियों में 15 जून को कंप्यूटर आधारित प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जाएगी। इसके परिणाम 15 जुलाई तक घोषित किए जाएंगे। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वकील की दलीलों पर गौर किया तथा कहा कि याचिका को जल्द ही सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ ने 23 मई को कहा था कि याचिका अगले सप्ताह सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वकील ने सोमवार को फिर से इस बात का जिक्र किया। वकील ने कहा, पीठ ने कहा कि वह इस मामले को इसी सप्ताह सूचीबद्ध करेगी। यह अत्यंत जरूरी है।

**कृषि उद्योग समागम** कहा- सीएम मोहन यादव के नेतृत्व में एमपी लगाएगा सबसे बड़ी छलांग.........

# उप राष्ट्रपति धनखड़ ने किया कृषि उद्योग समागम का शुभारंभ

नरसिंहपुर, एजेंसी

नरसिंहपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नरसिंहपुर में आयोजित कृषि उद्योग समागम-2025 के दौरान 116 करोड़ की लागत से निर्मित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सौगातें प्रदान कीं। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी मौजूद रहे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने सीएम यादव की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव मनमोहन हैं और कार्यशील हैं। उन्होंने कहा वे एक दिन भी कोई ऐसा पल नहीं जाने देते जब गांव और किसानों की चिंता नहीं करते हो। उनके नेतृत्व में मध्य प्रदेश सबसे बड़ी छलांग लगाएगा। यह मैं सामने देख रहा हूं, क्योंकि आज की यह जो पहल है कृषि को उद्योग से जोड़ने की दोनों का मिलान करने की, यह बहुत बड़ी सोच है। इसकी शुरूआत आपने की है, आप साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि किसान भारत की रीड की हड्डी है, किसान की जितनी पूजा की जाए कम है। किसान सामाजिक आर्थिक और समरसता का प्रतीक है। सीएम मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि नरसिंहपुर के प्रगतिशील किसान न केवल मध्यप्रदेश, बल्कि पूरे देश में अपनी विशिष्ट पहचान के लिए विख्यात हैं। यहां की तुअर दाल, यहां की प्राकृतिक खेती, यहां के उन्नत किसान... मध्य प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में अलग पहचान बनाए हुए हैं। मां नर्मदा की इस स्थान पर विशेष कृपा है। मध्य प्रदेश नदियों का मायका है। मेरी जानकारी के अनुसार यहां पर 247 नदियां हैं जिनका उदगम एमपी है। अगर सर्वाधिक नदियों का उदगम कही है तो वह एमपी है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य जबरदस्त है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से मध्यप्रदेश में एक साथ तीन नदी जोड़ो अभियान की शुरूआत की गई है। इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य है, हर खेत तक सिंचाई के लिए जल पहुंचाना है। अन्नदाता का जीवन बेहतर से बेहतर बनाना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि देश में दूसरा सर्वाधिक गेहूं का उपार्जन एमपी में हुआ है। हमने 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीद की है। हमने गेहूं का सर्वाधिक दाम दिया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में प्रत्येक वर्ग के समग्र कल्याण हेतु निरंतर कार्य हो रहे हैं। 31 मई को पीएम एक बार पुनः मध्यप्रदेश की पावन भूमि पर पधार रहे हैं, जहां वे भोपाल से नारी सशक्तिकरण की यात्रा को नई गति और दिशा प्रदान करेंगे। सीएम ने कहा कि तीन दिवसीय कृषि उद्योग समागम में कृषि यंत्र प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। यंत्रों की खरीद हेतु इच्छुक किसानों को निर्धारित अनुदान (सब्सिडी) का लाभ भी प्रदान किया जाएगा। मध्यप्रदेश में जनहित से जुड़े निरंतर बड़े निर्णय हो रहे हैं। कृषि उद्योग समागम के माध्यम से नए उद्योग स्थापना के संकल्प साकार होंगे। जुलाई में सतना, इसके बाद चंबल-मुरैना में और अक्टूबर में सीहोर में राज्य स्तरीय किसान मेला आयोजित होगा। सीएम ने कहा कि दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है कि जो व्यक्ति 25 या उससे अधिक दुधारु गायों के साथ डेयरी इकाई की स्थापना करेगा, उसे प्रदेश सरकार द्वारा 25 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाएगा।



# विदेश मंत्री जयशंकर ने पहली बार कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से की बात



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पहली बार कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से फोन पर बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और कनाडा के बीच रिश्ते बेहतर बनाने पर चर्चा की। अनीता आनंद ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट ह्यएक्सह्व पर यह जानकारी दी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को भारत-कनाडा संबंधों पर उपयोगी बातचीत के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, कनाडा और भारत के रिश्ते मजबूत करने, आर्थिक सहयोग बढ़ाने और हमारी साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने पर आज हुई उपयोगी बातचीत के लिए मंत्री डॉ. जयशंकर का धन्यवाद। मैं आगे भी मिलकर काम करने की उम्मीद करती हूं। इसके थोड़ी देर बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी रविवार को अपने आधिकारिक ह्यएक्सह्व अकाउंट पर अनीता आनंद से हुई बातचीत की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि इस बातचीत में भारत और कनाडा के रिश्तों की संभावनाओं पर चर्चा हुई। उन्होंने ह्यएक्सह्व पर लिखा, कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से हुई बातचीत सराहनीय रही। हमने भारत-कनाडा रिश्तों की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्हें सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देता हूं। कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भारत के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाना चाहते हैं। भारतीय मूल की 58 साल की सांसद अनीता आनंद को इस महीने की शुरूआत में कनाडा की नई विदेश मंत्री नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति तब हुई जब प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कैबिनेट में बदलाव की घोषणा की। यह फेरबदल लिबरल पार्टी की संसद चुनावों में जीत के करीब दो हफ्ते बाद किया गया। 14 मई को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अनीता आनंद को कनाडा की विदेश मंत्री बनने पर बधाई दी। चुनाव से पहले अनीता आनंद कनाडा की नवाचार, विज्ञान और उद्योग मंत्री थीं। इससे पहले वह रक्षा मंत्री समेत कई अहम जिम्मेदारियां संभाल चुकी हैं। उन्होंने मेलानी जोली की जगह ली है, जो अब कनाडा की उद्योग मंत्री हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद कनाडा का प्रधानमंत्री चुने जाने पर मार्क कार्नी को बधाई दी थी। अपने संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और कनाडा के लोगों के बीच मजबूत रिश्तों पर जोर दिया और कहा कि वे दोनों देशों के लिए और ज्यादा अवसर खोलने के लिए उत्साहित हैं।

## भाजपा ने कर्नाटक में आपातकाल जैसे शासन को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

बेंगलुरु/ एजेंसी । कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने सोमवार को राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और सरकार पर विपक्ष को दबाने तथा प्रेस की आजादी को खत्म करने के लिए आपातकाल जैसी तानाशाही नीति अपनाने का आरोप लगाया। श्री येदियुरप्पा ने कड़े शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा, देश में आपातकाल का सबसे काला इतिहास रहा है और आज भी वह दमनकारी रणनीति के माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था का गला घोंटना जारी रखे हुए है। कांग्रेस की राजनीतिक विरोधियों को जेल में डालने, मीडिया की आवाज को दबाने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की पुरानी परंपरा रही है। श्री येदियुरप्पा ने कांग्रेस पर सरकारी तंत्र के दुरुपयोग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष और पुलिस का इस्तेमाल विपक्ष को परेशान करने और विरोध की सुरों को दबाने के लिए किया जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

## मानसून से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं

**नैनीताल, एजेंसी।** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शुक्रवार को मानसून पूर्व तैयारी की समीक्षा की। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी मानसून से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष और डीएम ने सड़क निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को मानसून से पूर्व सभी मुख्य एवं ग्रामीण सड़कों की नालियों, की सफाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम को राज्य मार्ग व तहसीलदारों को प्रमुख जिला मार्गों का निरीक्षण कर नाली, कलमठ सफाई कार्य का सत्यापन करने के निर्देश दिए।

पूर्व से चिह्नित संवेदनशील सभी स्थानों पर दस जून तक जेसीबी, पोकलैंड, लोडर मशीन ऑपरेटरों के साथ तैनात कर दी जाए। सभी मशीनों की जीपीएस मैपिंग भी करा ली जाए। मशीन ऑपरेटरों के संपर्क व मोबाइल नंबर विभिन्न स्थानों पर डिस्प्ले कराए जाएं। ट्रीटमेंट के लंबित कार्य समय से पूरे कर लिए जाएं। डीएम ने कहा कि सड़क बंद होने पर सड़क में फंसे यात्रियों के लिए आवश्यक व्यऽवस्थाएं भी की जाएं। चोरगलिया, चुकम या हैड़ाखान मार्ग से जुड़े दूरस्थ क्षेत्र में खाद्य आपूर्ति की विशेष व्यवस्था की जाए। मुख्य शिक्षा अधिकारी स्कूल भवनों की टपकने वाली छतों को दुरुस्त करा लें। हल्द्वानी नगर आयुक्त को वर्तमान में नगर में चलाए जा रहे नालों की सफाई के कार्य को दस दिन के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी दवाओं का स्टॉक समेत अन्य तैयारी रखें। बैठक में विभिन्न अधिकारी रहे।

## युवक रहा था ब्लैकमेल, रिश्ता भी तुड़वाया; परेशान युवती ने की आत्महत्या

**खटीमा, एजेंसी।** बग्गा चौवन गांव की युवती ने ब्लैकमेलिंग व बदनाम करने की धमकी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। घटना का आरोपित युवक युवती की अश्लील फोटो बना उसे प्रसारित करने की धमकी दे रहा था। आरोपित ने युवती की शादी के लिए आया रिश्ता भी अश्लील फोटो भेजकर तुड़वा दिया। झनकइया पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। बग्गा चौवन गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दो वर्ष पहले जब उनकी पुत्री नाबालिग थी, तभी से गांव का युवक उसे परेशान कर रहा था। इसी दौरान आरोपित ने प्रेमजाल में फंसा उसकी अश्लील फोटो खींच ली और ब्लैकमेल करने लगा। फरवरी में उनकी बेटी की शादी के लिए रिश्ता आया तो आरोपित पुत्री के मोबाइल में धमकी भरे मैसेज भेज फोटो प्रसारित करने की धमकी दी। पुत्री को देखने आए युवक को भी अश्लील फोटो भेज रिश्ता तुड़वा दिया। आरोपित उनकी पुत्री को स्कूल आते-जाते रोककर धमकाता था और पीछा करता था। इन सबसे उनकी पुत्री बेहद परेशान थी। उसने यह बात अपनी मां व बहन को भी बताई। 20 मई को आरोपित ने पुत्री का पीछा कर उसके साथ गालीगलौज की।

## कुमाऊं में शिक्षा विभाग के दस बाबू ड्यूटी से गायब, बर्खास्तगी नोटिस जारी

**नैनीताल, एजेंसी।** कुमाऊं मंडल में शिक्षा विभाग में सेवारत दस बाबू सालों से बिना बताए ड्यूटी से गायब हैं। इसकी वजह से विभागीय कामकाज प्रभावित हो रहा है। यहीं नहीं, रिक्त पद नहीं होने से नई नियुक्ति में पेंच फंस गया है। अब इन अनुपस्थित बाबूओं को एक सप्ताह में मंडलीय अपर शिक्षा निदेशक कार्यालय में उपस्थित होने व तर्कसंगत साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने पर बर्खास्तगी की चेतावनी जारी की गई है। शुक्रवार को अपर शिक्षा निदेशक प्रारंभिक-माध्यमिक शिक्षा गजेंद्र सिंह सौंन की ओर से विज्ञप्ति जारी की गई है। जिसमें बताया गया है कि अल्मोड़ा जिले में जीआईसी पंतस्थली में कनिष्ठ सहायक मनीषा पंत 19 जुलाई 2023 से, जीआईसी बारकुना की कनिष्ठ सहायक नीलम 27 अगस्त 2022 से, जीआईसी गणनाथ ताकुला के कनिष्ठ सहायक वसीम अहमद 25 जनवरी 2016 से, जीजीआईसी ताड़ीखेत में सेवारत कनिष्ठ सहायक चारु 26 नवंबर 2019 से, जीआईसी अगासपुर के वरिष्ठ सहायक गणेश दत्त काला पहली दिसंबर 2022 से, बागेश्वर जिले के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैराड़दुग के वरिष्ठ सहायक महेंद्र कुमार टम्टा 28 दिसंबर 2016 से, पिथौरागढ़ जिले में खंड शिक्षा अधिकारी कनालीछीना के वरिष्ठ सहायक आदित्य भट्ट 25 जनवरी 2024 से, जीआईसी डोर मुनस्यारी के कनिष्ठ सहायक अरुण राज 12 सितंबर 2023 से, नैनीताल जिले में जीआईसी बगड़ के कनिष्ठ सहायक कमल भट्ट 27 जनवरी 2024 से तथा ऊधमसिंह नगर जिले में राउमावि बलखेड़ा के वरिष्ठ सहायक अनिल कुमार टम्टा 12 अप्रैल 2023 से ड्यूटी से गायब हैं।

# बेजान पेड़ों की छाल को बना लिया जीवन का आधार, पोलियो से भी नहीं मानी हार, जीवन चंद्र जोशी बने प्रेरणा

**हल्द्वानी, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में जीवन चंद्र जोशी के कला और जज्बे की दिल खोलकर तारीफ की।

शारीरिक अक्षमता को मात देकर लकड़ी के बेजान टुकड़ों को कला का नायाब नमूना बनाने वाले जीवन की कहानी हर उस इंसान के लिए प्रेरणा है, जो मुश्किलों के आगे हार मान लेता है। उनकी उंगलियां जब लकड़ी को तराशती हैं, तो हर टुकड़ा उत्तराखंड की संस्कृति और परंपरा की कहानी कहने लगता है।

मूलरूप से अल्मोड़ा जिले के जाखन देवी गोविंदपुर गल्ली व हाल कठघरिया घुनी नंबर दो निवासी 65 वर्षीय जीवन चंद्र जोशी जोशी अब पहचान के मोहताज नहीं हैं। दो साल की उम्र तक वह सामान्य बच्चे की तरह थे, लेकिन अचानक पोलियो ने उनके दोनों पैर छीन लिए। 10वीं तक पढ़ाई की।

भाई उन्हें कंधे पर बैठाकर तब स्कूल तक छोड़कर आता था। क्योंकि जीवन चल नहीं सकते थे। जीवन बताते हैं कि 1988 में उनके दोनों पैरों का आपरेशन हुआ और घुटने तोड़ दिए गए। छह महीने तक वह अस्पताल के बाद घर में बिस्तर पर पड़े रहे। परिवार में माता-पिता, भाई-बहनों का भरपूर सहयोग मिला। पिता सिंचाई विभाग में इंजीनियर पद से सेवानिवृत्त थे। जिन्होंने जीवन को सिखाया कि जीवन में हार नहीं माननी।

इसी बात को जीवन ने गांठ बांध ली। उसी दिन समझ लिया कि मैं पैरों से दिव्यांग हूं, मगर दिमाग से नहीं। फिर क्या था पिता ने कठघरिया में सड़क किनारे एक दुकान खरीदकर दे दी। जीवन कहां रूकने वाले थे। उनकी मुलाकात बगड़ आर्टिस्ट संजय बैरी से हुई, जो अब नहीं रहे। बैरी के कहने पर उन्होंने अल्मोड़ा, रानीखेत, भीमताल आदि जगहों से बोरों में चीड़ के गिरे हुए पेड़ व स्वतः गिरे हुए बगेट (चीड़ की छाल) मंगाने शुरू कर दिए।

बगेट पहुंचाने वाले पहाड़ के युवाओं को 700 रुपये एक बोरे के भी दिए। जिससे वह युवाओं को भी छोटा-मोटा रोजगार मिल गया। हल्द्वानी पहुंचने



पर बगेट यानी बेजान पेड़ों की छाल में जान डालकर उन्हें कलाकृत्ति का रूप दिया। इसी को अपने जीवन का आधार भी बना लिया।

उनकी मेहनत व तपस्या ऐसी कि प्रधानमंत्री तक उनकी बात पहुंची और वह तारीफ करने से नहीं रूक सके। खास बात ये है कि जीवन क्राफ्ट डिटाइनिंग के लिए किसी मशीन का प्रयोग नहीं करते। छेनी, आरी, रेगमार, रेती से ही हस्तलिपि आकृत्तियां बनाते हैं।

शारीरिक सीमाओं के बावजूद जीवन ने आत्मनिर्भरता का रास्ता चुना। पोस्ट आफिस अल्मोड़ा में लघु बचत योजनाओं के एजेंट बनकर उन्होंने पहाड़ की चढ़ाई-उतार को बैसाखियों के सहारे पार किया। साथ ही, काष्ठ कला को अपनाकर उन्होंने अपनी छोटी सी दुकान को साधना स्थली बना लिया। उनकी बनाई कलाकृतियां, जैसे वाल हैंगिंग, मूर्तियां, फ्लावर पाट और अगरबत्ती स्टैंड, पर्यटकों को खूब भाती हैं। जीवन न सिर्फ अपनी कला को जी रहे हैं, बल्कि इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सपना भी देखते हैं। वे सुदूर गांवों में युवाओं को काष्ठ कला सिखाने और स्थानीय शिल्पकारों को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयासरत हैं। उनका मानना है कि पर्यटन स्थलों पर बिक्री केंद्र स्थापित कर शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुधारी जा सकती है।

2018-20 में भारत सरकार की संस्कृति मंत्रालय की संस्था सीसीआरटी उन्हें सीनियर फेलोशिप अवार्ड के रूप में दो वर्ष तक 20 हजार रुपये प्रति माह दे चुकी है। इसके अलावा जीवन लखनऊ कोलकाता, भोपाल, अहमदाबाद में इंटर इंटरनेशनल साइंस फेस्टिबल में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। लखनऊ में उन्हें बेस्ट अपकमिंग आर्टिस्ट का अवार्ड मिला। कठघरिया चौराहे की अपनी छोटी सी दुकान में जीवन आज भी अपनी धुन में मग्न हैं। हैड़ाखान बाबा के भक्त, वे शिवजी का आशीर्वाद लेने का नियम नहीं तोड़ते।

उनका सपना है कि उनकी कला को और लोग अपनाएं, ताकि उत्तराखंड की यह अनमोल विरासत जीवित रहे।

उनकी कहानी यह सिखाती है कि जिंदगी की हर लकड़ी में एक कहानी छुपी है, बस उसे तराशने का जज्बा चाहिए। जीवन की प्रदेश सरकार से मांग भी है कि शहर में ट्रैडिंग सिस्टम बनें। जहां पर युवाओं को कलाकृत्ति बनाना सिखाया जाए।

रामनगर में हुए जी-20 सम्मेलन को भी जीवन अपनी कला से प्रदर्शित कर चुके हैं। बगेट से उन्होंने 20 लोगों को बैठक में शामिल होना दिखाया है। जिसमें हर देश का तिरंगा भी लगा है। इसके अलावा बगेट से कत्यूरी शैली पर मंदिर बना चुके हैं। कुमाऊंनी वाद्य यंत्र के साथ महात्मा गांधी का चरखा व जाखन देवी का मंदिर बनाया है।

वहीं जीवन जिसे 65 साल की उम्र में कोई देखने नहीं आया। रविवार को प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में उनकी सराहना की तो अधिकारी से लेकर नेता तक फूल मालाएं लेकर दौड़ पड़े।

## 13 साल की बेटी ने पिता पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी, एजेंसी।** मुखानी थाना क्षेत्र में रिश्ते को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां पिता पर नाबालिग बेटी ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है. पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है. नाबालिग की उम्र 13 वर्ष है और वह सातवीं कक्षा की छात्रा है.

पुलिस के अनुसार मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है. मेडिकल जांच में पीड़िता के शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं. मुखानी थाना प्रभारी दिनेश जोशी ने बताया कि थाना क्षेत्र के रहने वाली एक महिला ने अपने पति के खिलाफ बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया. पूरे मामले में पुलिस ने प्राथमिकता के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की. पहले अंदेशा था कि माता-पिता के बीच विवाद में यह मामला दर्ज कराया गया है. लेकिन जांच हुई तो पिता काली करतूत सबके सामने आ गई. पूरे मामले की विवेचना महिला सब इंस्पेक्टर को दी गई, जहां पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है. फिलहाल पुलिस पूरे मामले में आगे भी जांच कर रही है. आरोप है कि मां की गैरमौजूदगी में आरोपी पिता ने अपनी बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया. साथ ही किसी को घटना का जिक्र करने पर जान से मारने की धमकी दी. लेकिन पिता की हैवानियत से बेटी बुरी तरह घायल हो गई. बेटी ने जब मां को पिता की करतूत के बारे में बताया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई. मां ने आरोपी से इसके बारे में पूछा तो वह कहानियां गढ़ने लगा. पहले तो उसने दुष्कर्म की बात से इंकार किया, फिर कहा कि पीड़िता को उसकी एक दोस्त ने उसके मोबाइल में अश्लील वीडियो भेजा, उसने बेटी को अश्लील वीडियो देखते हुए पकड़ लिया. बेटी की इस हरकत पर उसे गुस्सा आ गया और उसने बेटी को पीट दिया. जिसकी वजह से वह घायल हो गई, लेकिन जब मेडिकल हुआ तो सारी हकीकत सामने आ गई.

## मसूरी अस्पताल में कोरोना जांच की तैयारी तेज, बड़ी संख्या में पहुंचते हैं बाहरी राज्यों से पर्यटक



**मसूरी, एजेंसी।** देश में कोरोना केस मिलने पर मसूरी उप जिला चिकित्सालय में कोविड जांच की तैयारी तेज कर दी है।

देश में जिस तरह से कोरोना के मामले सामने आए है उसे देखते हुए स्वास्थय विभाग ने अपनी तैयारी शुरु करने का दावा किया है। उप जिला चिकित्सालय में आइसोलेशन वार्ड बनाने और कोरोना जांच की तैयारी भी शुरु कर दी गई है। अस्पताल में कोरोना जांच किट, आइसोलेशन वार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरु कर दी है।

पहाड़ों की रानी मसूरी में दिल्ली, युपी, मुबंई, पंजाब, गुजरात ,हरियाणा सहित देश के विभिन्न कोनों से पर्यटक हर रोज बड़ी संख्या में घूमने आते हैं। इसे देखते हुए उप जिला चिकित्सालय प्रशासन ने कोरोना को लेकर सतर्कता शुरू कर दी है। अस्पताल में कोरोना जांच किट, आइसोलेशन वार्ड बनाने की तैयारी शुरु कर दी है। लेकिन अस्पताल में बंद पड़े ऑक्सीजन प्लांट को लेकर अस्पताल प्रशासन के पास कोई सटीक जवाब नहीं है।

उप जिला चिकित्सालय के प्रभारी सीएमएस डॉ आलोक जैन ने बताया कि अस्पताल में कोरोना टेस्ट करने के लिए किट उपलब्ध होने पर शनिवार से जांच शुरु कर दी जाएगी। कहा कि अस्पताल में कोरोना जांच किट की कमी होगी तो मंगवााई जाएगी। आज शनिवार को अस्पताल में सभी तैयारी को परखा जाएगा। संबंधित को निर्देश दिया गया कि जो भी जांच के लिए किट या उपकरण चाहिए होगें तो उसको सीएमओ कार्यालय में बात करके पूरा किया जाएगा।

## नशा मुक्त कार्यक्रम में युवाओं की कराई जाए भागीदारी

**हरिद्वार, एजेंसी।** जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने जिला समाज कल्याण अधिकारी अभिजीत सिंह को निर्देश दिए है कि नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए जो भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, उन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए,

उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग के सहयोग से अधिक से अधिक स्कूलों में स्लोगन, निबंध, पेंशन, संवाद कार्यक्रम के साथ ही प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। जिसमें नशा से होने वाले बीमारियों के बचाव के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किए जाए। ब्लॉक स्तर पर भी जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, स्कूलों में काउंसलर के माध्यम से बच्चों के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कार्यक्रमों के सफलता के लिए क्रांसकंट्री दौड़, खेल प्रतियोगिताएं का भी आयोजन करने के निर्देश दिए। 14 जून को रेड क्रॉस डे एवं 21 जून को योग दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति अभियान की सफलता के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। समाज कल्याण अधिकारी अभिजीत सिंह ने 01 जून से 26 जून तक आयोजित होने वाले नशा मुक्त भारत अभियान के कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी गई।

## नकली कस्तूरी और शेर के पंजों के नाम पर ठगे जा रहे चारधाम यात्री

**उत्तर काशी, एजेंसी।** डीएफओ डीपी बलूनी का कहना है कि ये लोग नकली सामान बेचते हैं। इस संबंध में समय-समय पर इन लोगों पर कार्रवाई की जाती है।

चारधाम यात्रा के दौरान गंगोत्री से लेकर यमुनोत्री धाम नकली कस्तूरी, शेर के पंजे,



शिलाजीत की जमकर अवैध बिक्री हो रही है, लेकिन वन विभाग और जिला प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इनको बेचने वाले लोग स्वयं को उत्तराखंड और नेपाल का निवासी बताकर चारधाम यात्रियों को गुमराह कर इनकी बिक्री कर रहे हैं।

चारधाम यात्रा शुरू होते ही गंगोत्री सहित जनपद मुख्यालय और यमुनोत्री धाम के आसपास एक बड़े समुदाय की भीड़ एकत्रित हो जाती है। यह मुख्य पार्किंग सहित मंदिरों और मुख्य पड़ावों के आसपास बैठकर नकली कस्तूरी, शेर के पंजे, शिलाजीत, रुद्राक्ष आदि बेचते हैं। इसमें ये लोग कस्तूरी को उच्च हिमालयी क्षेत्रों से लाया हुआ बताते हैं और उस नकली कस्तूरी पर इत्र डालकर यात्रियों को गुमराह करते हैं।

वहीं एक मुखी से लेकर पंचमुखी रुद्राक्ष के नाम पर यात्रियों से धोखाधड़ी की जाती है। स्थानीय निवासी सतेंद्र सेमवाल का कहना है कि ये लोग महाराष्ट्र, हरिद्वार, हैदराबाद आदि जगहों से आकर यहां पर अपने आप को स्थानीय निवासी बताते हैं। वहीं स्यालिक राम और रुद्राक्ष और शिलाजीत आदि का यात्रियों को बताया जाता है कि यह नेपाल से लाया गया है।

इससे प्रदेश और इन दुर्लभ जड़ी-बूटियों, पेड़, जीव जंतुओं की अस्मिता पर सवाल उठ रहे हैं, लेकिन उसके बाद भी प्रशासन और वन विभाग की ओर से इस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं और यात्रियों के साथ इसके नाम पर लूट हो रही है। डीएफओ डीपी बलूनी का कहना है कि ये लोग नकली सामान बेचते हैं। इस संबंध में समय-समय पर इन लोगों पर कार्रवाई की जाती है।

## कब पूरा होगा पेयजल योजना का काम, बूंद-बूंद को तरसे ग्रामीण देंगे धरना

**नैनीताल, एजेंसी।** बेतालघाट ब्लॉक के घंघरेठी गांव के सैकड़ों परिवार डेढ़ करोड़ रुपये की पेयजल योजना से पानी की बूंद टपकने का इंतजार कर रहे हैं। दो वर्ष का लंबा समय बीतने के बावजूद आज तक योजना अस्तित्व में ही नहीं आ सकी है।

ग्राम प्रधान कुंदन नेगी व ग्रामीणों ने योजना का कार्य अधूरा पड़ा होने पर रोष जताया है। जल्द ही गांव में अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी है। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी जल जीवन मिशन योजना बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों में सफेद हाथी बन चुकी है।

करोड़ों रुपये का बजट खर्च होने के बावजूद गांवों के लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। ब्लॉक मुख्यालय से सटे घंघरेठी गांव में भी हालात विकट है। दो वर्ष पूर्व गांव में पानी का सूखा खत्म करने को योजना निर्माण के लिए सरकार ने डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक का बजट उपलब्ध कराया।

उम्मीद थी की ग्रामीणों को समुचित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा तथा पेयजल संकट खत्म होगा पर लंबा समय बीतने के बावजूद आज तक सैकड़ों परिवार बूंद बूंद पानी को तरस रहे



हैं। हालात ऐसे हैं की कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को पेयजल निगम रामनगर करीब चालीस लाख रुपये के आसपास भुगतान भी कर चुका है पर योजना के कार्य अधूरे पड़े हैं। ग्राम प्रधान कुंदन नेगी के अनुसार कई घरों में अब तक कनेक्शन ही नहीं हो सके हैं। पेयजल टैंक सूखे पड़े है। करोड़ों रुपये का बजट उपलब्ध होने के बावजूद वर्तमान में कार्य ठप पड़े हुए हैं। स्थानीय पुष्कर सिंह, राम सिंह, अनुप सिंह, चंपा देवी, गंगा देवी, गणेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, मदन सिंह, भगत सिंह, सोबन सिंह, पीतांबर, लक्ष्मण, रमेश आदि ग्रामीणों ने भी योजना की हालत पर रोष जताया है।

जल्द योजना से लाभान्वित न किए जाने पर गांव में धरना शुरू करने की चेतावनी दी है। पेयजल निगम रामनगर की अधिशासी अभियंता पल्लवी चौधरी के अनुसार दो बार बोरिंग करवाई गई पर पानी उपलब्ध नहीं हो सका है। प्रयास किया जा रहा है की गांव में जल्द आपूर्ति सुचारु हो सके।

## वन नेशन वन इलेक्शन से डबल होगी विकास रफ्तार, बढ़ेगी देश की जीडीपी

**हरिद्वार, एजेंसी।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद परिवार सहित आज अपने दो दिवसीय प्रवास पर हरिद्वार के कनखल स्थित हरिहर आश्रम पहुंचे थे. यहां रामनाथ कोविंद ने जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी का आशीर्वाद लिया. इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने देश के समसामयिक मुद्दों पर अपने विचार रखे. साथ ही उन्होंने वन नेशन वन इलेक्शन पर भी बयान दिया.

वन नेशन वन इलेक्शन पर बोलते हुए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा इससे देश में विकास की रफ्तार डबल होगी. वन नेशन वन इलेक्शन से देश की त्ष्छक्क एक से डेढ़ फीसदी बढ़ेगी. रामनाथ कोविंद ने कहा उन्होंने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर रिपोर्ट सबमिट कर दी है. भारत सरकार ने इसे स्वीकार कर लिया है.



पार्लियामेंट ने इस पर विधेयक बनाया है. अभी ये विधेयक जेपीसी के सामने विचारार्थ है. पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा वन नेशन वन इलेक्शन पर जेपीसी में जो निर्णय आएगा जैसा भी संसद को उचित लगेगा, उस पर काम होगा.

रामनाथ कोविंद ने कहा अभी 3 दिन पहले ही इंटरनेशनल मॉनिटरिंग फंड की रिपोर्ट आई है. जिसमें भारत अब फिफ्थ ट्रिलियन इकोनामी थी वह फोर्थ हो गई है. अर्थात विश्व में हम चौथे नंबर की आर्थिक शक्ति बन गए हैं. हमने जापान को पीछे छोड़ दिया है. अभी केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी हमशे आगे हैं. उन्होंने कहा अगले दो वर्षों में हम तीसरे नंबर पर पहुंच जाएंगे.रामनाथ कोविंद ने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है. उन्होंने कहा यह हमारा सौभाग्य है कि हमें एक ऐसा प्रतिष्ठित और 24 घंटे काम करने वाला नेता मिला है.

ऑपरेशन सिंदूर पर रामनाथ कोविंद ने बयान दिया. रामनाथ कोविंद ने कहा ऑपरेशन सिंदूर हमारी सेनाओं के शौर्य का प्रतीक है. जिसको देश और दुनिया सदियों तक याद रखेग. उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर के जरिये हमने विश्व में एक बहुत बड़ा संदेश दिया है. उन्होंने कहा इस ऑपरेशन को आतंकवाद के खिलाफ हमेशा याद रखा जाएगा.

## खानपुर में ग्रामीण की गोली मारकर हत्या, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**लक्सर, एजेंसी।** खानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव हस्त मौली में बीती रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. अज्ञात हमलावरों ने एक ग्रामीण को गोली मारकर हत्या कर दी. यह वारदात रात करीब ढाई बजे की बताई जा रही है, जब गांव के अधिकांश लोग गहरी नींद में थे. घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों के जल्द गिरफ्तारी की बात कह रही है. मृतक की पहचान गांव हस्त मौली निवासी मलकान उर्फ मल्खराज (उम्र 45 वर्ष) पुत्र महेंद्र के रूप में हुई है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मलकान को दो गोलियां मारी गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. सूचना मिलते ही खानपुर थाना प्रभारी रविंद्र शाह व चौकी प्रभारी समीप पांडे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया. उन्होंने बताया कि रात को करीब तीन बजे सूचना मिली कि गांव हस्त मौली में एक व्यक्ति को गोली मारी गई है. तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मृतक को दो गोलियां लगी हैं, फिलहाल अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. साथ ही पुलिस मामले की जांच कर रही है. जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# सच्चे इरादे हों तो व्यवस्था बदली जा सकती है, एक दिन ऐसा आएगा जब पूरे देश में यही मॉडल लागू होगा : केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली/पंजाब,प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री के मामले में पंजाब हाईटेक हो गया है। भारत में पहली बार पंजाब में बिना देरी व रिश्वतखोरी के प्रॉपर्टी की आसान तरीके से रजिस्ट्री हो पाएगी। इसके लिए सोमवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ मोहाली से ईजी रजिस्ट्री व्यवस्था की शुरूआत की। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज पंजाब में एक ऐतिहासिक दिन है। अब लोग अपने जिले में किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाकर रजिस्ट्री करवा सकते है। तहसील ऑफिस में ही डीड लिखी जाएगी और 48 घंटे के भीतर आपत्ति की जानकारी दी जाएगी। अगर कोई अधिकारी जानबूझकर गलत ऑब्जेक्शन लगाएगा तो उस पर सख़्त कार्रवाई होगी। यह व्यवस्था अभी ट्रायल पर है और 1 अगस्त से पूरे पंजाब में पूरी तरह लागू कर दी जाएगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में रजिस्ट्री का नया सिस्टम शुरू किया जा रहा है, वह पूरे देश में अपनी तरह का पहला और अनूठा कदम है। ऐसा कोई सिस्टम देश के किसी अन्य राज्य में नहीं है और पंजाब इस मामले में अग्रणी बन गया है। यह सिस्टम न केवल पंजाब के लिए बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल बनेगा। इस सिस्टम को लागू करने से पहले हम लोगों ने इसका अवलोकन किया और समझा कि यह कितना क्रांतिकारी है। पहले जब कोई व्यक्ति तहसीलदार के दफ्तर में रजिस्ट्री के लिए जाता था, तो उसे एक बुरे सपने जैसा अनुभव होता था। दफ्तर में प्रवेश करते समय लोग घबराते थे और बाहर निकलते समय तक उनकी स्थिति ऐसी हो जाती थी मानो उन्हें पूरी तरह निचोड़ लिया गया हो। यह व्यवस्था अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही थी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोहाली में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया यह सिस्टम ऐतिहासिक है। यह न केवल पंजाब बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। मोहाली में इसकी शुरुआत के बाद इसे पूरे पंजाब में लागू किया जाएगा, जो अन्य राज्यों के लिए एक सीख बनेगा। पहले जब कोई व्यक्ति तहसीलदार या सब-रजिस्ट्रार के दफ्तर में रजिस्ट्री के लिए जाता था, तो उसे कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सबसे पहले डीड लिखवाने के लिए उसे दलालों के चंगुल में फंसना पड़ता था। जैसे ही व्यक्ति दफ्तर में प्रवेश करता, दलाल उसे घेर लेते और डीड लिखवाने से लेकर तहसीलदार और सब-रजिस्ट्रार के हिस्से तक का एक पैकेज तय कर देते। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि नई व्यवस्था में इन सभी समस्याओं का समाधान किया गया है। अब डीड लिखवाने के लिए किसी बाहरी डीड राइटर के पास जाने की जरूरत नहीं है। सरकार ने इसके लिए वकील, रिटायर्ड तहसीलदार और पटवारी की व्यवस्था की है, जो मात्र 550 रुपये में डीड लिखकर देंगे। यह सिस्टम इतना सरल और पारदर्शी है कि अब जनता को दलालों के चक्कर में नहीं पड़ना पड़ेगा। फीस जमा करने के बाद व्यक्ति को तुरंत मैसेज प्राप्त हो जाएगा कि उसके दस्तावेज जमा हो गए हैं और 48 घंटे के भीतर ऑब्जेक्शन बता दिए जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अब तहसीलदार अनाप-शनाप ऑब्जेक्शन नहीं लगा सकते। सिस्टम में केवल आठ से दस तरह के ऑब्जेक्शन निर्धारित किए गए हैं, जिनमें से ही कोई ऑब्जेक्शन लगाया जा सकता है। हर ऑब्जेक्शन की कॉपी डीसी को भेजी जाएगी, जो यह जांचेगा कि कोई गलत ऑब्जेक्शन तो नहीं लगाया गया। अगर कोई गलत ऑब्जेक्शन लगाया जाता है, तो जनता को एक व्हाट्सएप मैसेज के जरिए डीसी को शिकायत करने का मौका मिलेगा, जिसके बाद संबंधित अधिकारी को निलंबित किया जा सकता है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि नई व्यवस्था में रजिस्ट्री की प्रक्रिया इतनी आसान कर दी गई है कि बायर और सेलर की जानकारी, प्रॉपर्टी का विवरण और फीस जमा करने के बाद निर्धारित तारीख पर दोनों पक्षों को बुलाया जाता है। उनकी फोटो खींची जाती है और डीड सौंप दी जाती है। जिन लोगों का काम पूरा हो चुका था, उनके चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही थी, जो पहले तहसीलदार के दफ्तर से निकलने वाले लोगों के चेहरों पर कभी नहीं दिखती थी। यह बदलाव ह्यआपह्व सरकार की जनहितैषी नीतियों का परिणाम है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पहले व्यक्ति को उसी सब-रजिस्ट्रार या तहसीलदार के पास जाना पड़ता था, जिसके क्षेत्र में उसकी प्रॉपर्टी होती थी, जिससे उनकी मनमानी और गुंडागर्दी बढ़ती थी।

## सत्ता में आने के 100 दिन पूरे होने पर 31 मई को दिल्ली सरकार अपना रिपोर्ट पेश करेगी: रेखा गुप्ता

दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार 31 मई को अपने 100 दिनों का रिपोर्ट कार्ड पेश करेगी, क्योंकि लोगों को उसके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताना सरकार का कर्तव्य है। दिल्ली में 25 वर्षों के बाद भाजपा ने सरकार बनाई है और गुप्ता ने 20 फरवरी को रामलीला मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित एक भव्य समारोह में अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार 100 दिनों में अपने कार्यकाल में लगातार काम कर रही है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, आप सभी ने देखा है कि दिल्ली सरकार 24 घंटे काम करती नजर आ रही है। 30 मई को हमारी सरकार 100 दिन पूरे कर लेगी। हम 31 मई को दिल्ली की जनता के सामने अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे। हम अपने द्वारा किए गए हर काम का ब्योरा देंगे। गुप्ता ने कहा कि यह जनता ही है, जिसने सुनिश्चित किया कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार बने। उन्होंने कहा,दिल्ली की जनता को सूचित करना हमारा कर्तव्य है। हमने अपने 100 दिन के कार्यकाल में जो भी काम किए हैं और जो भी योजनाएं यहां लाई हैं, हम 31 मई को दिल्ली की जनता के सामने उन सभी का विवरण पेश करेंगे। इस साल फरवरी में विधानसभा चुनाव में भाजपा 70 में 48 सीट जीतकर आम आदमी पार्टी के एक दशक पुराने शासन को खत्म करते हुए दिल्ली की सत्ता में आई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में सुबह हल्की बारिश, ऑरेंज अलर्ट जारी

नई दिल्ली,। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह हल्की बारिश हुई और आज के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है जिसमें गरज के साथ बारिश का अनुमान जताया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बारिश की वजह से न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया जो सामान्य से 1.4 डिग्री कम है। आईएमडी का पूवार्नुमान है कि अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास हो सकता है जो इस मौसम के हिसाब से अब भी कम है। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 80 प्रतिशत रहा। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 95 दर्ज किया गया जो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार ह्यसंतोषजनकह्ल श्रेणी में आता है।

### डीडीए फ्लैटों की बुकिंग 27 मई से शुरू

नई दिल्ली,। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की अपना घर आवास योजना 2025 के तहत 7500 फ्लैट खरीदने का मौका है। इस योजना के लिए फ्लैटों की बुकिंग प्रक्रिया डीडीए की वेबसाइट पर आज (मंगलवार) दोपहर 12 बजे से शुरू हो रही है। लोकनायकपुरम, सिरसपुर और नरेला में लोगों को फ्लैट खरीदने का अवसर मिलेगा। फ्लैटों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए डीडीए कॉल सेंटर नंबर 1800110332 पर कॉल कर सकते हैं। इसमें फ्लैट खरीदारों को ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी फ्लैटों को खरीदने का अवसर मिलेगा।

### नशे का आदी लुटेरा गिरफ्तार


नई दिल्ली,। उत्तर पश्चिम जिला के महेन्द्रा पार्क थाना पुलिस ने एक शातिर लुटेरे और ऑटो-लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अनवर क रूप में हुई हैं। वह डी-ब्लॉक, मंगल बाजार रोड भलस्वा डेयरी का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो चोरी के मोबाइल फोन और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। उत्तरपश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार, 24 मई की रात एएसआई सचिन, हेड कांस्टेबल बलराम टीम के साथ आजादपुर मंडी के शेड नंबर-8 के पास गश्त कर रहे थे। तभी एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। टीम ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए उसे घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अनवर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक मोबाइल फोन मिला। आगे की जांच में पता चला कि आरोपित की बाइक भी चोरी की है। बाइक की डिग्गी से एक और चोरी का मोबाइल फोन बरामद हुआ।

### निगम से मच्छरों की रोकथाम के उपाय करने की मांग

नई दिल्ली,। बारिश के मौसम को देखते हुए दिल्ली में विभिन्न स्थानों से लोगों ने नगर निगम से मच्छर जनित बीमारियों को लेकर दवा के छिड़काव की मांग की है। इस संबंध में नागरिकों ने जोन स्तर पर प्रत्येक वार्ड में मच्छर प्रजनन को रोकने के लिए कर्मचारियों द्वारा अतिरिक्त निरीक्षण करने के लिए कहा है। बीते एक महीने के दौरान कई सोसाइटी, कॉलोनी के निवासियों ने निगम के समक्ष डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों को नियंत्रित करने और जलभराव से जुड़ी शिकायतें भी निगम ऐप और हेल्पलाइन नंबर 155305 पर दर्ज की हैं। इस संबंध में निगम अधिकारियों ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों को नियंत्रित करने के लिए सभी तरह के कार्य किए जा रहे हैं।

## दिल्ली में कोरोना ने पकड़ी रफ्तार, एक सप्ताह में मिले 99 नए केस; अन्य राज्यों ने भी बढ़ाई चिंता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोविड-19 के मामलों में बड़ा उछाल आया है। राजधानी में कोरोना के 104 मामले सक्रिय हैं। इनमें से 99 मामले पिछले एक सप्ताह के दौरान बढ़े हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा सक्रिय मामले केरल में हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और दिल्ली का नंबर आता है। केरल में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या 430, महाराष्ट्र में 209 और दिल्ली में 104 हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 19 मई तक 24 सक्रिय मामले थे। लेकिन, एक ही हफ्ते में 99 मामले और बढ़े, जबकि 24 मरीज अब तक रिकवर हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, कई राज्यों में सक्रिय मामले बढ़े हैं, जिनमें केरल (+355), महाराष्ट्र (+153) और दिल्ली (+24) शामिल हैं। इसके अलावा, कुछ जगहों पर मौतों में भी इजाफा हुआ है, जिनमें महाराष्ट्र (+4) और कर्नाटक (+1) शामिल हैं। हालांकि, बहुत से राज्यों में कोई नया मामला या मौत नहीं दर्ज की गई है। इसके अलावा, कोविड-19 से सबसे ज्यादा मरीज महाराष्ट्र में ठीक हुए हैं। महाराष्ट्र में 8,29,849, केरल में 6,84,927 और आंध्र प्रदेश में 2,32,635 में सबसे अधिक मरीजों ने कोरोना को मात दी है। सबसे ज्यादा मौतें (कोरोना की पहली लहर से अब तक) : महाराष्ट्र (1,48,606), तमिलनाडु (38,086) और कर्नाटक (40,412) में हुई हैं। बता दें कि 19 मई के बाद देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस के नए मामले दर्ज किए गए हैं। जिनमें आंध्र प्रदेश में (4), छत्तीसगढ़ में (1), गोवा में (1), गुजरात में (76), हरियाणा में (8), कर्नाटक में (34), मध्य प्रदेश में (2), राजस्थान में (11), तमिलनाडु में (3) और तेलंगाना में (1) मरीज शामिल हैं। इस बीच, दिल्ली में कोविड-19 के मामले 100 के पार पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार स्थिति पर करीबी से नजर बनाए हुए है। सीएम गुप्ता ने कहा, ह्लसभी अस्पतालों को दिशानिर्देश दिए गए हैं और सरकार स्थिति पर नजर रख रही है ह्व उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मामलों से निपटने की पूरी तैयारी कर रखी है। यहां हर तरह की सुविधाएं मौजूद हैं।

## महिलाओं ने कहा, दिल्लीवालों को गुमराह कर सरकार बनाने वाली भाजपा की चार महीने में भी पोल खुल गई

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, दिल्ली में पानी की किल्लत से परेशान महिलाओं को आक्रोश फूट पड़ा और अब वह सड़कों पर उतर कर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। राजेंद्र नगर विधानसभा में महिलाओं ने मटका फोड़ प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आम आदमी पार्टी की महिला विंग की दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सारिका चौधरी ने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है, दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है। दिल्ली के पॉश इलाकों से लेकर गांवों तक में बहुत कम जलापूर्ति हो रही है और पानी बहुत गंदा है। बड़े-बड़े वादे कर दिल्ली की सत्ता में आई भाजपा लोगों को स्वच्छ पानी तक नहीं दे पा रही है। महिलाओं का कहना है कि इससे अच्छा तो केजरीवाल सरकार थी। कम से कम पूरा व साफ पानी और 24 घंटे बिजली तो मिलती थी। आम आदमी पार्टी की महिला विंग की दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सारिका चौधरी ने कहा कि यह मटके इसलिए तोड़े गए हैं कि राजेंद्र नगर विधानसभा समेत पूरी दिल्ली में पीने के पानी की बहुत ज्यादा दिक्कत है। पॉश इलाकों से लेकर गांवों तक पानी की सप्लाई नहीं है। बहुत थोड़ी देर के लिए पानी आता है और फिर चला जाता है। राजेंद्र नगर विधानसभा के नरायणा गांव में बहुत ही खराब गुणवत्ता का पानी सप्लाई किया जा रहा है। पानी बहुत गंदा है, जिसे पी नहीं सकते हैं। ऐसा लगता है कि यह सीवर का पानी है। सारिका चौधरी ने कहा कि हर व्यक्ति के लिए पानी एक मूलभूत सुविधा है। हर व्यक्ति को स्वच्छ पानी प्राप्त करने का लोकतांत्रिक अधिकार है। हर व्यक्ति को साफ पानी मिलना चाहिए। लेकिन दिल्ली की जनता को भाजपा सरकार स्वच्छ पानी तक मुहैया नहीं करा पा रही है। राजेंद्र नगर विधानसभा के नरायणा गांव में पानी को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है। अभी तो भीषण गर्मी शुरू नहीं हुई है। जुलाई अगस्त में पानी का क्या हाल होगा। जुलाई- अगस्त आते-आते तो दिल्ली की जनता और परेशान हो जाएगी। मटका फोड़ प्रदर्शन में शामिल एक महिला ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार बहुत अच्छी थी। आप की सरकार जनता के लिए सारी सुविधाओं की व्यवस्था कर रखी थी। पानी, बिजली, मोहल्ला क्लीनिक सब बहुत अच्छे से चल रहा था। लेकिन अब कुछ भी अच्छा नहीं है। सब बेकार हो गया है। दिल्ली पूरी तरह से ठप हो गई है। एक अन्य महिला ने कहा कि जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार आई है, तब से कई जगहों पर ठीक से पानी नहीं आ रहा है। जहां पानी आ रहा है, वहां बहुत गंदा पानी आ रहा है कि उसे पीने से बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। आप की सरकार में पानी समय से आता था और साफ पानी आता था। एक महिला ने कहा कि आप की सरकार में पानी बहुत साफ आता था, लेकिन भाजपा की सरकार आनेके बाद से पानी बहुत गंदा आ रहा है और सीवर खुले होने की वजह से जगह-जगह सड़क पर पानी भर जाता है। हमें अरविंद केजरीवाल की सरकार की याद आ रही है। केजरीवाल की सरकार दोबारा आनी चाहिए। महिलाओं ने बताया कि दिल्ली में पानी की दिक्कत लगातार बढ़ती जा रही है। अब पानी की दिक्कत इतनी बढ़ गई है कि लोगों का आक्रोश बढ़ गया है। पहले लोगों को बड़े आराम से पानी मिल जाता था। लेकिन अब बहुत कम पानी आता है और सीवर का मिला पानी आता है। हम विधायक के पास जाते हैं,

## अगर जलभराव हुआ तो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी: रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर किसी भी इलाके में जलभराव की सूचना मिली तो संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कोई भी झुग्गी बस्ती तब तक नहीं तोड़ी जाएगी जब तक कि वहां रहने वालों को पक्का घर न दे दिया जाए। गुप्ता ने उत्तरी दिल्ली में अपने निर्वाचन क्षेत्र शालीमार बाग में सीवर, गैस और पानी की पाइपलाइन के उद्घाटन के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले माह अधिकारियों को हर जलभराव बिंदु के लिए जिम्मेदार बनाया गया था और हाल ही में हुई बारिश में मिंटो ब्रिज अंडरपास के जलमग्न होने पर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा,मैं चाहती हूं कि जलभराव बिंदुओं की निगरानी के लिए तैनात अधिकारी अपना काम ठीक से करें, नहीं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। गुप्ता ने ह्यआम आदमी पार्टी पर व्हॉट्सएप के जरिए झुग्गियों को ढहाने के बारे में झूठ फैलाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा,हमने दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के माध्यम से झुग्गियों में नालियों, गलियों, शौचालयों और पार्कों के लिए बजट में 700 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। मैं झुग्गीवासियों से वादा करती हूं कि आपको पक्के घर दिए जाएंगे और तब तक आप अपनी झुग्गियों में सभी सुविधाओं के साथ सुरक्षित रहेंगे।

## ग्लोबल इंडियन ऑफ द ईयर 2025 पुरस्कार से सम्मानित हुए ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। मशहूर भारतीय योगी और ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु को कनाडा इंडिया फाउंडेशन (सीआईएफ) ने ह्यग्लोबल इंडियन ऑफ द ईयर 2025ह्ल पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार उन्हें ह्यकॉन्शियस प्लेनेट मूवमेंटह्ल के जरिए मानव चेतना को बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के उनके योगदान के लिए दिया गया। पुरस्कार समारोह 22 मई 2025 को टोरंटो में संपन्न हुआ। सीआईएफ के अध्यक्ष रितेश मलिक और राष्ट्रीय संयोजक सुनीता व्यास ने यह पुरस्कार दिया। इसके साथ सद्गुरु को 50,000 कनाडाई डॉलर का पुरस्कार भी दिया गया, जिसे उन्होंने ह्यकावेरी कॉलिंगह्ल अभियान को समर्पित कर दिया। यह पहल कावेरी नदी को पुनर्जीवित करने और 8.4 करोड़ लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए है, जिसमें किसानों को 2.42 अरब पेड़ लगाने में मदद की जाती है। रितेश मलिक ने कहा कि सद्गुरु मिट्टी की खराबी, जलवायु परिवर्तन और खाद्य गुणवत्ता जैसी वैश्विक समस्याओं के लिए व्यावहारिक समाधान देते हैं। उनकी शिक्षाएं योग, ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित हैं, जो कनाडा की स्वास्थ्य प्राथमिकताओं से मेल खाती हैं। सीआईएफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्लसद्गुरु का संदेश गहरा है: एक सचेत और करुणामयी मानवता ही आगे का रास्ता है। वहीं, सद्गुरु ने भारतीय समुदाय की कनाडा और भारत के विकास में योगदान की सराहना की और कहा, आपके प्यार और आतिथ्य की बहुत कद्र करता हूं। ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद ह्व बता दें कि कनाडा इंडिया फाउंडेशन एक नीति संस्था है, जो कनाडा-भारत संबंधों को मजबूत करने के लिए काम करती है। ग्लोबल इंडियन अवॉर्ड भारतीय मूल के उन लोगों को दिया जाता है, जो मानवता की सेवा में उत्कृष्टता दिखाते हैं। कॉन्शियस प्लैनेट एक वैश्विक आंदोलन है, जिसे सद्गुरु ने शुरू किया। इसका उद्देश्य व्यक्तिगत और सामूहिक चेतना को पर्यावरण के अनुकूल बनाना है। इसके तहत सॉइल मूवमेंट, रैली फॉर रिवर झ्र कावेरी कॉलिंग, ईशा विद्या, ग्रामीण पुनर्जनन और सॉइल फार्मर्स मूवमेंट जैसे कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जो पर्यावरण, शिक्षा और सामाजिक समस्याओं का समाधान करते हैं।

## नकदी बरामदगी विवाद : न्यायालय ने आंतरिक समिति की रिपोर्ट के लिए आरटीआई याचिका खारिज की

नई दिल्ली,। उच्चतम न्यायालय प्रशासन ने नकदी बरामदगी विवाद में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ जांच समिति की रिपोर्ट सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत मांगने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने मामले की जांच के लिए समिति नियुक्त की थी।


उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए GeM पोर्टल (https://gem.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | GEM/2025/B/6265166, Dated 24.05.2025 |
| कार्य का विवरण | ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती में दो वर्ष की अवधि के लिए विविध गतिविधियों के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | ₹ 47,17,880.56 (GST सहित) |
| बयाना राशि | ₹ 94,360.00 |
| कार्य अवधि | 02 वर्ष |
| निविदा खुलने की तिथि, समय | 14.06.2025, 18:30 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा GeM पोर्टल पर उपलब्ध है जो कि है https://gem.gov.in दिनांक 24.05.2025 से प्रभावी है। |

सं.: 25.8.909.DSL.SSB दिनांक: 26.05.2025 1541/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए GeM पोर्टल (https://gem.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | GEM/2025/B/6265166, Dated 24.05.2025 |
| कार्य का विवरण | ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती में दो वर्ष की अवधि के लिए विविध गतिविधियों के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | ₹ 47,17,880.56 (GST सहित) |
| बयाना राशि | ₹ 94,360.00 |
| कार्य अवधि | 02 वर्ष |
| निविदा खुलने की तिथि, समय | 14.06.2025, 18:30 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा GeM पोर्टल पर उपलब्ध है जो कि है https://gem.gov.in दिनांक 24.05.2025 से प्रभावी है। |

सं.: 25.8.909.DSL.SSB दिनांक: 26.05.2025 1541/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



भारतीय रेल

भारत सरकार

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

सं. 2024/आरएस(ई)/टीएम/2 नई दिल्ली, दिनांक 23.05.2025

शुद्धिपत्र संख्या 4

**विषय** : 41 अदद 'बैलस्ट रेगुलेटिंग मशीन (बीआरएम)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 30.05.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2024–टीएम–2

1. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 30.05.2025 (शुक्रवार) से **02.07.2025 (बुधवार)** बदल दी गई है।
2. निविदा के अन्य सभी नियम और शर्तें सामान रहेंगी।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)

1536/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## दिल्ली: परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली पुलिस ने सरकारी नौकरी की परीक्षा में नकल करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए ग्रेटर कैलाश के एक परीक्षा केंद्र से एक फर्जी अभ्यर्थी, स्कूल के एक शिक्षक, एक कार्यालय अधीक्षक और एक महिला को गिरफ्तार किया है।एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में बताया कि आरोपियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) समिति के तहत ह्यजूनियर सेक्रेटेरिएट अटेंडेंटह्ल पद के लिए परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी को असली आवेदक की जगह बैठाने में कथित तौर पर मदद की। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान फर्जी अभ्यर्थी सुमित दहिया (29), परीक्षा केंद्र के स्कूल में भौतिकी के शिक्षक बिमल कुमार सिंह (59), स्कूल के कार्यालय अधीक्षक बलजीत सिंह (50) और दिल्ली के कंझावला की 40 वर्षीय महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि स्कूल स्टाफ से जुड़ी महिला ने असली अभ्यर्थी अंकुर के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर दहिया को परीक्षा हॉल में प्रवेश दिलाने के लिए उनके साथ कथित तौर पर समन्वय किया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने बयान में बताया, ह्लमामला 18 मई को उस समय प्रकाश में आया, जब ग्रेटर कैलाश थाने की एक टीम को हेमकुंट कॉलोनी के एक निजी स्कूल में नकल करने के प्रयास के बारे में सूचना मिली, जहां सीबीएसई भर्ती परीक्षा आयोजित कर रहा था ह्व अधिकारी ने बताया कि मौके पर पहुंचने के बाद स्कूल के प्राचार्य ने पुलिस को संदिग्ध रूप से की जा रही नकल के बारे में सूचित किया। पुलिस ने बताया कि सत्यापन के बाद पता चला कि दहिया, अंकुर नाम के अभ्यर्थी की जगह परीक्षा में बैठा था और इसके बाद मामला दर्ज किया कर दहिया को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस के मुताबिक, दहिया ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि असली अभ्यर्थी अंकुर की जगह परीक्षा में बैठने के लिए उसे एक बिचौलिए ने छह लाख रुपये देने का वादा किया था। अधिकारी ने बताया, ह्लदहिया ने अपनी एक परिचित महिला से संपर्क किया, जिसका स्कूल स्टाफ से पहले से संबंध था और आरोपी ने उसे परीक्षा हॉल में प्रवेश दिलाने के लिए दो लाख रुपये की पेशकश की। उन्होंने बताया, ह्लइसके बाद महिला ने बिमल कुमार सिंह और बलजीत सिंह से संपर्क किया और साजिश में मदद करने के लिए उन्हें 50-50 हजार रुपये दिए। पुलिस ने बताया कि महिला ओपन स्कूल की परीक्षा में छात्रों को प्रवेश दिलाने में मदद करने के लिए जानी जाती है और उसके स्कूल प्रबंधन से पहले से ही संबंध थे। पुलिस के मुताबिक, महिला ने फर्जी अभ्यर्थी को स्कूल के लोगों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने बताया कि दहिया के खुलासे के आधार पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, असली अभ्यर्थी अंकुर और सौदा तय करने वाले बिचौलिए को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला दहिया 12वीं पास है और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। पुलिस के मुताबिक, सीबीएसई ने हेमकुंट कॉलोनी में स्थित, जिस स्कूल को भर्ती अभियान के परीक्षा केंद्र के रूप में नामित किया था, वह एक निजी संस्थान है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## 12 घंटे तक की देरी से चल रही ट्रेनें, यात्री परेशान




नई दिल्ली। पूर्व दिशा के साथ ही दक्षिण दिशा की कई ट्रेनें सोमवार को काफी विलंब से चल रही हैं। देरी से दिल्ली पहुचंने के कारण कई ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव करना पड़ा है। नई दिल्ली-दरभंगा हमसफर विशेष (02570) 5.55 घंटे की देरी से रवाना होगी। नई दिल्ली-दरभंगा बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस1.55 घंटे और आनंद विहार टर्मिनल-अयोध्या कैंट विशेष (04214) एक घंटे के विलंब से चलेगी। कुछ और ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव होने की संभावना है। लंबी दूरी की ट्रेनों के साथ ही कई लोकल ट्रेनें भी लगभग आधे घंटे के विलंब से चल रही हैं जिससे सुबह कार्यालय जाने वालों को परेशानी हो रही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran

www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, मंगलवार, 27 मई, 2025

# वित्तीय सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाएं स्वायत्तता प्राप्त कर सकती हैं : वूमेन लीडरशिप सीरीज में दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता के लिए उनके वित्तीय सशक्तिकरण पर जोर दिया है। वुमेन लीडरशिप सीरीज के पहले व्याख्यान पहुंच से स्वायत्तता तक महिला नेतृत्व पर वित्तीय स्वतंत्रता का प्रभाव में उन्होंने कहा,महिलाओं का आर्थिक रूप से मजबूत होना बहुत जरूरी है। जब महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानकर आगे बढ़ती हैं और आर्थिक रूप से सक्षम बनती हैं, तभी वे स्वयं निर्णय लेने में समर्थ होती हैं और नेतृत्व की भूमिका निभा सकती हैं। इस कार्यक्रम में यूनिसेफ की संस्था युवाह की प्रमुख जॉर्जिया वारिस्को और ग्लोबल वुमन फाउंडेशन की वैष्णवी जैन ने भी हिस्सा लिया। यह व्याख्यान ग्लोबल वुमन फाउंडेशन द्वारा ओ. पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी और सेंटर फॉर एडवांसिंग रिसर्च इन मैनेजमेंट एंड लॉ (सीएआरएमएल) के साथ मिलकर आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, हमने अतीत में देखा है कि सत्ता अक्सर परिवार में मुख्य कमाने वाले से जुड़ी होती थी, और यह भूमिका ज्यादातर पुरुषों की होती थी। महिलाएं उन पर निर्भर रहती थीं। आज का यह संवाद महिलाओं को एक नया रास्ता दिखाने के लिए है। एक लीडर के तौर पर मेरा कर्तव्य है कि मुझे राज्य की महिलाओं को इस दिशा में प्रोत्साहित करना चाहिए और उनके संकल्प को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा हमारे देश में समाज सुधारकों ने महिलाओं के हक में आवाज उठाई है। हमने बालिका हत्या, विधवा पुनर्विवाह के विरोध और महिलाओं की शिक्षा जैसे मुद्दों से जूझते हुए धीरे-धीरे समाज की सोच बदली है। हमने लड़कियों को विकास, प्रगति और उन्नति की ओर बढ़ावा देने के उद्देश्य का समर्थन किया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन यह सब आसानी से नहीं हुआ। सामाजिक और सांस्कृतिक मानसिकता को बदलने में समय लगा है। हमें अभी भी मिलकर उन रुकावटों को हटाना है जो महिलाओं की तरक्की में बाधा हैं। ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) और ग्लोबल वुमेन फाउंडेशन ने महिलाओं के लिए अकादमिक सहयोग, शोध और नेतृत्व के अवसरों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के अंतर्गत शोध कार्यों का आदान-प्रदान, परियोजनाओं पर मिलकर काम, लाइव प्रोजेक्ट्स को सुविधाजनक बनाने, छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर, और संयुक्त रूप से कॉन्फ्रेंस, कार्यशालाएं व सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। जेजीयू यूनिवर्सिटी अपनी पढ़ाई को दुनिया भर में पहुंचाने की क्षमता और ग्लोबल वुमेन फाउंडेशन की महिलाओं को सशक्त बनाने की कोशिश को मिलाकर, यह साझेदारी एक ऐसा मंच बनाएगी जहां नई सोच को बढ़ावा मिलेगा, नेतृत्व का प्रशिक्षण दिया जाएगा और अलग-अलग क्षेत्रों के लोग आपस में बातचीत कर सकेंगे। इस साझेदारी में कई बड़ी कॉन्फ्रेंस और सेमिनार भी आयोजित किए जाएंगे। इनमें बड़े-बड़े विचारक, नीति-निर्माता और उद्योग विशेषज्ञ एक साथ आकर जरूरी मुद्दों पर चर्चा करेंगे और बेहतरीन तरीकों को साझा करेंगे। वर्कशॉप और लीडरशिप से जुड़ी कार्यक्रम महिलाओं की अगली पीढ़ी को नेतृत्व के लिए तैयार करने के लिए लगातार अवसर देंगे और उन्हें आगे बढ़ने में मदद करेंगे। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के लिए नेतृत्व प्रशिक्षण, नवाचार और विभिन्न क्षेत्रों में संवाद का एक सशक्त मंच तैयार करना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति प्रो. (डॉ.) सी. राजकुमार ने कहा जब हम आर्थिक स्वतंत्रता और महिला नेतृत्व के प्रभाव की बात करते हैं, तो हमारी मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता स्वयं इस सोच की प्रतीक हैं। किसी भी समतामूलक और समावेशी समाज की नींव महिलाओं के अधिकार और उन्हें सशक्त बनाने के प्रयासों पर टिकी होती है। उन्होंने कहा, हमने महिलाओं से जुड़े कई अहम कानूनों को बनते और लागू होते देखा है, जिसमें 1976 का समान पारिश्रमिक अधिनियम, 2005 का हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, जो बेटियों के लिए समान उत्तराधिकार अधिकारों की वकालत करता है; 2017 का मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम; और निश्चित रूप से 2013 का कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम शामिल है।

# तिरंगा यात्रा निकाल कर सेना के पराक्रम और शौर्य को किया सलाम



प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा। मदनगीर मंडल अंबेडकर नगर में ऑपरेशन सिंदूर के निमित भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम को नमन करते हुए भारतीय सेना के सम्मान में ह्रतिरंगा यात्राह्नआयोजित की गई जिसमें दक्षिणी दिल्ली के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने शामिल होकर सभी को संबोधित किया तथा माँ भारती के वीर सपूतों को नमन किया।ऑपरेशन सिंदूर हमारे वीर सैनिकों की अदम्य शौर्य गाथा और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की राष्ट्र सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है यह तिरंगा यात्रा न केवल देशभक्ति का उत्सव है। बल्कि हर भारतवासी के हृदय में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को सुदृढ़ करती है। इस तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में मेरे सभी साथियों, संस्थाओं, सामाजिक संगठन, आरडब्ल्यूए, धार्मिक संगठन आदि ने सहयोग किया। तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों ने सभी तरह के आपसी मतभेद एवं भेदभाव को भूलकर सेना के शौर्य एवं पराक्रम को सलाम किया। वहीं यह भी साबित किया कि भारत की जनता राष्ट्रीय एकता अखंडता के लिए हमेशा मर मिटने को तैयार है। भारत की सेना विश्व की सबसे काबिल एवं ताकतवर सेना है जो दुश्मनों के किसी भी नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब देने की ताकत रखती है। आतंकवाद के खिलाफ सेना की कार्रवाई से पूरे देश में उत्साह एवं खुशी की लहर है, इसी के तहत मदनगीर मंडल में भी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं अन्य गैर सरकारी संगठनों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से ऋण प्राप्त कर रोजगार स्थापित कर रहे युवा



प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से 05 लाख रू0 का ऋण प्राप्त कर युवाओं ने स्वयं अपना रोजगार स्थापित कर स्वावलम्बी बनकर सफलता की कहानी बताई और मा0 मुख्यमंत्री जी का आभार जताया। इन लाभार्थियों में श्री तहजीबुल हसन निवासी ग्राम टिकिया, जनपद अमरोहा ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत रू0 500000.00 (रुपए पांच लाख मात्र) सर्फ मैन्युफैक्चरिंग हेतु ऋण प्राप्त किया तथा अपने सर्फ मैन्युफैक्चरिंग का सुचारू रूप से संचालन कर रहे हैं और त साथ में दो लोगो को रोजगार भी दिया है। इसी प्रकार सतपाल सिंह ग्राम भानपुर, जनपद अमरोहा ने उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत रू0 150000.00 (रुपए एक लाख पचास हजार रुपए मात्र) ए-रिक्शा हेतु ऋण प्राप्त किया तथा अपने इकाई का सुचारू रूप से संचालन कर रहे हैं। सभी लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उत्तर प्रदेश शासन की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है, हर युवा इस योजना से जुड़कर लाभ उठाए और आगे बढ़े।

## तालाब में डूबी गाय को बचाने के लिए देवदूत बनकर पहुंचे ग्राम प्रधान

प्रात: किरण संवाददाता

मंडी धनौरा। सोमवार को तहसील क्षेत्र के गांव केसरा में तालाब के किनारे घास चरते समय एक गाय गहरे पानी में चली गई। तालाब गहरा होने के कारण गाय डूबने लगी। किसी ग्रामीण ने गाय को डूबते देखा तो उसने शोर मचा दिया। जिससे मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। वहीं सूचना मिलने पर ग्राम पंचायत केसरा के ग्राम प्रधान रुद्र देवदूत बनकर गाय को बचाने के लिए पहुंच गए। जिन्होंने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद तालाब में डूबी गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं ग्राम प्रधान द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की ग्रामीण सराहना कर रहे हैं।

# कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रमों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। राज्य मंत्री, वन पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन/ प्रभारी मंत्री के0पी0 मलिक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमो का लोकार्पण/ शिलान्यास सम्बन्धी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा जनपद अमरोहा के कंपोजिट विद्यालय माननीय मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल शेखूपुर झकरी विकासखंड हसनपुर बाल वाटिका से कक्षा बारह, व मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय सकतपुर विकासखंड हसनपुर बाल वाटिका से कक्षा आठ का लोकार्पण किया गया। जनपद अमरोहा में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री,शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों, विधायक महेंद्र सिंह खडकवंशी ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से दिए गए संबोधन का लाइव प्रसारण भी बड़ी संख्या में उपस्थित अधिकारियों जनप्रतिनिधियों और बेसिक शिक्षा के अध्यापक गणों की उपस्थिति में सुना गया। तत्पश्चात मंत्री जी, शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों, विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी की उपस्थिति में बेसिक शिक्षा विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक जिन्होंने स्मार्ट क्लास समर कैंप निपुण विद्यालय बनाने और शिक्षा की गुणवत्ता सुधार करने में योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जनपद ने उत्तरोत्तर विकास किया है 2017 से यदि आज की स्थिति को देखा जाए तो अनेक प्रकार के परिवर्तन शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए। कहा की आज जनपद के दो विद्यालयों का लोकार्पण माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया है यह अवश्य ही शिक्षा के लिए लाभकारी होगा। कहा कि यह सब होने के बावजूद भी हमें यह ध्यान देना है कि किस प्रकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारी जाए।इसमें आप सब की बहुत बड़ी भूमिका होगी की योगदान देकर शिक्षा व्यवस्था को सुधार करना होगा। कहा समाज को ज्ञान और शिक्षा की जरूरत है वह सब आपके द्वारा ही किया जा सकता है आप सब पूरी तन्मयता ईमानदारी के साथ आगे आए और शिक्षा व्यवस्था को सुधार कर विद्यालयों को संवारने सजाने के लिए कार्य करें। कहा कि आप सब को अपनी सोच को बदलना चाहिए साथ ही अच्छी मेहनत करके अभिभावकों की भी सोच को परिवर्तित करना होगा ताकि वह प्राइवेट विद्यालयों में बच्चों को ना भेज कर सरकारी विद्यालयों में बच्चों को भेजे इसके लिए आपको अभियान चलाने की जरूरत है। शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों ने कहा की शिक्षा में बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है बहुत बड़ा बजट सरकार द्वारा शिक्षा के लिए खर्च किया जा रहा है। 2017 के बाद विद्यालयों के कायाकल्प का जो कार्य कराया गया है वह अद्वितीय है। बात यह है कि आप सबको विद्यालय के प्रति लोगों की जो धारणा है समाज की धारणा है उसको बदलना होगा।आज एक करोड़ 92 लाख बच्चे प्राथमिक विद्यालय में पढ़ रहे हैं आप सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि पठन-पाठन को ठीक कर बच्चों के भविष्य को उज्जवल करें।सकारात्मक सोच के साथ और एक अच्छी भावना के साथ कार्य करें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व बृजेश त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर मोनिका, जिला समाज कल्याण अधिकारी संबंधित अधिकारी भारतीय जनता पार्टी से राकेश, वर्मा हिमांशु ब्लॉक प्रमुख हसनपुर सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## पुलिस लाईन में फैमिली प्लानिंग कार्यक्रम का आयोजन

अमरोहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सतपाल सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस लाइन में आयोजित फैमिली प्लानिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की टीम द्वारा प्रतिसार निरीक्षक, पुलिस लाइन की मौजूदगी में प्रतिभाग किया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की टीम द्वारा पुलिस विभाग में कार्यरत महिला पुलिस कर्मियों को फैमिली प्लानिंग के सम्बंध में जागरूकता प्रदान की गयी।इस अवसर पर डॉ अफसा जैदी, आयुष महिला चिकित्सा अधिकारी, पीपीसी अमरोहा, वसीम अहमद, सहायक शोध अधिकारी अमरोहा, सरिता कन्नौजिया, फैमिली प्लानिग एण्ड लोजिस्टिक मैनेजर अमरोहा, अनीता देवी, फैमिली प्लानिंग काउंसलर, सामु० स्वा०केन्द्र अमरोहा, घनश्याम, प्रतिसार निरीक्षक, पुलिस लाइन अमरोहा सहित पुलिस कर्मी पुलिस लाइन उपस्थित रहे।

# लूट की घटना में पुलिस की त्वरित कार्यवाही से पकडे गए बदमाश



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तर पूर्वी दिल्ली : दिल्ली के जाफराबाद थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से लूटी गई रकम और वारदात में इस्तेमाल पिस्तौल बरामद की गई है। घटना का विवरण 22 मई 2025 की रात लगभग 11:00 बजे, शिकायतकर्ता कलाम आजम अपने घर के बाहर मोबाइल पर वीडियो देख रहे थे। तभी तीन अज्ञात युवक उनके पास पहुंचे और उनका मोबाइल फोन छीनने की कोशिश की। जब वह मोबाइल छीनने में असफल रहे तो उनमें से एक युवक ने पिस्तौल निकाल कर शिकायतकर्ता के पैर के पास फायर किया। इसी दौरान दूसरे आरोपी ने शिकायतकर्ता की जेब से 1,700 नकद छीन लिए और शिकायतकर्ता के शोर मचाने पर तीनों आरोपी भाग गए। आरोपियों की गिरफ्तारी मामले की जांच के दौरान पुलिस ने विभिन्न स्त्रोतों से जुटाई जानकारी और साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान आरिफ उर्फ पाल, फैजान उर्फ साहिल और अनस उर्फ अयान के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल पिस्तौल मय एक जिंदा कारतूस और लूटी गई रकम के 680 बरामद किए गए हैं। आरोपियों का आपराधिक इतिहास आरिफ उर्फ पालः चोरी और शस्त्र अधिनियम के 2 मामलों में संलिप्त। फैजान उर्फ साहिलः विभिन्न थानों में लूट, छिना झपटी और चोरी के 19 आपराधिक मामलों में संलिप्त। अनस उर्फ अयानः छीना झपटी, चोरी और शस्त्र अधिनियम के 7 मामलों में संलिप्त। आगे की जांच आरोपियों द्वारा अपराध में इस्तेमाल पिस्तौल के स्त्रोत और आरोपियों की अन्य मामलों में संलिप्तता का पता लगाने के लिए मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस टीम ने इस मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है.

# वट सावित्री अमावस्या पर शाहदरा, मेरठ और मुजफ्फरनगर में महिलाओं ने की पूजा, पतियों की लंबी आयु की कामना

प्रात: किरण मनोज जैन



आज 26 मई 2025 को वट सावित्री अमावस्या के पावन अवसर पर शाहदरा, मेरठ और मुजफ्फरनगर सहित समस्त पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विवाहित महिलाओं ने अपने पतियों की दीघार्यु और सुख-समृद्धि की कामना के लिए पारंपरिक विधि से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर मंदिरों और वट वृक्षों के समीप एकत्रित हुईं, जहाँ उन्होंने व्रत रखकर पूजा संपन्न की। इस अवसर पर महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए पवित्र धागा बांधा और सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण किया। शाहदरा के प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जहाँ महिलाओं ने विधिपूर्वक व्रत का पालन किया। मेरठ और मुजफ्फरनगर के विभिन्न क्षेत्रों में भी महिलाओं ने सामूहिक रूप से वट वृक्ष की पूजा की और अपने पतियों की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा और पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए पूजा संपन्न की। स्थानीय मंदिरों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहाँ महिलाओं ने भजन-कीर्तन में भाग लिया और धार्मिक वातावरण का अनुभव किया। वट सावित्री व्रत का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत गहरा है। इस व्रत के माध्यम से महिलाएं अपने पतियों की लंबी उम्र और वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। सावित्री और सत्यवान की कथा इस व्रत का आधार है, जिसमें सावित्री ने अपने तप और भक्ति से यमराज से अपने पति के प्राण वापस लिए थे। इस कथा के माध्यम से महिलाओं को धैर्य, समर्पण और दृढ़ संकल्प की प्रेरणा मिलती है। आज के दिन महिलाओं ने इस व्रत को पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया, जिससे समाज में पारिवारिक मूल्यों और सांस्कृतिक परंपराओं की महत्ता और भी बढ़ी है।

# मेहनती और कर्मठ अध्यक्ष हमारे जिले को मिला है: डॉ सतीश गर्ग



नई दिल्ली :डॉक्टर यूके चौधरी को उत्तर पूर्वी दिल्ली जिला भाजपा के नए अध्यक्ष के रूप में बधाई देने वालों में हेल्पिंग हैंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर सतीश गर्ग ने डॉक्टर चौधरी को उनके कार्यालय में जाकर शुभकामनाएं दीं और उनका स्वागत किया। इस दौरान डॉक्टर गर्ग ने कामना की कि डॉक्टर चौधरी के नेतृत्व में जिला और भाजपा पार्टी अच्छे कार्यों की ओर बढ़ेगी और विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। इसके अलावा, गौतमपुरी भाजपा मंडल अध्यक्ष ज्योति फलोरिया ने भी डॉक्टर यूके चौधरी को बधाई दी। ये बधाइयाँ इस बात का संकेत हैं कि डॉक्टर चौधरी के नेतृत्व में उत्तर पूर्वी दिल्ली जिला भाजपा को मजबूती मिलेगी

# पंचायत प्रतिनिधि जिला सम्मेलन मे शामिल हुए जिलापंचायत अध्यक्ष और प्रभारी मंत्री

### जनसेवा पथ पर लोकमाता के चरणचिन्हों का अनुसरण ही हमारा संकल्प है: प्रभारी मंत्री



प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा/गजरौला।जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने द ग्रैंड प्लाजा होटल गजरौला में त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत आयोजित ह्रपंचायत प्रतिनिधि जिला सम्मेलनह्न में पूज्य लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती के अवसर पर राज्य मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री के.पी. मलिक के सान्निध्य में पूज्य अहिल्याबाई जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों को संबोधित किया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी केवल एक सफल शासिका नहीं, अपितु धर्म, नीति, न्याय, सदाचार और जनकल्याण की मूर्त प्रतिमा थीं। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, रामेश्वरम, मथुरा-वृंदावन, जैसे भारत के अनेक पवित्र तीर्थों का पुनर्निर्माण कराया। उनकी शासन-व्यवस्था में नारी गरिमा, धार्मिक सहिष्णुता और सामाजिक न्याय सर्वोपरि थे। उनके आदर्श आज भी हम जनप्रतिनिधियों को प्रेरणा देते हैं कि जनसेवा ही सच्चा धर्म है। जनसेवा के इस पावन पथ पर सभी का सहयोग और मार्गदर्शन सदैव अपेक्षित एवं स्वागतयोग्य है। जनसेवा पथ पर लोकमाता के चरणचिन्हों का अनुसरण ही हमारा संकल्प है। सेवा, सादगी और संकल्प की मूर्ति थर्थी लोकमाता अहिल्याबाई। इस विशेष अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी, विधायक राजीव तरारा, ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर एवं समस्त जिला पंचायत सदस्यगण, भाजपा के जिला एवं मंडल पदाधिकारीगण विभिन्न विकास खंडों के माननीय प्रधानगण, बीडीसी सदस्यगण, एएमए, डीपीआरओ सहित जनपद के सभी सम्माननीय जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिकगण सादर उपस्थित रहे।

# NIA के हिरासत में सीआरपीएफ जवान, पाकिस्तान से जुड़ा था तार; कोर्ट ने लिया बड़ा एक्शन

नई दिल्ली। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों को गोपनीय सुरक्षा जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार सीआरपीएफ जवान को अदालत ने 15 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया है। पटियाला हाउस के विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने इस मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा बेहद गंभीर अपराध बताया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल देश की रक्षा की नींव हैं। इसमें सेंध लगाना देशद्रोह है। यह देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और इसकी गहन जांच होनी चाहिए। कोर्ट में सुनवाई बंद कमरे में (बंद कमरे में) हुई। एनआईए सूत्रों के मुताबिक जज ने टिप्पणी की कि जवान की हरकतें न सिर्फ राष्ट्र की सुरक्षा के लिए बल्कि भारत आने वाले विदेशी नागरिकों और देशवासियों की जान के लिए भी खतरा पैदा कर सकती हैं। कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ यूएपीए की धारा 15 (आतंकवादी कृत्य), 16 (आतंकवादी हमले की सजा) और 18 (साजिश) के तहत मामला दर्ज करने को सही ठहराया और कहा कि ऐसे अपराधों की जांच में हर पहलू की जांच जरूरी है। जज ने कहा कि यह सिर्फ एक व्यक्ति का अपराध नहीं है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर सीधा हमला है। आरोपी जवान की कोर्ट में अगली पेशी अब छह जून को होगी। यह गिरफ्तारी 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की गई जांच का हिस्सा है, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। 17 मई को सीआरपीएफ अधिकारियों को जवान की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी, जिसके बाद उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। 21 मई को उसे एनआईए ने औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया था। जांच में पता चला कि जवान ने भारतीय सुरक्षा बलों और सैन्य ठिकानों की गतिविधियों से जुड़ी संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी एजेंटों को दी थीं।

# दीपक गाबा की शाहदरा जिला भाजपा अध्यक्ष पद पर नियुक्ति से औद्योगिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में उत्साह की लहर

प्रात: किरण .मनोज जैन



भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पार्टी के वरिष्ठ एवं अनुभवी कार्यकर्ता श्री दीपक गाबा को शाहदरा जिला भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच, बल्कि पूरे शाहदरा और पूर्वी दिल्ली के सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक और विशेषकर औद्योगिक क्षेत्रों में हर्ष और उत्साह का विषय बन गई है। श्री गाबा लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं, जिनका राजनीतिक जीवन समर्पण, अनुशासन और निरंतर जनसेवा के मूल्यों से ओतप्रोत रहा है। उनका मिलनसार स्वभाव और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद बनाए रखने की शैली ने उन्हें एक लोकप्रिय और विश्वासपात्र नेता के रूप में स्थापित किया है। भाजपा नेतृत्व द्वारा लिया गया यह निर्णय, संगठनात्मक दृष्टिकोण से निःसंदेह दूरदर्शी और प्रेरणादायी माना जा रहा है। श्री दीपक गाबा न केवल एक समर्पित राजनेता हैं, बल्कि एक कर्मठ उद्यमी भी हैं, जिन्होंने वर्षों तक शाहदरा एवं पूर्वी दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े रहकर व्यापारिक समस्याओं और जमीनी हकीकतों को नजदीक से समझा है। उन्होंने उद्यमियों की आवाज को बार-बार शासन-प्रशासन तक पहुँचाया और व्यावसायिक माहौल को सरल एवं प्रगतिशील बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए। उनकी नियुक्ति पर फ्रेंड्स कॉलोनी इंडस्ट्रियलिस्ट एसोसिएशन, झिलमिल फ्रेंड्स कॉलोनी सीईटीपी सोसाइटी, ईस्ट दिल्ली मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, दिल्ली मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन और पटपड़गंज एफ.आई.ई. एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन सहित अनेक औद्योगिक संगठनों ने सामूहिक रूप से हर्ष व्यक्त किया है और आशा जताई है कि श्री गाबा के नेतृत्व में उद्यमियों और उद्योग जगत की समस्याएं पहले से अधिक प्रभावशाली ढंग से हल होंगी। भाजपा शाहदरा जिला के मीडिया प्रभारी विनीत जैन द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य में बताया गया कि श्री गाबा की नियुक्ति से युवाओं, समाजसेवियों और पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। भाजपा के जिला प्रभारी डॉ. अनिल गुप्ता ने भी विश्वास जताया कि गाबा जी का नेतृत्व संगठन को नई दिशा देगा, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और संगठित करने में सहायक होगा, तथा जनसंपर्क को मजबूत बनाएगा। श्री गाबा के नेतृत्व में पार्टी न केवल चुनावी मजबूती प्राप्त करेगी, बल्कि समाज के सभी वर्गों—विशेषकर व्यापारी, उद्यमी, युवा और बुद्धिजीवी वर्ग—को साथ लेकर चलने का संकल्प और सामर्थ्य भी प्रदर्शित करेगी। उनकी सोच, उनकी सादगी और सामाजिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता ने उन्हें वह व्यक्तित्व दिया है, जो संगठनात्मक नेतृत्व के लिए न केवल उपयुक्त, बल्कि आवश्यक बन जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### राइजिंग वर्ल्ड स्कूल का उद्घाटन जिला पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने किया

बरियारपुर (मुंगेर)। राइजिंग वर्ल्ड स्कूल के उद्घाटन मुंगेर के जिलाधिकारी अविनीश कुमार सिह के करकमलों द्वारा किया गया।इस अवसर पर उन्होंने कहा बरियारपुर अंचल के भोगोलिक स्थिति पर दो पंचायत गंगा नदी के पार दियारा जो खगड़िया जिला के सन्नीकट रहते हुए भी बरियारपुर अंचल के गाइड मे पड़ती है।जिससे हमारे हाथ बंध जाती है।उसी अंचल के मध्य ब्रह्मस्थान गांव मे ब्यवस्थीत एक बिद्यालय जो प्रथम वर्ग से पंचम वर्ग के लिए संचालीत किया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित अभिभावकों, बच्चों, के साथ साथ शिक्षा प्रेमीयों से आग्रह है कि आप अपने बच्चों के बीच संस्कार ग्रहण करने के लिए इस विद्यालय को अवसर प्रदान करने का अवसर दे यह विद्यालय आपके द्वारा संचालित किया जा रहा है।इस विधालय के प्रार्चाय सुजाता सिह के आर्देश पर चलकर आपके बच्चे संस्कार प्राप्त कर सकते है।यह बिद्यालय को आप एक अवसर प्रदान करते है तो अवस्य आपके बच्चों के संस्कार बन सकते है।

# रेल संघर्ष समिति ने उपवास कर जताया विरोध मुरलीगंज स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की मांग हुई तेज

## 19 सूत्री मांगों को लेकर लगातार दूसरे दिन भी चला आंदोलन, स्टेशन अधीक्षक को सौंपा गया मांग पत्र




प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा जिले के मुरलीगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को लेकर रेल संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने रविवार को उपवास कर विरोध प्रदर्शन किया। यह उपवास आंदोलन समिति की 19 सूत्री मांगों के समर्थन में किया गया, जो लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलन में राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी और आम नागरिकों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। करीब 11 बजे से रेलवे स्टेशन परिसर में धरना शुरू हुआ, जिसमें संघर्ष समिति के सदस्य और अन्य लोग उपवास पर बैठे। दोपहर 2 बजे के आसपास स्टेशन अधीक्षक मौके पर पहुंचे और संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों से बातचीत कर उपवास समाप्त करवाया। इस दौरान समिति की ओर से एक 19 सूत्री मांग पत्र भी स्टेशन अधीक्षक को सौंपा गया। इस सामूहिक उपवास में संघर्ष समिति के संरक्षक दिनेश मिश्रा, सचिव विकास आनंद, संयोजक विजय यादव, सह संयोजक श्याम आनंद समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे। धरना में राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मनोज यादव, जनसुराज पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपनारायण जी, उपाध्यक्ष सह भावी प्रत्याशी मधेपुरा गजेंद्र कुमार यादव, चुनाव प्रभारी रंजीत कुमार, जन सुराज के नेता भावी प्रत्याशी बिहारीगंज आलोक कुमार, प्रकाश कुमार भगत, रवि कुमार रंजन, सुनील कुमार सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे। राजद नेता मनोज यादव ने कहा, दो दिनों से शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। यदि विभाग ने हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया तो हम सामूहिक आत्मदाह जैसे कठोर कदम उठाने को बाध्य होंगे। विभाग को अब नींद से जागना होगा। धरना और उपवास को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत रेलवे पुलिस पदाधिकारियों को तैनात किया था। हालाँकि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा।

जनसुराज पार्टी मधेपुरा के मुख्य चुनाव प्रभारी रंजीत कुमार ने कहा अगर संघर्ष समिति की प्रमुख मांगे नहीं मांगी जाती है, तो हमलोग उनके साथ कदम से कदम मिलकर चलेंगे। संघर्ष समिति की मांगों में स्टेशन पर शौचालय, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, ट्रेन ठहराव, टिकट बुकिंग सुविधा, महिला प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म शेड, सकुर्लेटिंग एरिया की मरम्मत जैसी यात्रियों से जुड़ी बुनियादी सुविधाएँ शामिल हैं। जनसुराज पार्टी के उपाध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने कहा।विभाग सोई हुई नींद में उससे जग कर मुरलीगंज स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाने की दिशा में जल्द कार्य शुरू करवाएं। सामूहिक उपवास में रेल संघर्ष समिति के संरक्षक दिनेश मिश्रा, सचिव विकास आनंद, संयोजक विजय यादव, सह संयोजक श्याम आनंद, मनोज यादव, प्रशांत यादव, उदय चौधरी, सूरज जायसवाल, सुजीत कुमार शास्त्री, रवि भगत, दिलीप यादव, राहुल यादव, उमेश यादव, मो. अफरोज अहमद, पवन यादव सम्मिलित रहे।

# लखीसराय के निवर्तमान एसडीओ चंदन कुमार को दी गई विदाई

## एसडीओ प्रभाकर कुमार ने संभाला कार्यभार




प्रात: किरण संवाददाता

लखीसराय !लखीसराय सदर अनुमंडल के निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार का स्थानांतरण के बाद नए अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में प्रभाकर कुमार ने आज कार्यभार संभाला! नि वर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार ने नए अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार को बुके भेंट कर स्वागत किया !पदभार संभालने के बाद नए अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने कहा कि विधि- व्यवस्था के संधारण और आम जनमानस के कार्यों को पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करुंगा! उन्होंने कहा कि जनता-जनार्दन के समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहूंगा !इस बीच नि वर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार का अनुमंडल कार्यालय के कर्मियों एवं समाजसेवियों ने फूल माला,बुके तथा अंगवस्त्र भेंट कर विदाई सह सम्मानित किया !वहीं नि वर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी(एसडीओ) चंदन कुमार ने कहा कि लखीसराय की जनता ने उन्हें भरपूर सहयोग दिया यही वजह है उनके कार्यकाल में शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराए गए !उन्होंने कहा कि लखीसराय की धरती धार्मिक के आलावा पर्यटन के क्षेत्र में काफी अहम है !वे लखीसराय के लोगों से मिले सहयोग और प्यार को कभी नहीं भूलेंगे !

# भाकपा का आलमनगर अंचल सम्मेलन संपन्न, बिंदेश्वरी यादव अंचल मंत्री हुए निर्वाचित



प्रात: किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का आलमनगर अंचल सम्मेलन माध्यमिक विद्यालय बजराहा में कई सांगठनिक एवं राजनीतिक निर्णयों के साथ संपन्न हुई। पार्टी के वरीय नेता कामरेड उमेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए भाकपा के राज्य परिषद सदस्य शैलेंद्र कुमार ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अमेरिकी साम्राज्यवाद के सामने घुटना टेक चुकी है। उन्होंने कहलगांव आतंकी घटना के बाद भारत के सैन्य बल के द्वारा जो कार्रवाई की गई उससे भारत के सभी नागरिकों का सीना गर्भ से ऊंचा हो गया, परंतु अमेरिका के निर्देश पर शीघ्र हीं सीज फायर हो जाना अत्यंत ही चिंता की विषय है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी अपनी स्थापना की शताब्दी वर्ष बना रही है, हमें अपने गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए देश के सामने उत्पन्न चुनौतियां से मुकाबले के लिए तैयार होना चाहिए। आज देश संकट में है, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अत्याचार एवं आतंकवाद से देश की जनता त्रस्त है और डबल इंजन की सरकार जुमलेबाजी करने में मस्त है। भाकपा के जिला मंत्री विद्याधर मुखिया ने कहा कि आजादी के 77 वर्ष बाद भी देश में मजदूर और किसान कीड़े मकोड़े की जिंदगी जीने को विवश है। उन्होंने कहा केंद्र की सरकार किसानों की नहीं, कंपनियों की है। डबल इंजन की सरकार भूमिहीनों को वासगीत पर्चा, पचार्धारियों को जमीन पर कब्जा, किसानों को फसल का दाम, बाढ़ सुखाड़ का स्थाई निदान करने में पूरी तरह से विफल रही है। पार्टी के सहायक जिला मंत्री मुकुंद प्रसाद यादव ने कहा कि गरीबों की हितों लड़ाई, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हीं लड़ी है और आगे लड़ सकती है। पार्टी के वरीय नेता सागर चौधरी ने इस इलाके में कम्युनिस्ट आंदोलन के इतिहास एवं गरीबों को हक और अधिकार दिलाने में पार्टी की भूमिका को विस्तार से रखा। सम्मेलन में अंचल मंत्री जगत नारायण शर्मा द्वारा प्रस्तुत राजनीतिक एवं सांगठनिक प्रतिवेदन पर बहस के बाद अगले सत्र के लिए 25 सदस्य अंचल परिषद का गठन किया गया। बहस के दौरान पार्टी के नेता मनोज राम, अजीत शर्मा, उपेंद्र चौधरी, विद्यानंद चौधरी, सुभाष गुप्ता, वकील पासवान, मुन्ना साह, सुनील मंडल, ओंकार मंडल आदि ने अपना विचार प्रकट किया। तत्पश्चात सर्वसम्मत से अगले सत्र के लिए कामरेड बिंदेश्वरी यादव भाकपा के आलमनगर अंचल के अंचल मंत्री निर्वाचित हुए।

# सोमवार को मूसलाधार बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी, तैयार फसल हुआ प्रभावित



प्रात: किरण संवाददाता

नयानगर (मधेपुरा) उदाकिशुनगंज प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत खाडा पंचायत में सोमवार को हुई तेज बारिश से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है, एक तरफ जहां किसान तेज धूप में फसल की कटाई कर तैयारी में जुटी थी। वही अचानक तेज बारिश के वजह से लगभग 200 एकर की तैयार फसल को बारिश अपने चपेट में ले लिया। जिससे किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है। एक तो अप्रैल माह में आई तेज आंधी बारिश से मक्का की फसल गिर गई थी। और अब तेज बारिश के वजह से मक्का की फसलें बारिश के पानी में अंकुरण होना शुरू हो गया है। जिससे किसानों की मेहनत और उम्मीदें बर्बाद हो गई हैं, जिससे उन्हें बड़ा नुकसान हुआ है। कुछ जगह बारिश के कारण खेतों में पानी भर जाने से फसलों को निकालना मुश्किल हो गया है। वही खाड़ा के स्थानीय किसान राजेश रंजन उर्फ सोना ने बताया की लगभग कई किसानों का तैयार फसल सुख रहा था। किसान फसल को बेचता लेकिन अचानक तेज बारिश से जलजमाव जैसे समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे किसानों के फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। मध्यम वर्गीय किसानों का प्रमुख फसल मक्का ही है। जिसमे किसान मेहनत कर फसल को बेच कर अपने घर, परिवार, पढ़ाई, विवाह जैसे अनेक कार्य करते है ऐसे में मौसम किसानों के साथ क्रूर मजाक कर चिंता और मुश्किलें एक साथ बढ़ा दी है। मौके पर मौजूद किसान सुधीर पंडित, मंजय प्रसाद सिंह, फुलचन पंडित, शिव कुमार महतो, जयप्रकाश नोनिया, राकेश रंजन एवम दर्जनों किसानों ने नाराजगी जाहिर की।

# तीन दिवसीय खेल महोत्सव का हुआ समापन

प्रात: किरण संवाददाता



आलमनगर (मधेपुरा) प्रखंड के खुरहान मध्य विद्यालय मैदान परिसर में आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव के दौरान समापन समारोह के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट चैयरमेन एम एस बिट्टा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने वह दौर भी देखा है जब देश के जवान बॉर्डर पर जाते थे तो उनके बेटा पत्नी मां-बाप यह कहता था कि मेरा मेरा बेटा मेरा पापा मेरा भाई मेरा पति आएगा लेकिन वह खून से लतपथ तिरंगा में लपेटकर आते थे लेकिन आज सीमा पर गोली नहीं चलती है अगर वह एक गोली दागते हैं हम हजार गोली दागते हैं। हम पाकिस्तान को साफ तौर पर कहना चाहते हैं कि आज भारत के जवानों को खुली छूट है कि जब-जब तुम्हारी गोली चलेगी तब तक हम तुम्हारे घर में घुसकर एक गोली का जवाब हजारों गली में देने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आप कभी भी अपने आप को कमजोर नहीं समझे। शहीद ए आजम भगत सिंह एक स्टूडेंट थे 23 साल की उम्र में उन्हें फांसी की सजा हुई शहीद ए आजम भगत से जब पार्लियामेंट में बम फेंकते हैं फेंकने के बाद कहते हैं इंकलाब जिंदाबाद वह बम फेंकने के बाद पार्लियामेंट से भागते नहीं हिंदुस्तान के युवाओं को जगाने के लिए वह पार्लियामेंट में डटे रहते हैं जब उन्हें लाहौर जेल ले जाया जाता है तो उनके साथी कहते हैं भगत सिंह तुम्हारा शादी कब होगा तो उन्होंने कहा कि अगर इस गुलाम देश में हमारी शादी होगी तो हमारी शादी मौत से होगी और हमारा बाराती शहीद हुए उन तमाम साथी होंगे। उन्होंने कहा कि हमें इजरायल के तरह एक सच्चा राष्ट्रभक्तीऔर देशभक्ति बनना होगा। उन्होंने बताया कि आज पहलगाम के घटना के बाद कई जासूस पकड़े गए जो पाकिस्तान को इनफॉरमेशन दिया करते थे दुश्मन का तो कोई दुख नहीं दुश्मन से तो हम निपट लेंगे लेकिन हमें घर के अंदर जो दुश्मन है उसे भी देखना है कहां-कहां छुपा है उन्होंने कहा कि कवि कहा करते थे आजादी के बाद कहानी है एक बात देश के पहरेदारों से संभल के रखना देश में छुपे गद्दारों से हमें इजरायल के तरफ तरह एक ऐसा भारतीय बना है जब-जब देश पर मुसीबत आए उसके लिए सामने आना है हमें डिफेंस में जाना है हमें फौजियों में जाना है जब-जब देश में जंग का माहौल हो हम दुश्मनों से निपटने के लिए आ गया हमें हमारे युवा भी तैयार रहे। वहीं उन्होंने कहा कि बिहार के लिए प्रेम और पूर्वांचल के लिए प्रेम सदा बना रहेगा कोरोना के समय बिहार के लिए ट्रेन पूर्वांचल के लिए ट्रेन स्पेशल चलाई गई कभी आपने सोचा कि सिर्फ बिहार और पूर्वांचल के लिए स्पेशल ट्रेन क्यों चलाई गई क्योंकि बिहार और पूर्वांचल के लोग ही देश के उद्योग देश के कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर सभी में अपना योगदान देते हैं और उनके करें मेहनत पसीना के बदौलत ही आज देश में विकास नजर आ रहा है। बिहार ईमानदार और कर्मठ होते हैं वे सदैव अपने कमाई के खाते। आज बिहार पूरे हिंदुस्तान में फैले हुए हैं वह अच्छे मेहनत कर पढ़ाई कर बड़े-बड़े चैनल के रिपोर्टर बनते हैं। जब उनसे पूछा जाता है कि आप कहां से हैं तो गर्व से कहते हैं बिहार से हैं। आज बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में चारों ओर विकास देखने को नजर आ रहा है। एक समय हुआ करता था जब यहां अपराध का बोलबाला था एक गांव से दूसरे गांव जाने के लिए सोचना पड़ता था। वहीं उन्होंने उपस्थित लोगों को पहलगाम में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि एवं देश के लिए अगर कभी ऐसी स्थिति आती है जब जंग की हो सकते हैं तो उसे समय देश के लिए एकजुट होकर राष्ट्र भक्ति एवं देशभक्ति का जुनून टाइम रखना और देश के लिए सर्वोच्च निछावर करने का शपथ दिलाया। वहीं बिहार विधानसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने बताया कि आप खेल के माध्यम से भी अपने क्षेत्र प्रदेश गांव का नाम रोशन कर सकते हैं आज सरकार प्रत्येक प्रखंड में पंचायत में खेल के लिए खेल के मैदान के साथ-साथ मेडल लाइन नौकरी पे सहित कई योजनाएं चल रही है साथ ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने एवं आगे बढ़ाने के लिए ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है।

# हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, 9 एमएम कार्बाइन और गोली बरामद




प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा बनगांव थाना अध्यक्ष को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल (नं. बी आर 19बी 4659) से झोले में हथियार लेकर नारियार नहर की ओर से होते हुए रेहुआ मनी की दिशा में जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सादे लिवास में नहर के पास घेराबंदी कर दी। कुछ समय बाद एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल से पहुंचा और नहर पर अपनी बाइक मोड़ने लगा। पुलिस को उस पर शक हुआ और उसे रोकने की कोशिश की गई, लेकिन उसने भागने का प्रयास किया। भागते समय पुलिस ने उसे दबोच लिया और तलाशी के दौरान उसके पास से एक 9 एम एम कार्बाइन और जिंदा गोली बरामद की गई। गिरफ्तार युवक की पहचान कुंदन कुमार, पिता रंजिश यादव, निवासी बेल्हा टोला, कहरा, सहरसा के रूप में हुई है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

# पति की लंबी आयु के लिए बट सावित्री पूजा के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने कि बट वृक्ष की पूजा

प्रात: किरण संवाददाता





लखीसराय !लखीसराय जिले के विभिन्न स्थानों पर सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत के अवसर पर बट वृक्ष कि पूजा अर्चना किया। इस संबंध में सुहागिन महिला आरती कुमारी ने बताया कि यह पूजा पति की लंबी आयु एवं स्वस्थ रहने के लिए की जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हम लोग बड़े हर्ष उल्लास के साथ इस पर्व को मानते हैं। सर्वप्रथम बट वृक्ष के नीचे हम लोग बट वृक्ष का पूजन करते हैं उसके बाद परिक्रमा लगाते हैं और ईश्वर से पति की लंबी आयु की कामना करते हैं। इस संबंध में आचार्य हर्ष पाण्डे ने बताया कि बट सावित्री पर सुहागिन महिला प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास के अमावस्या तिथि कृष्ण पक्ष को मनाया जाता है। इस पर्व में सुहागिन महिला वट वृक्ष के नीचे श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना करती है और ईश्वर से पति की लंबी आयु एवं स्वस्थ रहने की कामना करती है। बताते चलें की बट सावित्री व्रत को लेकर पूजा अर्चना के लिए लखीसराय जिले के विभिन्न इलाकों में बड़ी संख्या में महिलाओं की भीड़ देखी गई !सदियों से यह परंपरा रही है कि सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए बट सावित्री व्रत रखती हैं !

# हल्की बारिश से सड़क पर जल जमाव आवागमन में बढ़ी परेशानी

प्रात: किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) प्रखंड मुख्यालय में सोमवार की सुबह हुई बारिश से जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। जहां एक ओर रुक रुककर बारिश के बाद लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली लेकिन गर्मी से राहत मिलने के साथ ही दूसरी समस्या से शहर वासी परेशान है। यूं तो प्रखंड क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा है लेकिन कई सड़के पुरानी और जर्जर हो चुकी है। सड़क से गिट्टी निकल जाने के बाद सड़क पर छोटे-बड़े गड्ढे बन चुके हैं इस कारण बारिश होते ही इन गड्ढे में जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। दूसरी तरफ सड़कों पर धूल मिट्टी और छोटे-छोटे गिट्टी के टुकड़े रहने से बारिश में सड़क पर कीचड़ पसर जाता है। इसके बाद पैदल चलने वाले राहगीर व दो पहिए वाहन चालक को गिरकर चोटिल होने का खतरा बना रहता है। अधिकांश सड़कों के किनारे नाला निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं है साथ ही निर्माण हुए नाले का आउटलेट सही नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर कई दिनों तक जमा रहा जाता है। कई नाले में पानी सही ढंग से निकासी नहीं होने के कारण उल्टे नाले का पानी सड़क पर पसर जाता है जिनके बाद उन सड़कों पर आवागमन करने वाले राहगीरों को गंदे बदबू का सामना करना पड़ता है। मालूम हो कि एसएच 58 के दोनों साइड बने रोड की स्थिति सबसे अधिक दयनीय हो जाती है। इस पर शहरी भाग दौड़ का सबसे ज्यादा दबाव रहता है। इस सड़क पर लोगों के साथ दिनभर आला अधिकारी का आवागमन होते रहता है परंतु फिर भी किसी भी अधिकारी का इस ओर ध्यान नहीं जाता है। इस संबंध में किसी अधिकारी से पूछा जाए तो झूठा आश्वासन दे अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

## नियोजन मेला में 1088 प्रतिभागियों ने लिया भाग

मुंगेर। श्रम संसाधन विभाग, बिहार अंतर्गत जिला नियोजनालय मुंगेर द्वारा सोमवार को बी एम पी 9 ग्राउंड जमालपुर में एक दिवसीय नियोजन मेला का आयोजन किया गया। मुंगेर सदर विधायक प्रणव कुमार यादव एवं उप निदेशक नियोजन भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर के नियोजन मेला का शुभारंभ किया गया। उक्त नियोजन मेला में निजी और सार्वजनिक उपक्रम की 21 नियोजकों ने भाग लिया। इसके साथ ही 5 विभागीय स्टाल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। नियोजन मेला में टेक्निकल, इंश्योरेंस, फाइनेंस, सेल्स, सिक्योरिटी आदि सेक्टर की कंपनियों ने भाग लिया। साथ ही डी आर सी सी, जिला उद्योग, आर सेटी, बिहार कौशल विकास मिशन और श्रम विभाग के स्टाल के माध्यम से मेला में उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं के बारे जागरूक किया। नियोजन मेला में कुल 1088 लोगों ने भाग लिया जिसमें विभिन्न नियोजक द्वारा कुल 311 लोगो को प्रारंभिक चयन किया गया।


# बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया वट सावित्री पूजा, पति के स्वास्थ्य और लंबी उम्र के लिए महिलाएं ने की वट सावित्री पूजा



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा धार्मिक मान्यता अनुसार सावित्री के पति सत्यवान की अल्पआयु में ही मृत्यु हो गई। जिसके बाद सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे अपने पुण्य धर्म से यमराज को प्रसन्न करके अपने मृत पति के जीवन को वापस लौटाया था। यही कारण है कि सावित्री व्रत के दिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती हैं। विवाहित महिलाओं के बीच अत्यधिक प्रचलित ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या के दिन हुई पूजा। भद्र देश के एक राजा थे, जिनका नाम अश्वपति था। भद्र देश के राजा अश्वपति के कोई संतान न थी। उन्होंने संतान की प्राप्ति के लिए मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिदिन एक लाख आहुतियाँ दीं। अठारह वर्षों तक यह क्रम जारी रहा। इसके बाद सावित्रीदेवी ने प्रकट होकर वर दिया कि: राजन तुझे एक तेजस्वी कन्या पैदा होगी। सावित्रीदेवी की कृपा से जन्म लेने के कारण से कन्या का नाम सावित्री रखा गया। कन्या बड़ी होकर बेहद रूपवान हुई। योग्य वर न मिलने की वजह से सावित्री के पिता दुःखी थे। उन्होंने कन्या को स्वयं वर तलाशने भेजा। सावित्री तपोवन में भटकने लगी। वहाँ साल्व देश के राजा द्युमत्सेन रहते थे, क्योंकि उनका राज्य किसी ने छीन लिया था। उनके पुत्र सत्यवान को देखकर सावित्री ने पति के रूप में उनका वरण किया। ऋषिराज नारद को जब यह बात पता चली तो वह राजा अश्वपति के पास पहुंचे और कहा कि हे राजन, यह क्या कर रहे हैं आप? सत्यवान गुणवान हैं, धर्मात्मा हैं और बलवान भी हैं, पर उसकी आयु बहुत छोटी है, वह अल्पायु हैं। एक वर्ष के बाद ही उसकी मृत्यु हो जाएगी। ऋषिराज नारद की बात सुनकर राजा अश्वपति घोर चिंता में डूब गए।

## महिलाओं ने उपवास रख पति की लम्बी उम्र की कामना, 16 श्रृंगार कर मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान



पुरैनी (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र में वटसावित्री पर्व को लेकर सवेरे से ही महिलाओं में उत्सवी माहौल देखा गया। सुहागिन महिलाएं नए वस्त्र, लहठी, सिंदूर धारण कर माथे पर कलश व हाथ में डोली लेकर सखी सहेलियों के साथ गीत गाती हुई वटवृक्ष के तले जा कर पूजा अर्चना की तथा सत्यवान व सावित्री की अमर कथा का श्रवण किया। हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण त्योहार वट सावित्री का पर्व प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। वही सुबह से ही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बरगद के पेड़ों के पास सुहागिन महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लाल-पीली साड़ियों में सजी महिलाओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचोपचार विधि से वट वृक्ष का पूजन किया। उन्होंने वट वृक्ष में कच्चा सूत बांधा और 12 बार परिक्रमा की एवं उसके उपरांत महिलाओं ने वट वृक्ष को अक्षत, पुष्प, चंदन, ऋतुफल, पान, सुपारी, वस्त्र, धूप-दीप आदि से पूजा कर पंखा भी झला। पूजन के बाद सभी ने सदा-सुहागिन रहने की मनौती मांगी। पौराणिक कथा के अनुसार, सती सावित्री ने इसी व्रत को करके अपने मृत पति को यमराज से वापस पाया था। तब से यह परंपरा पृथ्वी लोक पर चली आ रही है। सुहागिन महिलाएं इस दिन व्रत रखकर अपने पति की दीघार्यु और सुहाग की रक्षा की कामना करती हैं। वहीं पंडित संजन झा ने बताया कि वट सावित्री का व्रत एवं इसकी पूजा व परिक्रमा करने से सुहागिनों को अखंड सुहाग, पति की दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य, वंश वृद्धि सहित दांपत्य जीवन में सुख-शांति तथा वैवाहिक जीवन में आने वाले कष्ट दूर होते हैं। साथ ही इस पूजा के बाद भक्तिपूर्वक सत्यवान-सावित्री की कथा सुनना और वाचन करना चाहिए। इससे परिवार पर आने वाली अदृश्य बाधाएं दूर होती हैं तथा घर में सुख-समृद्धि का वास होता है।

## मौसम रहा खराब, फिर भी श्रद्धा में नहीं रही कोई कमी, मिथिलांचल में आस्था और परंपरा के साथ मनाया गया सावित्री व्रत



सहरसा सावित्री व्रत के अवसर पर मिथिलांचल की भूमि एक बार फिर आस्था और परंपरा की मिसाल बन गई। तेज धूप और अचानक बिगड़े मौसम के बावजूद, सुहागिनों ने श्रद्धा और विश्वास के साथ यह पावन व्रत किया। यह व्रत हर वर्ष ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन सावित्री ने अपने तप और संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान को पुनर्जीवन दिलाया था। तभी से यह व्रत पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं द्वारा रखा जाता है। सुबह से ही व्रती महिलाएं पारंपरिक परिधान में सज-धज कर तैयार हुईं। इन्होंने पूरे दिन निर्जला व्रत रखा और बट (बरगद) वृक्ष के नीचे जाकर सामूहिक रूप से पूजन-अर्चन किया। पूजा स्थल पर महिलाओं ने सुगंधित फूलों, धूप, दीप और मिठाइयों के साथ पूजा की थाल सजाई। बट वृक्ष के चारों ओर कच्चा सूत (धागा) लपेटकर परिक्रमा की और कथा श्रवण किया। इसके बाद महिलाओं ने अपने-अपने पतियों का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। कुछ स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि यह वैवाहिक जीवन में निष्ठा, प्रेम और समर्पण का प्रतीक भी है। समाज में इसे एक आदर्श और प्रेरणा के रूप में देखा जाता है।

# सीईटी परीक्षा के निमित्त विधि व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ किया ब्रिफिंग

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा जिला मुख्यालय स्थित कला भवन मधेपुरा में दिनांक -28-05-2025 को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक आयोजित होने वाले बिहार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा सी ई टी 2025 के निमित्त विधि व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को ब्रिफिंग किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता मधेपुरा अरूण कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी मधेपुरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मधेपुरा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी के साथ-साथ प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि बिहार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा सी ई टी 2025 हेतु जिले में 13(तेरह) परीक्षा केंद्र यथा-दार्जिलिंग पब्लिक स्कूल मधेपुरा, पीबी वर्ल्ड स्कूल, मधेपुरा, मधेपुरा इंटर कॉलेज मधेपुरा, मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा, माया विद्या निकेतन मधेपुरा, टीपी कॉलेज मधेपुरा, कॉमर्स कॉलेज मधेपुरा, विमेंस कॉलेज मधेपुरा, इवनिंग कॉलेज मधेपुरा, सीएम साइंस कॉलेज मधेपुरा, किरण पब्लिक स्कूल मधेपुरा एवं होली क्रॉस मधेपुरा में बनाया गया है। उक्त परीक्षा के अवसर पर संभावित आकस्मिक विधि-व्यवस्था कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को नियंत्रित करने के उद्देश्य से समाहरणालय, मधेपुरा स्थित जिला नियंत्रण कक्ष में अधिष्ठापित दूरभाष संख्या-06476-222220 पर परीक्षा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है


सम्पादकीय

## 211 साल बाद चागोस की हुई वापसी

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

चागोस द्वीपसमूह की कहानी महज समुद्री सीमा या सैन्य अड्डे की नहीं है, यह उस ऐतिहासिक अन्याय की मिसाल है, जिसमें साम्राज्यवादी ताकतों ने स्वदेशी लोगों को उनकी ही जमीन से बेदखल कर दिया था। वर्ष 2025 में, जब ब्रिटेन ने चागोस द्वीप की संप्रभुता आधिकारिक रूप से मॉरीशस को सौंपी, तो यह न सिर्फ एक ऐतिहासिक न्याय था, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में एक नई रणनीतिक संतुलन की शुरूआत भी थी। चागोस द्वीपसमूह हिंद महासागर के मध्य में, मॉरीशस से करीब 2,200 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। इसमें लगभग 60 छोटे-बड़े द्वीप शामिल हैं। इनमें डिएगो गार्सिया सबसे प्रमुख और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण द्वीप है। डिएगो गार्सिया द्वीप मालदीव और सेशेल्स के बीच स्थित है, जो इसे एक प्रमुख नौसैनिक और वायु सैन्य अड्डा बनाता है। अमेरिका और ब्रिटेन दोनों ने इस द्वीप का इस्तेमाल मध्य-पूर्व और एशिया में सैन्य अभियानों के लिए किया है। 1715 में फ्रांसीसी उपनिवेशवादियों ने मॉरीशस और चागोस पर कब्जा किया था। 1814 में नेपोलियन की हार के बाद यह क्षेत्र ब्रिटिश साम्राज्य का हिस्सा बना था। 1965 में मॉरीशस की स्वतंत्रता से पहले ही ब्रिटेन ने चागोस को उससे अलग कर दिया था और इसे इ१३२ँ क्ल्ल्ल्लि ड्रींल्ल ळी११३ङ्ग१८ (इक्डळ) में शामिल कर लिया था। 1965 से 1973 के बीच, ब्रिटेन ने यहां रह रहे लगभग 2,000 मूल निवासियों को जबरन उनके द्वीपों से निकाल दिया था। इन लोगों के पूर्वजों को फ्रांसीसी और पुर्तगाली उपनिवेशवादियों ने गुलाम बनाकर मेडागास्कर और मोजाम्बिक से लाया था। चागोस के मूल निवासी नारियल के बागानों में काम करते थे और उनकी जीवनशैली पूरी तरह द्वीप की संस्कृति पर आधारित था। उन्हें जबरन मॉरीशस, सेशेल्स और कुछ को ब्रिटेन में पुनर्वासित किया गया था। ब्रिटेन ने डिएगो गार्सिया को 1966 में अमेरिका को 50 वर्षों के लिए लीज पर दे दिया। इस सौदे के तहत अमेरिका को पोलारिस मिसाइल प्रणाली की बिक्री पर 14 मिलियन डॉलर की छूट मिली। 1971 में अमेरिका ने यहां एक विशाल सैन्य अड्डा विकसित किया। इस आधार से अमेरिका ने ईरान, अफगानिस्तान और इराक में बड़े सैन्य अभियान चलाया। यह अड्डा अब भी सक्रिय है, जहां करीब 2,500 कर्मचारी कार्यरत हैं। 22 मई 2025 को ब्रिटेन ने चागोस की संप्रभुता मॉरीशस को सौंप दी, लेकिन डिएगो गार्सिया को 99 साल के लिए लीज पर लिया। इसके बदले ब्रिटेन मॉरीशस को हर वर्ष लगभग 136 मिलियन डॉलर का भुगतान करेगा। 2019 में, इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस ने अपने सलाहकार मत में कहा कि ब्रिटेन को चागोस द्वीपसमूह मॉरीशस को वापस सौंप देना चाहिए। यह निर्णय मॉरीशस की कूटनीतिक और कानूनी जीत थी। यूएन महासभा में भारत समेत 116 देशों ने मॉरीशस के पक्ष में वोट किया, जबकि सिर्फ 6 देशों ने ब्रिटेन का समर्थन किया। इस फैसले ने ब्रिटेन की नैतिक और राजनीतिक स्थिति को झटका दिया। भारत ने शुरू से मॉरीशस के दावे का समर्थन किया है। 2019 में इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (क्ळख) के फैसले के बाद भारत ने मॉरीशस के पक्ष में वोट देकर एक स्पष्ट संकेत दिया है कि वह औपनिवेशिक शोषण के खिलाफ खड़ा है। भारत और मॉरीशस के बीच रक्षा, समुद्री निगरानी, तटरक्षक सहयोग और आर्थिक निवेश के क्षेत्रों में संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। यह भारत के ह्यसागरह्ण (ऌीू४१३८ ल्लि ग्र्ङ्ग६३ॅ ङ्ग१ अ’’ल्ल ३ी फीॅङ्गल्ल) नीति का हिस्सा है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती सैन्य और आर्थिक मौजूदगी को देखते हुए, चागोस का मॉरीशस को लौटना भारत के लिए रणनीतिक लाभकारी है। चागोस के निर्वासित मूल निवासियों की कई पीढ़ियाँ अब मॉरीशस, सेशेल्स और ब्रिटेन में रह रही हैं। वे लगातार अपने पूर्वजों की भूमि पर लौटने की मांग कर रहे हैं। हालांकि ब्रिटेन ने संप्रभुता तो सौंप दी, लेकिन नागरिकों की वापसी की प्रक्रिया अभी स्पष्ट नहीं है। 21वीं सदी में भी यह मानवाधिकार मुद्दा वैश्विक चर्चा का केंद्र बना हुआ है। जबरन निर्वासन ने चागोसी संस्कृति, भाषा और जीवनशैली को लगभग नष्ट कर दिया है। चागोसी समुदाय आज भी अपनी पहचान को बचाने के लिए संघर्षरत है।

## तार्किकता - नीरज वर्मा





भोले हृदय छले जाते हैं इस संसार में
यहाँ हर कदम पर मायाजाल है,
हर चेहरे के पीछे एक सवाल है।

भावनाओं की धारा में मत बहिए,
हर मुस्कान सच्ची नहीं होती,
हर आँसू का मतलब प्यार नहीं,
हर वादा निभाया नहीं जाता।
कभी-कभी जो अपना लगता है,
वही दिल को ठेस पहुँचाता है।
जो शब्द मधुर लगते हैं कानों को,
वही भीतर से विष घोल जाते हैं।

मन और मस्तिष्क का संतुलन बनाए रखिए,
श्रद्धा और अंधविश्वास में फर्क समझिए,
हर कहानी का दूसरा पहलू भी देखिए।
दुनिया चतुर है, चालाक भी,
यहाँ हर किसी की नीयत साफ नहीं।
झूठ को सच की चादर ओढ़ाकर,
लोग अपने स्वार्थ सिद्ध करते हैं।

निर्णय लेते समय धैर्य से सोचिए,
सिर्फ.दिल से नहीं, दिमाग से परखिए।
भावनाओं में बहकर निर्णय लिया जो,
उसका मूल्य चुकाना पड़ सकता है जोरों।
हर शब्द पर आँख मूँदकर विश्वास न करें,
हर हाथ को हाथ मिलाने से पहले परखें।
क्योंकि जो दिखता है, वो सच नहीं होता,
जो सच होता है, वो दिखता नहीं हर बार।

समझदारी ही असली शक्ति है,
अंधभक्ति और भ्रम से दूरी रखिए।
नकली गुरुओं के मायाजाल से बचिए,
तर्क से परखिए, ज्ञान की राह पकड़िए।
विज्ञान और विवेक को साथ रखिए,
चमत्कारों के पीछे न भागिए।
सत्य वही है, जो प्रमाणित हो,
हर जादू बस एक छलावा है।

सत्य के दीप को जलाए रखिए,
हर राह को आँखें खोलकर देखिए।
संघर्षों से घबराएँ नहीं कभी,
हर अनुभव सिखाने आता है सभी।
भरोसा करें, मगर विवेक से,
प्रेम करें, मगर स्वाभिमान से।
न्याय के लिए खड़े हों, साहस के साथ,
अधिकारों को पहचानें, संकोच के बिना।

भोलेपन की अपनी सुंदरता है,
पर इसकी कीमत भारी पड़ सकती है।
दुनिया सरल नहीं, इसे समझिए,
तार्किक बनिए, खुद को मजबूत करिए।
हो सके तो थोड़ा तार्किक रहिए,
जीवन की राह में यही सही होगा!

# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती

**चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दशार्ती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली।**





ललित गर्ग

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार)

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दशार्ती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है। जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। ह्यमन जो चाहे वही करोह्ण की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा। आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नये-नये एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मयार्दा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

# बदलते युग का नया तमाशा: संस्कारों की सिसकियाँ

**रिश्ते अब उम्र और संस्कार से नहीं, टेक्स्टिंग फ्रिक्वेंसी से तय होते हैं। यह व्यंग्य समाज के बदलते चेहरे को हँसते-हँसते सोचने पर मजबूर करता है-आखिर अब कौन भागेगा? कभी सामाजिक डर और परिवार की इज्जत की चिंता बेटियों की निगरानी का आधार हुआ करती थी। ये वो दौर था जब बेटी की सादगी, उसके रहन-सहन पर कड़ी नजर रखी जाती थी। मोहल्ले के चौपाल में सबसे बड़ा मुद्दा यही होता था कि लड़की भाग गई, जैसे कोई बड़ी दुर्दशा हुई हो। आज का जमाना अलग है। आज तकनीक और आजादी के जमाने में चौकसी की दिशा ही बदल चुकी है। अब निगाहें बेटियों पर नहीं, बल्कि दादी, सास, भाभी, और काकी पर टिक गई हैं। यही नहीं, अब कौन भागा? यह सवाल बेटियों के लिए नहीं, बल्कि घर की अनुभवी महिलाओं के लिए बन गया है।**





प्रियंका सौरभ

लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार

समाज में अब बेटी की निगरानी नहीं, दादी और सास की होती है। तकनीक और आजादी के इस युग में रिश्तों की परिभाषा बदल गई है। जहाँ पहले लड़कियों की सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता थी, अब वही महिलाएं अपनी आजादी के साथ नई दुनिया की खोज में हैं। पुरुषों की निगरानी पर स्त्रियाँ भी चौकस हो गई हैं। रिश्ते अब उम्र और संस्कार से नहीं, टेक्स्टिंग फ्रिक्वेंसी से तय होते हैं। यह व्यंग्य समाज के बदलते चेहरे को हँसते-हँसते सोचने पर मजबूर करता है-आखिर अब कौन भागेगा? कभी सामाजिक डर और परिवार की इज्जत की चिंता बेटियों की निगरानी का आधार हुआ करती थी। ये वो दौर था जब बेटी की सादगी, उसके रहन-सहन पर कड़ी नजर रखी जाती थी। मोहल्ले के चौपाल में सबसे बड़ा मुद्दा यही होता था कि ह्ललड़की भाग गई,ह्व जैसे कोई बड़ी दुर्दशा हुई हो। आज का जमाना अलग है। आज तकनीक और आजादी के जमाने में चौकसी की दिशा ही बदल चुकी है। अब निगाहें बेटियों पर नहीं, बल्कि दादी, सास, भाभी, और काकी पर टिक गई हैं। यही नहीं, अब ह्लकौन भागा?ह्व यह सवाल बेटियों के लिए नहीं, बल्कि घर की ह्लअनुभवी महिलाओंह्व के लिए बन गया है। यह नया सामाजिक हकीकत है, जिसमें हंसी-ठिठोली के बीच गंभीर सवाल भी छिपे हैं। कुंवारी नहीं, कुलवधुएँ फरार हैं एक समय था जब समाज में कुंवारी लड़कियों का भागना गंभीर मामला माना जाता था। वह भागना कहीं कोई भटकाव नहीं, बल्कि ह्लइज्जतह्व का संकट होता था। माँ-बाप, रिश्तेदार, मोहल्ला-हर कोई इसी चर्चा में मशगूल रहता। पर आज स्थिति पूरी तरह बदल गई है। आज बेटियाँ करियर बना रही हैं, आत्मनिर्भर बन रही हैं। पढ़ाई, नौकरी, प्रतियोगिता की भागदौड़ में उनकी ह्लभागनाह्व के मायने ही बदल गए हैं। मगर घर की ह्लअनुभवी महिलाएँह्व-यानी माँ, भाभी, काकी, दादी-व्हाट्सएप पर ह्लमिसिंग यू माई सनशाइनह्व के स्टेटस लगाकर, ह्यलोकेशन ऑफह्ण कर फि क्र से दूर कहीं निकल जाती हैं। कहीं बाहर घूमने, दोस्तों से मिलने, तो कहीं नए-नए ह्यफ्लर्टह्ण की खोज में। यह स्थिति देखना है तो बहुत ही हास्यास्पद और एक बार सोचने पर चिंताजनक भी है। जो पीढ़ी संस्कारों की किताबें पढ़ाकर लड़कियों को संभालती थी, वही अब खुद संस्कारों को नया अर्थ दे रही है। चारित्रिक उलटफेर का युग वह दौर याद करें जब ह्लसंस्कारह्व का मतलब था संयम, पाबंदी, और परम्परागत नैतिकता। आज की दादी इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अपनी फोटो शेयर करती है, योगा के बजाय ह्ययारह्ण के साथ मिलने चली जाती है। भाभी सिर्फ पारिवारिक रीति-रिवाज नहीं निभाती, बल्कि ह्यलीडरह्ण की तरह अपने दोस्ती और डेटिंग लाइफ को सेलिब्रेट करती है। इन सब बदलावों में परंपराओं का टूटना या फिर उनका नया अवतार-दोनों ही बातें सच हैं। जो पीढ़ी नैतिकता का फण्डामेंटल थी, आज वही ह्यगुप्त चैटिंगह्ण, ह्यसीक्रेट ट्रिप्सह्ण और ह्यमोडर्न फ्रेंडशिपह्ण के बीच उलझी हुई दिखती है। पुरुषों की निगरानी पर स्त्रियों का ह्यरिवर्स स्ट्राइक पुराने समय में परिवार और समाज में पुरुषों का नियंत्रण और निगरानी महिलाओं पर केंद्रित थी। पति, भाई, पिता के लिए महिलाओं की गतिविधियाँ सबसे महत्वपूर्ण होती थीं। मोबाइल नहीं था तो आंखों की चौकसी, गुप्त बातचीत की जांच। आज की पीढ़ी में यह संतुलन पलट गया है। पति अब मोबाइल पासवर्ड छिपाने के बजाय पूछते हैं-ह्लतुमने किसका मैसेज डिलीट किया?ह्व बेटा घबराकर सोचता है, ह्लमाँ कहीं प्यार में तो नहीं पड़ गई?ह्व यानी अब पुरुष भी ह्यनिगरानीह्ण की जाल में फंसे हैं। यह ह्यरिवर्स स्ट्राइकह्ण कई बार घर के माहौल को कंफ्यूजिंग बना देती है। यह वही घर है जहां रिश्तों की पाबंदी होती थी, आज वही रिश्ते ह्यटेक्स्टिंग फ्रिक्वेंसीह्ण, ह्यलोकेशन शेयरिंगह्ण, और ह्यवीडियो कॉलह्ण की पकड़ में हैं। नई पीढ़ी की जिम्मेदारी बनाम पुरानी की आजादी जिस बेटी की जिंदगी कभी पहरेदारी का विषय होती थी, आज वही बेटी घर की हर छोटी-बड़ी जिम्मेदारी निभा रही है। एटक के किस्ते से लेकर बच्चों की पढ़ाई तक, हर घर की ह्यसंचालनह्ण में वह लगी हुई है। और घर की बुजुर्ग महिलाएँ-सास ह्यवेलनेस रिट्रीटह्ण पर हैं, दादी ह्यरीलह्ण बनाती हैं और सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। जीवन में आजादी का मतलब बदल गया है-अब ह्यफ्रीडमह्ण की परिभाषा पुराने संस्कारों से हटकर सोशल मीडिया और डिजिटल दोस्ती तक सीमित है। रिश्तों की दिशा बदल रही है रिश्ते अब उम्र, जाति, या सामाजिक स्तर से नहीं, बल्कि ह्यइच्छाह्ण और ह्यसंपर्क की आवृत्तिह्ण से जुड़ते हैं। पहले रिश्ते स्थायी होते थे, अब ह्यटेक्स्टिंग फ्रिक्वेंसीह्ण, ह्यइमोशनल स्टेटसह्ण और ह्यलास्ट सीन ऑन/ऑफह्ण ही रिश्तों की डिग्री तय करते हैं। स बदलाव में परिवार के मूल्यों की भी धज्जियां उड़ रही हैं। माता-पिता की भूमिका एक गाइड की बजाय ह्यफ्रेंडह्ण की हो गई है। घर के अंदर अब बेटियों की नहीं, दादियों की निगरानी जरूरी हो गई है। यह एक विचित्र सामाजिक उलझन है, जो हमारी ह्यआजादीह्ण और ह्यसंस्कारह्ण की जुगलबंदी को समझने पर मजबूर करती है। तकनीकः विकल्प या भ्रम? तकनीक ने जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ रिश्तों को जटिल भी किया है। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स ने संवाद के नए जरिया दिए, मगर वे पारिवारिक नजदीकियों में दूरी भी लाए। जहाँ पहले चाय की प्याली के साथ घंटों बैठकर बातें होती थीं, आज वही बातचीत ह्यडबल क्लिकह्ण और ह्यडिलीटह्ण बटन के बीच सीमित हो गई है। इसके चलते रिश्तों की स्थिरता कम, उलझनें ज्यादा बढ़ीं। सामाजिक विडंबना और नया यथार्थ इस सारे बदलाव का सबसे बड़ा असर यह है कि समाज की पुरानी धारणा-जहां बेटियों की इज्जत और व्यवहार को केंद्र माना जाता था-अब धुंधली पड़ गई है। अब एक ह्यअधिकृतह्ण सवाल यह है कि क्या बेटी भागी है या दादी? क्या परिवार में बेटियों के लिए पहले जैसी पाबंदी रह गई है? या अब ह्यजिम्मेदारह्ण और ह्यआजादह्ण महिलाएं अपनी जगह ले चुकी हैं? यह सवाल हँसी के साथ-साथ सामाजिक चिंतन का विषय भी है। आज के समय में रिश्ते, परिवार और नैतिकता के नए मायने तलाशने होंगे।

## सांप्रदायिक राजनीति से लड़ते हुए लोकतंत्र के लिए संघर्ष जरूरी

प्रमुख मुद्दे के अलावा, अन्य मामले भी थे जिनके लिए आधिकारिक स्पष्टीकरण की आवश्यकता थी -विशेष रूप से सैन्य मुठभेड़ से जुड़ी रिपोर्टों के संबंध में। मुख्यधारा के मीडिया द्वारा विचित्र और अपुष्ट दावों के प्रचार को देखते हुए यह विशेष रूप से आवश्यक हो गया था। इनमें से कुछ रिपोर्ट, विशेष रूप से 8 मई की रात को प्रसारित की गयी, जो इतनी अपमानजनक थीं। इस तथ्य के बावजूद कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम में बैसरन घाटी में हुई भीषण हत्याओं पर भारत की संभावित प्रतिक्रिया पर चर्चा करने के लिए संसद में बुलाई गयी दो सर्वदलीय बैठकों से स्वयं को दूर रखने का फैसला किया, जिसका असली कारण तो केवल उन्हें ही पता है, पर इन बैठकों में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लिया। सभी उपस्थित दलों के नेताओं ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जो कि संबंधित संयुक्त राष्ट्र एजेंसी द्वारा नामित एक आतंकवादी संगठन है, से जुड़े आतंकवादियों द्वारा की गयी आतंकी हत्याओं की स्पष्ट रूप से निंदा की। उन्होंने प्रतिक्रिया में उचित कदम उठाने में सरकार को अपना समर्थन भी दिया। युद्ध विराम की घोषणा तक यह आम सहमति बनी रही। सभी पक्षों ने सैन्य मुठभेड़ समाप्त होने तक कोई भी सवाल उठाने से परहेज किया। यह इसके बावजूद कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एकतरफा घोषणा कि उन्होंने और उनके प्रशासन ने युद्ध विराम के निर्णय में मध्यस्थता की और उसे आगे बढ़ाया। फिर उसके बाद ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि भारत और पाकिस्तान दोनों को व्यापार परिणामों की धमकी के तहत युद्ध विराम के लिए दबाव डाला गया था। वह न केवल आश्चर्यजनक था, बल्कि शिमला समझौते में निहित सिद्धांतों का उल्लंघन भी था। बातचीत के माध्यम से समाधान के परिणामस्वरूप हुए उस समझौते ने दोनों देशों को चर्चा के माध्यम से सभी विवादास्पद मुद्दों को द्विपक्षीय रूप से हल करने के लिए प्रतिबद्ध किया था। इसके बावजूद, पाकिस्तान ने लगातार कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने का प्रयास किया है।यदि राष्ट्रपति ट्रंप के दावों को सच मान लिया जाये, तो उनका अर्थ होगा कि कश्मीर मुद्दे का वास्तव में अंतरराष्ट्रीयकरण हो चुका है - एक निहितार्थ जो रणनीतिक और कूटनीतिक परिणामों से भरा हुआ है। हालांकि भारतीय अधिकारियों और सरकार ने दावा किया है कि युद्ध विराम द्विपक्षीय चचाओं का परिणाम था, इन दावों की सत्यता के बारे में काफी भ्रम, यदि वास्तविक संदेह नहीं हो तो भी, बना हुआ है इस प्रमुख मुद्दे के अलावा, अन्य मामले भी थे जिनके लिए आधिकारिक स्पष्टीकरण की आवश्यकता थी -विशेष रूप से सैन्य मुठभेड़ से जुड़ी रिपोर्टों के संबंध में। मुख्यधारा के मीडिया द्वारा विचित्र और अपुष्ट दावों के प्रचार को देखते हुए यह विशेष रूप से आवश्यक हो गया था। इनमें से कुछ रिपोर्ट, विशेष रूप से 8 मई की रात को प्रसारित की गयी, जो इतनी अपमानजनक थीं कि भारतीय मीडिया को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के अधिकांश लोगों द्वारा कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। इन गलत बयानों ने अंततः हमारे राष्ट्रीय हितों को चोट पहुंचाई। इस प्रकार, युद्ध विराम के बाद, संसद के पटल पर सरकार द्वारा एक प्रामाणिक बयान एक तत्काल आवश्यकता बन गई। इसके अतिरिक्त, जब पाकिस्तान के एक अरब डॉलर के ऋण के अनुरोध को बिना किसी आपत्ति या देरी के आईएमएफ के प्रबंधन बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया, तब यह स्पष्ट रूप से एक कूटनीतिक विफलता थी। इस संदर्भ में संसद के एक विशेष सत्र का आयोजन तत्काल महत्व रखता है। सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान, जिसके बाद सदन में एक संरचित बहस होती,और जो एक सच्ची राष्ट्रीय सहमति बनाने की अनुमति देता। इस तरह के एक कदम से पारदर्शिता और राजनीतिक परिदृश्य में कई और विविध दृष्टिकोणों का एकीकरण भी सुनिश्चित होता। परिभाषा के अनुसार, राष्ट्रीय सहमति थोपी या निर्मित नहीं होती है - इसे लोकतांत्रिक जुड़ाव के माध्यम से विकसित होना चाहिए। इस विकास में भिन्न दृष्टिकोणों की अभिव्यक्ति एक महत्वपूर्ण घटक है। फिर भी, अपने ही ज्ञात कारणों से, सरकार ने विशेष सत्र की मांग पर सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं देने का फैसला किया। इसके बजाय, उसने मान लिया कि आतंकवाद और उसके प्रायोजकों की निंदा करने में राजनीतिक दलों का समर्थन व्यापक राष्ट्रीय सहमति के रूप में प्रदर्शित किया जा सकता है। सैन्य मुठभेड़ के दौरान, आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में से एक में, विदेश सचिव ने एक पाकिस्तानी नेता की टिप्पणी का सही जवाब दिया कि भारतीय अपनी सरकार की आलोचना करते हैं। विक्रम मिसरी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है जहां सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह है। वास्तव में, भारत का संविधान और इसका धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घरेलू और बाहरी दोनों तरह की चुनौतियों का सामना करने में हमारी प्रमुख ताकत है। राष्ट्रीय सम्मान का यह क्षण एक बार फिर से उन ताकतों की पुष्टि करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था, ताकि एक वास्तविक राष्ट्रीय सहमति विकसित करने के लिए उचित, पारदर्शी और लोकतांत्रिक बहस में शामिल होकर ऐसा किया जाता।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 27 मई, 2025



# अंचल अमीन एवं पंचायत सचिव अब राजस्व कर्मचारी का भी करेंगे कार्य

**बेसिक नॉलेज सहित ऑनलाइन म्यूटेशन, परिमार्जन, ई-मापी, डिपार्टमेंट वेबसाईट, लॉगिन, डिजिटल सिग्नेचर, ऑनलाइन भू-लगान, ऑनलाईन जमाबंदी, परिमार्जन प्लस, भू-मानचित्र, ऑनलाइन रिर्पोटिंग, ऑनलाइन एलपीसी, एसएमएस अलर्ट सर्विस, डोर स्टेप डिलेवरी ऑफ रेवेन्यू मैप्स, भू-नक्शा, भू-अखिलेख पोर्टल आदि की दी गयी विस्तृत जानकारी**

●राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार सरकार ने राजस्व कार्यों के निष्पादन के लिए नई व्यवस्था की

●जिले के अंचल अमीन एवं पंचायत सचिवों को विभाग द्वारा दिया गया ऑनलाईन प्रशिक्षण

प्रात: किरण संवाददाता




बेतिया (घनश्याम)। अब अंचल अमीन एवं पंचायत सचिव राजस्व कर्मचारी का कार्य करेंगे। राज्य के अंचलों में राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल में रहने के कारण राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार ने ये नई व्यवस्था की है। इस हेतु आज जिले के अंचल अमीन एवं पंचायत सचिवों को विभाग द्वारा ऑनलाईन ट्रेनिंग समाहरणालय सभागार में दी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय, अपर समाहर्ता, राजस्व राजीव कुमार सिंह उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया सदर विनोद कुमार सहित राजस्व विभाग से जुड़े हुए अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी लोग सरकारी कार्यों का निष्पादन अच्छे तरीके से करते आ रहे हैं। राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा नई व्यवस्था के तहत अंचल अमीन एवं पंचायत सचिव को ऑनलाईन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आपके उपर अब एक नई जिम्मेवारी आ गयी है। प्रशिक्षण एवं दक्ष ट्रेनरों द्वारा बतायी जा रही बातों को अच्छे से ग्रहण करें ताकि राजस्व संबंधी मामलों के निष्पादन में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। ऑनलाइन प्रशिक्षण में अंचल अमीनों एवं पंचायत सचिवों को ऑनलाइन म्यूटेशन, परिमार्जन, ई-मापी आदि आवेदनों को कैसे निष्पादित करना है, बताया गया। इसके साथ ही सभी को राजस्व संबंधी कार्यों की बेसिक जानकारी देते हुए डिपार्टमेंट वेबसाईट, लॉगिन, डिजिटल सिग्नेचर, ऑनलाइन भू-लगान, ऑनलाईन जमाबंदी, परिमार्जन प्लस, भू-मानचित्र, ऑनलाइन रिर्पोटिंग, ऑनलाइन एलपीसी, एसएमएस अलर्ट सर्विस, डोर स्टेप डिलेवरी ऑफ रेवेन्यू मैप्स, भू-नक्शा, भू-अखिलेख पोर्टल आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

# भारत आतंकवाद को बख्शेगा नहीं: सांसद रूडी की दोहा में दो टूक

●सांसद रूडी ने कतर में रखा भारत का रुख, कहा-आतंकी और उन्हें पालने वाले एक समान

●सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में बहुदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल की कतर यात्रा

●सांसद राजीव प्रताप रूडी की प्रमुख भागीदारी

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। सांसद राजीव प्रताप रूडी बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ कतर की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जिसका नेतृत्व सांसद सुप्रिया सुले कर रही हैं। दोहा पहुँचने पर भारतीय राजदूत विपुल द्वारा प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर दूतावास परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भारत की शांति और सहिष्णुता की परंपरा को सम्मानित किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कतर की शूरा परिषद की उपाध्यक्ष महामहिम डॉ. हमदा अल सुलैती तथा अन्य कतरी सांसदों से संवाद किया। चर्चा के दौरान 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के संदर्भ में भारत की चिंता और दृढ़ रुख से अवगत कराया गया। सांसद रूडी के साथ इस प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल हैं जिसमें आप सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी, भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, टीडीपी सांसद लवु श्री कृष्ण देवतरायालु, कांग्रेस सांसद आनंद शर्मा, वी मुरलीधरन और सैयद अकबरुद्दीन है। इस अवसर पर सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह परमाणु धमकियों से नहीं डरता। यदि भारत पर कोई आतंकी हमला हुआ, तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। भारत आतंकवाद और आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले देशों में कोई भेद नहीं करता। कतर ने भी अपनी आतंकवाद विरोधी शून्य सहिष्णुता नीति को दोहराते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद की एकजुट निंदा की आवश्यकता पर बल दिया। दोहा प्रस्थान से पूर्व दिल्ली एयरपोर्ट पर श्री रूडी ने कहा कि भारत आज भी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से संघर्ष कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने आतंकियों को करारा जवाब दिया है। यह प्रतिनिधिमंडल स्पष्ट संदेश लेकर जा रहा है

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्य पश्चिमी और त्रिहुत नहर के स्लोप कई जगहों पर क्षतिग्रस्त

बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज से निकलने वाली मुख्य पश्चिमी और मुख्य त्रिहुत नहर के स्लोप कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गए है। बतादें की मुख्य पश्चिमी नहर गंडक बराज जीरो आरडी से लेकर इंडो नेपाल सीमा झुलनीपुर तक कई जगहों पर नहर के दोनों साइड के स्लोप क्षतिग्रस्त हो गए है। यह नहर उत्तरप्रदेश के 6 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई करती है।वहीं गंडक बराज से निकलने वाली मुख्य ( पूर्वी ) त्रिहुत नहर जीरो आरडी के आसपास भी नहर के स्लोप क्षतिग्रस्त हो गए है। इस नहर से भी बिहार के 6 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाती है। जानकारी के लिए बतादें की गंडक बराज से निकलने वाली दोनों नहरें मुख्य पश्चिमी और मुख्य त्रिहुत नहर और उनसे निकलने वाली नहर शाखाओं व पोईन के माध्यम से बिहार और उत्तरप्रदेश के लगभग 12 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाती है। बहरहाल नहरों से पटवन की सेवा किसानों को मिलती रहे इसके लिए नहरों के रखरखाव व मरम्मती कार्य समय समय विभाग द्वारा किया जाते रहना चाहिए।

### भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में बढ़ाया गया कार्यकताओं का मनोबल

दिघवारा।भाजपा नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता की अध्यक्षता में दिघवारा राईपट्टी स्थित नगर मंडल के उपाध्यक्ष सी एन मेहता जी के आवास पर संपन्न हुई। मंडल कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सोनपुर के पूर्व विधायक सह अध्यक्ष प्रदेश अनुशासन समिति विनय कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता विनोद सम्राट, हेम नारायण सिंह,उपेन्द्र सिंह,डॉ पंकज कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ विकास गुप्ता,जिला मंत्री राजीव सिंह, आदि मौजूद थे। मंडल कार्यसमिति बैठक का विधिवत शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर श्रद्धा पुष्प अर्पित करने के उपरांत हुई। पूर्व विधायक विनय सिंह ने बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर पहुंचाने के लिए हर जगह समान विचारधारा के लोगों की सक्रियता प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आवश्यक है उन्होंने कहा कि भाजपा जनसंघ के काल से ही काफी मजबूत है जिसका सारा श्रेय यहां के देवतुल्य कार्यकताओं की ही बदौलत है। भाजपा नेता विनोद सम्राट ने कहा कि भाजपा देश में राष्ट्रहित में कार्य कर रही है।

उनकी मेहनत और गरिमा को बनाए रखने के लिए हमे अपनी सक्रियता बनाए रखना होगा। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्ममानववाद दर्शन की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें सम्पूर्ण विश्व की समस्या का समाधान है। विधानसभा प्रभारी राजीव सिंह ने कार्यकताओं को संगठन की मजबूती एवं संरचना पर जोर दिया।धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री अरविंद कुमार सिंह ने किया. इस अवसर पर मोहन शंकर प्रसाद,कमलेश कुमार दुबे,अतुल मिश्रा,जय प्रकाश मिश्रा,सुब्रत मिश्रा,गणेश राम,अजीत पासवान,रमेश एकलव्य,पूनम सिन्हा,संगीता देवी,इंदु देवी, सहित नगर मंडल के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वट सावित्री पूजा के अवसर पर महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की और व्रत रखे



प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। सोमवार को महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की और पूरी श्रद्धा से ब्रत रखी। इस पूजा के माध्यम से महिलाएं पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए मन्नतें मांगती है। बतादें की वट सावित्री पूजा एक महत्वपूर्ण हिन्दू त्यौहार है जो सावित्री सत्यवान कथा से प्रेरित है। महिलाएं सुबह स्नान कर पूजा थाली में फूल,हल्दी,कुमकुम आदि लेकर वट वृक्ष के चारो ओर सात बार परिक्रमा कर पवित्र धागे से वृक्ष को बांधती है और पति एवम सुखी जीवन के लिए प्रार्थना करती है। बगहा के आसपास के गांव,शहर,नौरंगिया, चंपापुर, टंकी बाजार,ई टाइप कॉलोनी,ऊपरी शिविर,जी टाइप कॉलोनी आदि जगहों के वट वृक्ष के आसपास महिलाएं इकठ्ठी होकर पूजा अर्चना की और मन्नते मांगी।

# एमएमडीपी किट के उपयोग से मिलता है फाइलेरिया मरीजों को राहत

●फाइलेरिया मरीज दिनेश वर्मा हाथी पाँव मरीजों को बताते है किट उपयोग करने के तरीके

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। फाइलेरिया (हाथी पाँव) की बीमारी एक बार होने के बाद जीवन में कभी ठीक नहीं होता है, लेकिन दवा सेवन और व्यायाम के माध्यम से इसे गंभीर होने से रोका जा सकता है। साथ ही समाज के लोगों को भी सुरक्षित किया जा सकता है। ये कहना है वार्ड नंबर 06, शास्त्री नगर मुहल्ले बेतिया के निवासी 64 वर्षीय वोलेंटियर दिनेश चंद्र वर्मा का। दिनेश वर्मा पेशे से एलआईसी के वर्कर थें, उन्होंने बताया की बचपन से ही उन्हें दाहिने पैर में हाथी पाँव था परन्तु इसके बारे में जानकारी नहीं होने की वजह से इसे नियंत्रित नहीं कर सका और बीतते समय के साथ यह गंभीर हो गया। बाद में कई जगह ईलाज कराने पर भी यह ठीक नहीं हुआ। सरकारी अस्पताल आकर डॉ से मिल दवा और एमएमडीपी किट लिए, व्यायाम किए जिससे मुझे 90 प्रतिशत तक आराम मिला। अभी भी कभी कभी दिक्कते आती है परन्तु व्यायाम और क्रीम के उपयोग से बहुत आराम मिलता है। दिनेश वर्मा ने बताया की मैं नहीं चाहता ऐसा दिव्यांगता लाने वाला रोग, किसी के घर परिवार में हो इसलिए लोगों को भी बचने के लिए जागरूक करता हुँ। जब भी आशा और आँगनबाड़ी के लोग घर घर दवा खिलाने आते है तो अपने घर के लोगों के आलावा भी मोहल्ले के लोगों को सर्वजन दवा सेवन करने के साथ ही घर के आसपास साफ सफाई रखने एवं मच्छड़ काटने से बचने की बातें बताता हुँ। वहीं जब भी फाइलेरिया अस्पताल में डॉ व अधिकारी बुलाते है तो आता हुँ, आसपास के हाथी पाँव के मरीजों को किट, मलहम, दवाए दिलवाता हुँ, मरीजों को स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिलकर इसके उपयोग के तौर तरीके भी सिखाते हैं इससे लोगों का भी भला होता है। सबसे खास बात यह है की अब सरकार एक चप्पल भी दे रहीं है जिससे हाथी पाँव के मरीजों को चलने में काफी आराम मिलता है। पिरामल के प्रखंड प्रतिनिधि श्यामसुन्दर कुमार ने बताया की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेतिया में कैंप लगाकर भीडीसीओ, वीबीडीएस,बीसीएम पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के सहयोग से फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट डिस्ट्रीब्यूशन किया जाता है ताकि फाइलेरिया/ हाथी पांव मरीजों को रुग्णता प्रबंधन में मदद मिल सके। फाइलेरिया रोगियों व्यायाम,दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी जाती है। फाइलेरिया के मच्छर गंदगी में पैदा होते है - इस रोग से बचने के लिए घर के आस-पास सफाई रखना जरूरी है। दूषित पानी में केरोसीन तेल छिड़क कर मच्छरों को पनपने से रोकें। उनके अनुसार सोने के समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

# सांसद रूडी के प्रयास से सिताबदियारा से शुरू हुआ बस




प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रयास से जय प्रकाश नारायण के सिताबदियारा को बाहर राज्य परिवहन विभाग से नया बस दिया गया है जो सिताबदियारा से होकर रिविलगंज शहर , बैजुटोला, सेंगरटोला इनई ,छपरा होते हुए पटना गांधी मैदान तक जाएगी। पूर्व में जो बस सिताबदियारा से पटना चलती थी जो काफी जर्जर हो चुका था। बता दे कि सिताबदियारा के समाजसेवी भोला सिंह ने सांसद राजीव प्रताप रूडी को इन सभी बातों को ध्यान में दिलाया कि जो सिताबदियारा का बस परिवहन निगम दिया है चलने लायक नही है इस पर सांसद ने परिवहन विभाग के वरीय अधिकारियों से बात कर सिताबदियारा को नया बस दिलवाने के कार्य किया। इस अवसर पर रिविलगंज मण्डल अध्यक्ष सह प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि सांसद रूडी जी को बधाई क्योकि सिताबदियारा वैसे क्षेत्र है जिनको सीधे राजधानी से जोड़ना बहुत ही अच्छी बात हसि पहले भी जो बस सिताबदियारा से पटना चलता था वह सांसद रूडी का ही प्रयास से सिताबदियारा पटना के बस सेवा शुरू किया गया था। सारण जिला का रिविलगंज प्रखण्ड को 2 पंचायत जो सरयुग नदी पार उत्तर प्रदेश के सटे जय प्रकाश जी के धरती सिताबदियारा एवं प्रभुनाथ नगर है जहा से राजधानी जाने के लिये कठिन था। सिताबदियारा के मुखिया मनोकामना सिंह एवं प्रभुनाथ नगर दक्षिणवारी चकी के मुखिया अजित सिंह ने अपने पंचायत के जनता के तरफ से सांसद रूडी जो बधाई दिया है।

# जिले के 07 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को मिला राज्यस्तरीय एनक्यूएएस प्रमाणीकरण

●अब नेशनल प्रमाणीकरण को लेकर हो रही तैयारी

●प्रमाणीकरण के लिए कम से कम 70 प्रतिशत अंक अनिवार्य होता है- डॉ आलोक कुमार

प्रात: किरण संवाददाता




बेतिया,पश्चिमी चम्पारण के 07 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) पर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने को लेकर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत राज्यस्तरीय प्रमाणीकरण किया गया है। इसके चयन हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से गठित कमिटी के सदस्यों के द्वारा स्वास्थ्य संस्थान का आंतरिक मूल्यांकन किया गया था, जिसमें कुल 34 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मूल्यांकन हुआ। जिला स्वास्थ्य समिति के डीसीक्यूए डॉ आलोक कुमार ने बताया कि अभी अन्य 11 स्वास्थ्य संस्थान की रिपोर्ट आनी बाकी है। इसमें भी अधिकांश सफल होगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत प्रमाणीकरण किया जा रहा है। इसमें स्वास्थ्यकर्मियों का बेहतर योगदान है। डॉ आलोक ने कहा कि राज्यस्तरीय प्रमाणीकरण के बाद अब जल्द ही नेशनल प्रमाणीकरण के लिए सक्षम पोर्टल के माध्यम से अप्लाई किया जाएगा। इसके बाद केंद्रीय टीम की ओर से असेसमेंट किए जाने के बाद निर्धारित स्कोर मिलने पर नेशनल सर्टिफिकेट मिलेगा। इसके बाद प्रतिवर्ष उन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर को सरकार द्वारा 1 लाख 26 हजार की राशि दी जाएगी जिसे एचडब्ल्यूसी के उन्नयन में खर्च किया जाएगा। इन आयुष्मान आरोग्य मंदिर का हुआ प्रमाणीकरणः डीही पकड़ी, मधुबनी, मड़ुआहा बिशुनपुरवा, भैंसहीरेता, नवगांवा एवं बसंतपुर एच डब्लू सी को एनक्यूएएस प्रमाणीकरण मिला है। विशेषज्ञों की टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर मूल्यांकन किया जाता है। इनमें उपलब्ध सेवाएँ, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। प्रमाणीकरण के लिए कम से कम 70 प्रतिशत अंक अनिवार्य होता है। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर को ही गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किये जाते हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को राज्यस्तरीय एनक्यूएएस प्रमाणीकरण पर जिले के सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार, डीपीएम अमित अचल, डैम रणधीर कुमार, इंचार्ज डीपीसी अमित कुमार, डीसीएम राजेश कुमार, अनुश्रवण पदाधिकारी विनय कुमार ने बधाई दी।

# एकमा में ज्वेलरी शॉप में लूट व गोलीबारी, डीआईजी व एसएसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण



एकमा। एकमा थाना क्षेत्र के मीठा बाजार स्थित महावीर स्थान के पास सोमवार को दिनदहाड़े राज लक्ष्मी ज्वेलर्स में हथियारबंद अपराधियों ने लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। विरोध करने पर दुकानदार को गोली मार दी गई। घायल दुकानदार का इलाज एकमा के निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना पर डीआईजी सारण- निलेश कुमार, एसएसपी सारण डॉ कुमार आशीष व एसपी ग्रामीण- शिखर चौधरी आदि ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को जल्द से जल्द लूटा गया सामान बरामद करने व अपराधियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, पंकज वर्मा (35), पिता रविंद्र वर्मा, की राज लक्ष्मी ज्वेलर्स नामक दुकान पर दोपहर करीब 12:00 बजे तीन बाइक पर सवार छह हथियारबंद अपराधी पहुंचे। वे दुकान में घुसते ही लूटपाट करने लगे। विरोध करने पर अपराधियों ने दो राउंड फायरिंग की, जिसमें एक गोली दुकानदार के जांघ में लगी। घायल अवस्था में परिजनों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। दुकान से कुछ नकदी व आभूषण लूटे जाने की पुष्टि हुई है। घटना के बाद पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि अपराधियों की पहचान की जा रही है और शीघ्र ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, हालांकि पुलिस ने कहा है कि विधि-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह सामान्य है।

# सभी पंचायतों में लगा आयुष्मान कार्ड बनाने का सेंटर



बगहा। बगहा अनुमंडल के सभी पंचायतों के पंचायत भवन में सोमवार को आयुष्मान कार्ड बनाने का सेंटर लगा जो अगले दो दिनों तक चलेगा।चंपापुर गोनौली,वाल्मीकिनगर सहित संतपुर सोहरिया पंचायत भवन में मुखिया के नेतृत्व में आयुष्मान कार्ड बनाने का सेंटर लगाया गया।बतादें की प्रधानमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत देश के असहाय नागरिकों को 5 लाख राशि तक के मुफ्त इलाज की सुविधा इस कार्ड धारकों को मिलेगा। संतपुर सोहरिया मुखिया प्रतिनिधि रमेश महतो ने बताया कि कार्यपालक सहायक सोनू कुमार,पंचायत सचिव पारस राउत,विकास मित्र सीमा कुमारी के सहयोग से आयुष्मान कार्ड सेंटर ग्रामीणों के कार्ड बनाए जा रहे हैं।

# हवाई अड्डे का किया जा रहा है सर्वे अन्य पर्यटन डिस्टिनेशन से जोड़ने की कवायद हुई तेज

प्रात: किरण संवाददाता




बगहा। पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर स्थित हवाई अड्डे को अन्य पर्यटन केंद्रों से जोड़ने की कवायद सरकार के द्वारा तेज कर दी गई है।ताकि वाल्मीकिनगर को हवाई मार्ग से जोड़ा जा सके,इसके लिए सरकार ने वाल्मीकिनगर स्थित हवाई अड्डे को अपग्रेड किया जा जा रहा है । सर्वे टीम लगातार हवाई अड्डे और इसके आसपास के जगहों का सर्वे कर रहा है ताकि बर्तमान हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानक के अनुरूप तैयार किया जा सके। बतादें की वाल्मीकिनगर एक प्राकृतिक स्थल के साथ साथ पौराणिक व धार्मिक स्थल भी है। रामायण सर्किट के अंतर्गत इसे भी जोड़ा जाएगा।साथ ही आसपास के अन्य पर्यटक स्थलों कुशीनगर,अयोध्या नगरी , केसरिया बोधस्तुप,वैशाली जैसे पर्यटन केंद्रों से सीधे जोड़ दिया जाएगा।इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सर्वे टीम द्वारा सर्वे रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

# जीडी पब्लिक स्कूल में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित




नगरा सारण। सीबीएसई दसवीं में उत्तीर्ण छात्रझछात्राओं को सोमवार को जीडी पब्लिक स्कूल औदालपट्टी में किया गया सम्मानित। जिसमें दसवीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों में निधि प्रिया, विशाल कुमार, लक्ष्मी सोनी, आफरीन, प्रिंस, पल्लवी और सोनल को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफल छात्र गुरु प्रगति तिवारी एंव सारिक हुसैन को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनसुराज पार्टी के लोकप्रिय नेता अभय कुमार सिंह ने सभी उत्तीर्ण बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर डॉ० रामबाबू सिंह ने बच्चों की पढ़ाई पर रिविजन पर प्रकाश डाला। वही शंभू नेता ने बच्चों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निर्देशक बब्लू कुमार सिंह ने की। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रिसिंपल सरिता रानी ने किया। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को उनके अच्छे कार्य के लिए अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# शिक्षकों एवं छात्रों के द्वारा स्वच्छता पर निकाली गई साइकिल रैली

प्रात: किरण संवाददाता




नगरा। प्रखंड के खैरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर में राणा प्रताप मध्य विद्यालय रामपुर के शिक्षकों एवं छात्रों के द्वारा सोमवार को इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके तहत शिक्षकों एवं छात्रों ने साइकिल रैली निकाली तथा कचरा प्रबंधन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। साथ ही साथ इन्होंने हरे राम टोला नहर पर स्थित हनुमान मंदिर पर कचरा सफाई का अभियान भी चलाया गया जिसके तहत मंदिर के परिसर में फैली हुई गंदगी को शिक्षकों एवं छात्रों के साथ-साथ कुछ ग्रामीणों के सहयोग से हटाया गया। इसमें मुख्य रूप से स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ओझा, शिक्षक सुनील कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, अर्जुन सिंह सहित अन्य ने भाग लिया।

# दिघवारा प्रखंड बीस सूत्री कार्यालय का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन

दिघवारा। प्रखंड कार्यालय में सोमवार को प्रखंड बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन हुआ।बिहार भाजपा अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक विनय सिंह था जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष बैजनाथ सिंह विकल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया।इस दौरान प्रखंड बीस सूत्री के अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह,उपाध्यक्ष नीतीश कुमार पटेल सहित पूरे क्रियान्वयन समिति के सदस्यों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।इस दौरान सभा को संबोधित करते पूर्व विधायक विनय सिंह ने कहा की बीस सूत्री कमिटी के सभी सदस्यों का दायित्व बनता है की सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थी तक कैसे पहुंचे उसकी निरंतर समीक्षा करें तथा प्रखंड के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर तालमेल के साथ सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समय से हो इसका ख्याल रखें।मौके पर बीडीओ अमरनाथ, सीओ मिट्ठू प्रसाद,प्रमुख प्रतिनिधि दिलीप सिंह,मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह,मुखिया गुडेश्वर सिंह,ओमप्रकाश सिंह,राकेश सिंह,कौशल सिंह,सच्चिदानंद सिंह,संजय सिंह,वरुण सिंह,प्रमोद सिंह,बबलू सिंह,अश्वनी पांडेय,मोहन शंकर प्रसाद,दीपक गुप्ता,कल्याण तिवारी के साथ एनडीए गठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीएम अल्पसंख्यक इंटर प्रोत्साहन राशि की सूची अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने कराया उपलब्ध

छपरा। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 2025 में प्रथम श्रेणी से पास करने वाले केवल इंटर अल्पसंख्यक छात्राओं को 15000 की राशि उपलब्ध कराया जाएगा। बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा जिला में 1346 अल्पसंख्यक छात्राओं की सूची उपलब्ध करा दी गई है। इस आशय की जानकारी अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी रवि प्रकाश के हवाले से दी गई। बता दें कि इस बार सारण जिला में कुल 1346 अल्पसंख्यक छात्राएं ने प्रथम श्रेणी से पास की है। सरकार द्वारा यह योजना लंबे समय से अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए चलाया जा रहा है, जिससे अल्पसंख्यक वर्ग की छात्राएं अपने आगे की तालीम जारी रख सके। इंटर 2025 में प्रथम श्रेणी से पास जिला के सभी अल्पसंख्यक छात्राएं अपने अपने संस्थान या जिला अल्पसंख्यक कार्यालय से संपर्क स्थापित कर आवश्यक डॉक्यूमेंट जमा करें। इस संबंध में जिला अल्पसंख्यक कार्यालय के नाजिर के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाले छात्राओं को सीडेड खाता होना आवश्यक है।

## संक्षिप्त खबरें

### होमगार्ड बहाली 14 जून से

मुजफ्फरपुर। होमगार्ड की 296 पदों पर होने वाली बहाली 14 जून से लंगट सिंह कालेज मैदान में होगी। बहाली के लिए जिले के अलग-अलग प्रखंडों से 17 हजार 319 अभ्यर्थियों ने आन लाईन निबंधन कराया है। बहाली प्रक्रिया 2 जुलाई तक चलेगी।बहाली को लेकर जिला समादेष्टा कार्यालय ने टेंडर जारी किया है। इच्छुक एजेंसी तकनीकी एवं वित्तीय टेंडर की दो अलग-अलग लिफाफे में मुहरबंद कर कार्यालय में जमा करेंगे।बहाली के लिए अभ्यर्थियों की शारीरिक क्षमता की जांच स्थल पर बैरिकेडिंग,वाटर प्रूफ पंडाल, लाईट ,जेनरेटर आदि की व्यवस्था करनी है। टेंडर 3 जून को दोपहर समाहरणालय सभाकक्ष में खोला जाएगा।तकनीकी गड़बड़ी के कारण गत 5 मई को सम्पन्न दौड़ के अतिरिक्त सभी प्रतियोगिता पूर्व चयन प्रक्रिया की भांति करना पड़ा था,जबकि पूरी शारीरिक दक्षता परीक्षा आरएफआईडी के माध्यम से करना था। गत 5 मई को हुए गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन प्रक्रिया में हुए शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सकीय परीक्षण को जिला समिति द्वारा रद्द कर दिया गया है।

### हमला मामले में दो नामजद एवं 25 अज्ञात पर हुई प्राथमिक की दर्ज

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर पंचायत के महमदाबाद गांव में रविवार की दोपहर पूर्व के विवाद को लेकर हथियार के बल पर रणधीर राय के घर पर हुए हमले मामले में पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कराया।जिसमें महममदाबाद गांव निवासी रणधीर राय के पुत्र निशांत कुमार ने दो नामजद एवं 25 अज्ञात को आरोपित किया है। दिए आवेदन में कहां है कि शनिवार की शाम हम अपने दोस्त के साथ जन्मदिन मनाने कल्याणपुर जा रहे थे।इसी दौरान कुछ युवक ने मंजिल मुबारक चौक के समीप रोककर मारपीट करने लगा। फिर रविवार की दोपहर भी हथियार के बल पर घर पर पहुंच कर मारपीट एवं हमला बोला दिया। लेकिन ग्रामीणों के सहयोग से सभी बदमाश भागने में सफल रहा। वहीं थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि आवेदन के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पुलिस ने 144 टैट्रा पैक पाउच किया बरामद

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के मुक्तापुर गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 144 पीस टैट्रा पैक शराब बरामद किया है।वहीं पुलिस को देखते ही शराब कारोबारी भागने में सफल। वहीं एस आई हरेंद्र तिवारी ने शराब को जपत कर थाना ले आया।उन्होंने कहा कि उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।

### दो पक्षों के बीच रोड़े बाजी में में दर्जन भर लोग हुए जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के परतापुर गांव में रविवार की देर शाम दो पक्षों के बीच आपसी विवाद को लेकर हुई रोड़े बाजी की घटना में दर्जन भर लोग जख्मी हो गए।लोगों के मुताबिक मारपीट की घटना में मुकेश महतो ,हीरो कुमार, राहुल कुमार रोशन ,धर्मेंद्र कुमार सहित दजन भर लोग गंभीर जख्मी हो गए।सभी जख्मी का ईलाज का समस्तीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ईलाज किया जा रहा है।घटना की जानकारी मिलते ही थाना के एस आई हरेंद्र तिवारी ने पहुंचकर मामला को शांत कराया।वहीं थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि आवेदन आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### महिला सशक्तिकरण को लेकर महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत के पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में निकेतन जीविका महिला ग्राम संगठन के द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कम्युनिटी कॉर्डिनेटर गोविन्द कुमार कर रहे थे। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बीपीएम संजीव कुमार पासवान, उपप्रमुख सुजीत कुमार चौधरी,जीविका से ज्योति कुमारी,भोली कुमारी, गीता कुमारी,वीणा देवी, कविता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। तत्पश्चात आगत अतिथियों को स्वागत चादर,पाग,माला व कलम डायरी भेंट कर किया गया।वहीं संवाद कार्यक्रम के माध्यम से बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को जागरूकता वाहन के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराना है। वहीं उपस्थित जीविका से जुड़े दीदीओं ने जीविका में जुड़ने से लाभ एवं अपनी समस्या से जुड़ी मांग को रखा।मौके पर शांति देवी, सविता देवी, काजल कुमारी, उषा देवी, सुशीला देवी सहित 222 जीविका दीदी उपस्थित थे।

# 50 हजार रुपये के ईनामी कुख्यात अपराधी को मधेपुरा पुलिस ने किया गिरफ्तार, हत्या, लूटकांड मामले में था फरार

प्रात : किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) जिले के भरार्ही थाना क्षेत्र से पुलिस ने 50000 हजार रुपये के इनामी कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी मादक पदार्थ कारोबार, हत्या, लूट जैसे कई जघन्य अपराध में फरार चल रहा था। मामले में उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस वार्ता करते हुए जानकारी दी कि पुलिस मुख्यालय, बिहार पटना एवं पुलिस उप-महानिरीक्षक कोशी क्षेत्र सरहसा के निदेर्शानुसार जिला अन्तर्गत अवैध आग्नेयास्त्र, मादक पदार्थ के कारोबारी, हत्या, लूट जैसे जघन्य कांडो को कारित करने वाले फरार अपराधी एवं ईनामी टॉप-10/20 में शामिल अपराधकर्मी के गिरफ्तारी हेतु सभी थानाध्यक्ष / ओ०पी० अध्यक्ष को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में 26 मई के सुबह में पु०अ०नि० विकाश कुमार थानाध्यक्ष अरार थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्वालपाड़ा थाना कांड सं0-182/24 के फरार 50000/रु ईनामी अपराधकर्मी संतन कुमार पिता-राजकिशोर यादव सा०-भरार्ही वार्ड नं0-03 थाना भरार्ही जिला-मधेपुरा अपने घर पर आया हुआ है।

उक्त सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उदाकिशुनगंज, मधेपुरा के निदेर्शानुसार पु०अ०नि० विकाश कुमार थानाध्यक्ष अरार थाना, पु०अ०नि० धीरज कुमार अरार थाना सशस्त्र बल, भरार्ही थाना एवं तकनिकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी को शामिल करते हुए एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया।गठित टीम के द्वारा प्राप्त सूचना का सत्यापन किया गया तो सही पाया गया। जिसके बाद गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए (50000/रु०) ईनामी अपराधी संतन कुमार पिता-राजकिशोर यादव, सा०-भरार्ही वार्ड नं0-03 थाना-मरार्ही जिला-मधेपुरा को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक कार्रवाई पश्चात न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार अपराधी संतन कुमार पिता राजकिशोर यादव, सा०-भरार्ही वार्ड नं0-03 थाना भरार्ही जिला-मधेपुरा का रहने वाला है।जिसका अपराधिक इतिहास ग्वालपाड़ा थाना क्षेत्र,अरार, भरार्ही थाना क्षेत्र में रहा है। वह कई महीनों से फरार चल रहा था। टीम में पु०अ०नि० विकाश कुमार थानाध्यक्ष अरार थाना, पु०अ०नि० धीरज कुमार अरार थाना, पु०अ०नि० धर्मेन्द्र कुमार थानाध्यक्ष भरार्ही थाना, पु०अ०नि० राजीव कुमार तकनिकी शाखा मधेपुरा, पु०अ०नि० विकाश कुमार मिश्रा तकनिकी शाखा मधेपुरा,सशस्त्र बल अरार थाना सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

## जनसंवाद में पूर्व मंत्री हुए लोगों की समस्याओं से रूबरू



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता ई. अजीत कुमार ने रविवार को कांटी विधानसभा क्षेत्र के मड़वन प्रखंड के भटौना धानुक टोला व सलाहपुर गांव में किसान - मजदूर, युवा जन संवाद कार्यक्रम के तहत लोगों से संवाद किया एवं उनके समस्याओं को सुना। श्री कुमार के समक्ष लोगों ने विद्युत विपत्र में गड़बड़ी एवं सूचना दिए बिना विद्युत विभाग द्वारा लाइन काटे जाने तथा भूगर्भ जल स्तर में हुई गिरावट से गरीब बस्ती में पेयजल संकट का मामला प्रमुखता से उठाया। जन संवाद कार्यक्रम में किसानों ने सिंचाई की सुविधा अपर्याप्त होने का भी मामला उठाया। वही, मजदूरों ने मनरेगा योजना से पंचायत में काम नहीं मिलने पर श्री कुमार के समक्ष नाराजगी व्यक्त किया। मौके पर श्री कुमार ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात कर उपभोक्ताओं के समस्या के बारे में उन्हें अवगत कराया साथ ही लोगों का विपत्र कैंप लगाकर सुधार करने एवं सूचना दिए बिना विद्युत संबंध विच्छेद नहीं करने की बात कही। श्री कुमार ने किसानों से सिंचाई सुविधा बेहतर बनाने के लिए शीघ्र ही संबंधित अधिकारी से मिलकर उन्हें अवगत कराकर समस्या का निदान कराने की बात किसानो से कहा। उन्होंने लोगों से कहा कि आप चिंता न करें, मैं पेयजल संकट की समस्या को लेकर शीघ्र ही जिलाधिकारी से मिलुंगा एवं उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराएंगे। पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने कहा कि मैं बड़ी जल्द जिलाधिकारी से मिलकर सभी मामले से अवगत करवायंगे एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के देख रेख में पेयजल संकट दूर करने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स गठित कर हर पंचायत में पेयजल संकट का समीक्षा कराने एवं शीघ्र पेयजल संकट दूर कराने का आग्रह करेंगे।

जन संवाद कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता जय किशन कुमार चौहान, पप्पू मिश्रा, विनोद शर्मा ,अजय राय , राजीव महतो ,राजू मंडल, मोहम्मद शमीम, जालंधर महतो, मनोज ठाकुर ,जय कृष्ण महतो, मनोज महतो, संजय महतो , रामदास महतो, तिलक महतो ,कामेश्वर पंडित, बैजू पंडित ,मनोज पासवान, मुकेश पासवान ,बबलू पंडित ,मोहम्मद तैयब ,विनोद पंडित, रंजन कुमार, रविंदर राम, शिवजी राम, अंकेश ओझा, अरुण यादव आदि लोगों ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया।

## दलसिंहसराय में किराना व्यवसाई दुकानदार पर लूट मामले की जानकारी लेने पहुंचे मंत्री




प्रात : किरण संवाददाता

दलसिंहसराय। उजियारपुर विधानसभा के दलसिंहसराय प्रखंड अंतर्गत गोलापट्टी निवासी अर्जुन आनंद जी के आनंद स्टोर(किराना दुकान)पर बीते दिनों अपराधियों द्वारा पैसे लूटने के दौरान उनके पुत्र अभिषेक आनंद और अनुराग आनंद को गोली मार दिया गया तथा वे निजी अस्पताल में इलाजरत है।भारत के केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय,समस्तीपुर के विधान परिषद माननीय तरुण कुमार,भाजपा के जिला अध्यक्ष शशिधर जा एवं नीलम साहनी जी ने पीड़ित परिवार से मिलकर दुख प्रकट किया और अपराधियों की गिरफ्तारी और परिवार को सुरक्षा मुहैया करने हेतु निर्देशित किया।साथ ही दलसिंहसराय सभी व्यवसाईयों की सुरक्षा पर भी चर्चा हुई। इसमें दलसिंहसराय खाद्यान्न व्यवसायी संघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार चौधरी,उपाध्यक्ष सुनील कुमार एवं अवधेश कुमार,सुरेंद्र शाह,अनिल साह, बिहार राज्य खाद्यान्न व्यवसायी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार सुरेखा,उत्सव जायसवाल,गोविंद मृणाल,धीरज कुमार,अमन कुमार,गीता साह,मनीष,आदि लोग उपस्थिति थे।

## पीएस पाण्डेय बनाए गये विकसित कृषि संकल्प अभियान के क्षेत्रीय नोडेल अधिकारी



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।किसानों को समर्पित भारत सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान का रीजनल नोडल अधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस पांडेय को बनाया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने देश भर में तीन क्षेत्रीय नोडल अधिकारी बनाये है जिनमें से सभी पठारीय क्षेत्रों के लिए डॉ पी एस पांडेय को अधिकृत किया गया है। उनके साथ कई राज्यों के नोडल अधिकारी मिलकर कार्य करेंगे।भारत सरकार का यह अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। इसमें वैज्ञानिकों की टीम गांव में जाकर किसानों से उनकी समस्याओं पर चर्चा करेगी। बिहार राज्य के स्टेट नोडल अधिकारी बामेति के निदेशक होंगे।

इसके लिए डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में भी वैज्ञानिक की 33 टीम बनाई गई है। हर टीम में विभिन्न विषयों के चार से पांच वैज्ञानिक होंगे। जानकारी के अनुसार हर टीम एक दिन में तीन गांव का दौरा करेगी। कुलपति डॉ पांडेय स्वयं बिहार के अतिरिक्त लगभग आठ अन्य राज्यों की कमान संभालेंगे और पर्यवेक्षण करेंगे कि वैज्ञानिकों की टीम किसानों की समस्याओं का समाधान करे और उनके फीडबैक से भी क्षेत्रीय नोडल अधिकारी के कार्यालय को अवगत कराया जाए। कई राज्यों में चलने वाले इस मेगा अभियान को लेकर कुलपति ने बैठकों का दौर शुरू कर दिया है।जानकारी के अनुसार विभिन्न वैज्ञानिकों को अलग अलग निर्देश दिए गए हैं। कुलपति डॉ पांडेय अन्य राज्यों के राज्य नोडल अधिकारी के भी लगातार संपर्क में हैं ताकि भारत सरकार के इस मेगा अभियान को अधिक से अधिक सफल बनाया जा सके।

## मंडन भारती कृषि महाविद्यालय में जल कुंभी से खाद निर्माण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिलांतर्गत अगवानपुर स्थित मंडन भारती कृषि महाविद्यालय के सौजन्य से जल कुंभी से खाद निर्माण एवं अन्य लाभदायक उत्पाद निर्माण संबंधित प्रशिक्षण सत्र सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महिषी विधायक गुंजेश्वर साह ने संबोधित करते हुए कहा की इस क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थिति के फलस्वरूप जलकुंभी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।जिसके फल स्वरूप परम्परागत कृषि फसलों का उत्पादन प्रभावित होता रहा है।तथापि जलकुंभी का विवेकपूर्ण उपयोग सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।उन्होंने कहा की कृषि फसलों के उत्पादन के वृद्धि हेतु वर्तमान में प्रयुक्त खाद न केवल उर्वरा शक्ति को प्रभावित करती है, बल्कि खाद में विद्यमान तत्वों के कारण स्वास्थ्य भी दुष्प्रभावित होता है। अतः कृषि फसलों के उत्पादन में वृद्धि हेतु अन्य विकल्पों पर भी गहन विचार आवश्यक है। जलकुंभी से खाद बनाने की प्रक्रिया इस दिशा में एक सराहनीय कदम है, इसी बिंदु पर विचार विमर्श हेतु प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया है।माननीय विधायक ने कहा की राज्य सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास व बाढ़ से मुक्ति हेतु लगातार ठोस प्रयास किए जा रहे है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने उक्त अवसर पर कहा की जलकुंभी जिसे सामान्यतः कृषि फसलों व जलीय जीवो के लिए एक अवरोध के रूप में समझा जाता है। लाभप्रद उपयोग के संबंध में विचार विमर्श व प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जो एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा की राज्य सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र के विकास हेतु अनेकों योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है, आवश्यकता है कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों के समावेश करने की, उन्होंने कहा की कृषि महाविद्यालय में अध्ययरत छात्रों व कृषि कार्यालय में कार्यरत कर्मियों, पदाधिकारियों को नवीनतम तकनीकों के प्रचार प्रसार कार्य हेतु आगे आना चाहिए,जो उनका दायित्व भी है। जिलाधिकारी ने कार्यशाला में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सिखाए गए गुर को पूर्ण तन्मयता से ग्रहण करने की सलाह दी। वहीं कृषि महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डॉ अरुणिमा कुमारी ने अपने संबोधन में जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्यों के संबंध में प्रकाश डालते हुए कहा की जलकुंभी, जिसे सामान्यतः अभिशाप के रूप में समझा जाता है, का विवेकपूर्ण उपयोग लाभप्रद भी होता है। इसको डिकंपोस्ट करके हानिरहित खाद में परिवर्तित किया जा सकता है। जो परम्परागत रासायिक खाद के बदले एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके अतिरिक्त जानकुंभी से अन्य लाभप्रद उत्पाद का निर्माण संभव है। जिला कृषि पदाधिकारी संजय कुमार ने जलकुंभी के लाभप्रद उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए, इसके व्यापक प्रचार प्रसार की अपील की। आज आयोजित जागरूकता सह प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ विधायक, जिलाधिकारी, प्राचार्या कृषि महाविद्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, उप निदेशक जन संपर्क एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## नटवर साहित्य परिषद की कवि गोष्ठी में बही गीत - गजलों की बयार



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शहर के श्री नवयुवक समिति के सभागार में रविवार को नटवर साहित्य परिषद की ओर से मासिक कवि गोष्ठी सह मुशायरा का आयोजन किया गया। कवि गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि डॉ.जगदीश शर्मा, मंच संचालन युवा कवि सुमन कुमार मिश्र व धन्यवाद ज्ञापन संयोजक डॉ. नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी ने किया। कवि गोष्ठी की शुरूआत आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री के गीतों से किया गया। इसके बाद कवि डॉ.लोकनाथ मिश्र ने- लगातार उठती रहती है लहरे, कभी कम कभी ज्यादा... सुनाकर भरपूर दाद बटोरी। शायर डॉ.नर्मदेश्वर मुजफ्फरपुरी ने गजल- करीब मौत खड़ी है जरा ठहर जाओ,कजा से आंख लड़ी है जरा ठहर जाओ... सुनाकर भरपूर दाद बटोरी। युवा कवि सुमन कुमार मिश्र ने- एक दिन मरने के लिए वर्षो तक जीने की जद्दोजहद... सुनाकर तालियां बटोरी। वरिष्ठ कवि सत्येन्द्र कुमार सत्येन ने- जप ले मनवा बेर- बेर सतनाम... सुनाया। डॉ.जगदीश शर्मा ने - आज नहीं कोई व्रत का दिन या त्योहार है... सुनाकर भरपूर दाद बटोरी । इसके अलावे अशोक भारती , मुन्नी चौधरी, अरुण कुमार तुलसी, रामबृक्ष राम चकपुरी, राजीवेन्द्र किशोर, उमेश राज, मोहन प्रसाद सिन्हा ,सहज कुमार, डॉ.हरिकिशोर प्रसाद सिंह,मुस्कान केशरी, अंजनी कुमार पाठक, श्रवण कुमार, श्याम पोद्दार ,नंदकिशोर प्रसाद, पल्लव कुमार सुमन, अर्जुन कुमार ,चिराग पोद्दार, सुनील कुमार सिंह, नितेश कुमार गुप्ता की रचनाएं भी सराही गई।

## जिलाधिकारी ने लंबित आवेदन को जल्द से निष्पादन करने का दिये निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की कई योजनाओं की समीक्षा की गयी।बैठक में महाप्रबंधक ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष का लक्ष्य 406 प्राप्त है,लक्ष्य के विरुद्ध 372 प्राप्त आवेदक को संबंधित बैंक में अग्रसारित किया गया है।

पीएम विश्वकर्मा योजना के फेज1 के लंबित आवेदन जो मुखिया के द्वारा निष्पादित किया जाना है एवं फेज 2 के आवेदन उद्योग केंद्र के द्वारा निष्पादित किया जाना है।जिलाधिकारी ने लंबित आवेदन को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश महा प्रबंधक उद्योग केंद्र दरभंगा को दिया। जिलाधिकारी ने पीएम विश्वकर्म योजना के फेज वन के लंबित आवेदन को निष्पादन के लिए कंट्रोल रूम का गठन कर, मुखिया को दूरभाष के माध्यम से निष्पादन कराने के लिए परियोजना प्रबंधक उद्योग कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।आज बैठक में प्रबंधक उद्योग सुरुचि कुमारी एवं बैंक के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## बिहार के अहियापुर में हुये नरसंहार के खिलाफ युवा राजद ने किया आक्रोश मार्च व पुतला दहन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। बक्सर जिला के राजपुर के अहियापुर गांव में हुए नरसंहार,बिहार में एनडीए का महा जंगलराज में हो रहे लूटपाट,हत्या और बलात्कार के विरोध में महानगर युवा राजद दरभंगा के ओर से पोलो ग्राउंड से पैदल मार्च करते हुए जिला मुख्यालय लहेरियासराय टॉवर पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं इंडिया गठबंधन के सभी साथियों ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिए। इस अवसर पर कार्यक्रम के नेतृत्वकर्ता एवं महानगर युवा राजद दरभंगा के अध्यक्ष राकेश नायक ने कहा कि बिहार में सत्ता संपोषित अपराधियों द्वारा चहुंओर व्यापारियों, छात्रों, महिलाओं और आमजनों की हत्याएं हो रही है लेकिन अचेत मुख्यमंत्री उनके दो सहायक उपमुख्यमंत्री आँखों पर भ्रष्टाचार की पट्टी, कानों में तेल डालकर लेटे है। कार्यक्रम में महानगर युवा राजद के प्रधान महासचिव अकबर अली प्रेम चंद यादव, युवा राजद प्रदेश उपाध्यक्ष, युवा राजद प्रधान महासचिव, गोविंद यादव, महानगर अध्यक्ष गंगा मंडल,अल्पश्यंखक जिला अध्यक्ष मोहम्मद साबिर हुसैन, सुभाष पासवान, धर्मवीर यादव, कुंदन महतो, प्रवक्ता टुनटुन यादव जी ,श्याम यादव, अभिषेख झा नदीम राजा, मनीष गुप्ता, शेखर मंडल, शमशेर, सुरेश पासवान मोहम्मद अली विष्णु महतो एवं अन्य सैकड़ों कर्मठ कार्यकताओं मौजूद थे।

## कराटे प्रतियोगिता में पदक पाने में दरभंगा रहा अव्वल

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। पटना के डॉन बॉस्को एकेडमी में एक दिवसीय बिहार कप स्टेट कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां बिहार कई जिलों से लगभग 350 खिलाड़ीयों ने हिस्सा लिया। जानकारी साझा करते हुए दरभंगा जिला मुख्य कराटे प्रशिक्षक सह सचिव मुकेश मिश्रा ने बताया की प्रतियोगिता में दरभंगा जिला के कराटे खिलाड़ीयों ने तीन स्वर्ण, तीन रजत एवं तीन कांस्य पदक प्राप्त किए है । स्वर्ण पदक विजेता में जीत राज, जिया राज एवं असफंद आहमर, रजत पदक विजेताओं में आकृती झा, यामी आनंद एवं कुमारी दीक्षा व कांस्य पदक विजेताओं में कशिश राज, जान्वी सिन्हा एवं आराध्या सम्मलित हैं। कराटे एसोसिएशन ऑफ दरभंगा के अध्यक्ष राजीव रंजन एवं मुख्य सलाहाकार डॉ निर्भयशंकर भारद्वाज, जय कुमार झा, नन्दकिशोर यादव, अभिषेक गुप्ता एवं सुनिल कुमार यादव ने सभी विजेताओं को बधाई एवं अपनी शुभकामनाएँ दी है।

## अपना बूथ सबसे मजबूत : मंत्री हरि सहनी

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। बहादुरपुर प्रखंड के उघरा स्थित मिथिला पब्लिक स्कूल में भाजपा बहादुरपुर पूर्वी मंडल के कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष सुशील सिंह की अध्यक्षता में आहूत हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के मंत्री हरि सहनी ने अपना बूथ सबसे मजबूत का नारा देकर कार्यकर्ताओं को अपने-अपने मतदान केंद्र तक संगठन को मजबूत करने एवं केंद्र एवं बिहार सरकार की योजनाओं से आम लोगों को अवगत कराने की बात कही। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधान पार्षद डॉ अर्जुन सहनी ने कहा की निषाद समाज पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ी है। कुछ लोग बाहर से आकर निषाद समाज के लोगों को भरमाने का काम कर रहे हैं। किसी भी अफवाह पर हम कार्यकर्ता को ध्यान देने की कोई जरूरत नहीं है। बहादुरपुर पूर्वी मंडल के प्रभारी मुकुंद चौधरी ने कहा की प्रदेश के निर्देश पर बूथ सशक्तिकरण का कार्य सभी कार्यकर्ता तय समय के अंदर ही पूरा करें। सभी कार्यकर्ताओं को अपना-अपना बूथ कैसे मजबूत हो, सिर्फ इसी बात की चिंता करनी है। दरभंगा जिला कार्यसमिति द्वारा पशु वध अधिनियम एवं कार्यकर्ता दरबार संबंधी पारित प्रस्ताव को मंडल कार्यसमिति ने भी मंजूरी दी।बैठक का संचालन मंडल महामंत्री नीरज पासवान जबकि धन्यवाद ज्ञापन छेदी दास ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष प्रो आदित्य नारायण चौधरी मन्ना, जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, मंडल महामंत्री विकास कुमार देव,बहादुरपुर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष संजय ठाकुर, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, जिला सोशल मीडिया संयोजक गुलशन चौधरी,मंडल सोशल मीडिया संयोजक मृत्युंजय झा,मीरा देवी, कृष्णा देवी,मीना प्रसाद, संतोष पासवान, तेज नारायण पासवान,प्रदीप साह,अरुण सिंह जी, मदन ठाकुर,ताराकांत ठाकुर,इंद्रकांत ठाकुर,विमल झा,अमरनाथ झा,शिवशंकर झा राजा,उज्जवल झा, आशुतोष झा,सतीश सिंह,सुरेंद्र सिंह जी ब्रह्मदेव ठाकुर,सुरेंद्र ठाकुर,विकाश चौधरी,प्रदीप साह जी,रंजन राय, सिकंदर मुखिया सहित सभी मंडल पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यसमिति के सदस्य उपस्थित थे।

## पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने किया वट सावित्री व्रत पूजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को वट सावित्री का पर्व धूमधाम से मनाया गया।सुहागिन महिलाओं ने सोमवार को सावित्री वट व्रत की। सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए व्रत रखती है। इस दौरान बरगद के पेड़ की पूजा विधि विधान पूर्वक किया।सुबह से बरगद के पेड़ के पास महिलाएं की भीड़ उमड़ी पड़ी। कपिलेस्वर,सौराठ सभा गाछी सहित आदि जगहों पर महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर पत्ति के दीघार्यु की कामना की।शहर व ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं ने व्रत रख भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजा-अर्चना की और उनसे सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद मांगा।महिलाएं सुबह से ही सज सवर कर घर में पकवान बनाने के बाद वट वृक्ष के नीचे पहुंची पूजा-अर्चना शुरू की।अक्षत रोली से तिलक करने के बाद महिलाओं ने पंचामृत से भगवान विष्णु का पूजन वंदन किया। वट वृक्ष में धागा लपेटते हुए महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना कर व्रत रखा। पूजन-अर्चना कर महिलाओं ने पति की दीघार्यु के साथ ही परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने पंडित जी से वट सावित्री की कथा सुनी। सुबह से ही वट वृक्ष के नीचे महिलाओं की भीड़ लगने लगी थी। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर विधि विधान से पूजन वंदन किया।यह पर्व हर साल ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को आता है। इस दिन वट सावित्री व्रत के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा है। इसलिए इस दिन का महत्व और बढ़ रहा है। मान्यता है कि इस योग में किए गए कार्य पूर्ण होते हैं।इस पूजा को करने के लिए विशेष विधि-विधान है, जिसका पालन सख्ती से किया जाता है। वट सावित्री के पूजन सामग्री में बांस का पंखा,लाल कलावा, सुहाग का समान, मूर्तियां,धूप, दीप,घी,कच्चा सूत,चना,बरगद का फल,जल से भरा कलश आदि सामग्री उपयोग किया गया।

## पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई ई०अलीगंज :प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सुहागिन महिलाओं ने अपनी सुहाग की दीघार्यु एवं उनकी मंगल कामना के लिए सोमवार ज्येष्ठ मास की अमावस्या (26 मई) को सुहगिन महिलाएं व्रत सावित्री का व्रत धारण पति की दीघार्यु व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ वट वृक्ष की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। अलीगंज सहित प्रखंड क्षेत्र के महिलाओ ने बट व्रत पूजा विधि के साथ वट सावित्री की पूजा करने के लिए वैवाहित महिलाएं सुबह उठकर स्नान कर लाल या पीले रंग के वस्त्र पहनें।फिर श्रृंगार करके सज धज कर तैयार होकर।भोग प्रसाद के लिए सात्विक भोजन बना लें साथ ही सभी पूजन सामग्री को एक स्थान पर एकत्रित कर थाली सजा लें।गांव के वट वृक्ष की जड़ में जल अर्पित करने के बाद पुष्प, अक्षत, फूल, भीगा चना, गुड़ व मिठाई चढ़ाएं।फिर पेड़ के चारों ओर 7 बार परिक्रमा किया और उसके चारों ओर सफेद कच्चा सूत बांधी।वट सावित्री कथा का पाठ करें। अंत में आरती से पूजा का समापन करें।भगवान का आशीर्वाद लें और पति की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करें। बड़े-बुजुर्ग से भी आशीर्वाद लिए, वट वृक्ष की परिक्रमा से दीघार्यु होती है। रंजीत पांडे,आलोक मिश्रा,दीपक पाण्डेय ,बॉबी मिश्रा ने बताया की इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीघार्यु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं। इस त्योहार को लेकर ये मान्यता है कि इस व्रत को रखने से परिवार के लोगों को सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है और वैवाहिक जीवन में खुशियां आती है। बहुत से लोग ये भी मानते हैं कि इस व्रत का महत्व करवा चौथ के व्रत जितना होता है। इस दिन व्रत रखकर सुहागिनें वट वृक्ष की पूजा लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य देने के साथ ही हर तरह के कलह और संतापों का नाश होती है।



# भारत के मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम पर बनेगी फिल्म, धनुष निभाएंगे अहम किरदार

भारत के 11वें राष्ट्रपति और भारत के मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पर एक बायोपिक बन रही है। इस फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक ओम राउत करेंगे। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुपरस्टार धनुष इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे।

### कान में हुआ फिल्म का ऐलान

फिल्म का निर्माण अभिषेक अग्रवाल कर रहे हैं। साईविन क्वाड्रास ने इसका लेखन किया है। दिग्गज अभिनेता धनुष डॉ. कलाम की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के निर्माताओं ने कान फिल्म फेस्टिवल में इस फिल्म का एलान किया है। जब ओम राउत और धनुष फिल्म पर चर्चा करने के लिए मिले, तो उन्हें एहसास हुआ कि वे अपने जिंदगी की सबसे बड़ी फिल्म साथ में बना रहे हैं।

### निर्देशक ओम राउत ने की तारीफ

राउत ने एक बयान में कहा सच्चे राजनेताओं की कमी वाले युग में, कलाम राजनीति और संकीर्णता से ऊपर खड़े थे। वह एक ऐसे व्यक्ति थे जो शिक्षा और स्वदेशी नवाचार की ताकत के लिए जाने जाते थे। उनकी कहानी को स्क्रीन पर लाना एक कलात्मक चुनौती और एक नैतिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। यह एक ऐसी कहानी है जो वैश्विक युवाओं और खास तौर पर दक्षिण के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।

### निर्माता ने खुद को माना सौभाग्यशाली

निर्माता अभिषेक अग्रवाल ने फिल्म के बारे में कहा हम डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन को बड़े पर्दे पर लाने के लिए उत्साहित हैं। यह हमारे लिए एक भावनात्मक क्षण है। मैं भारतीय सिनेमा के दिग्गज ओम राउत और धनुष का सहयोग करके सम्मानित महसूस कर रह हूं। हमें यह कहानी बताने का सौभाग्य मिला है और हम में से हर कोई सच्चे भारत रत्न कलाम जी की यात्रा को जीवंत करने के लिए कोशिश कर रहा है। यह भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिष्ठित परियोजनाओं में से एक है।



# रवीना टंडन की 24 साल बाद तमिल सिनेमा में वापसी

**बॉलीवुड की 'मस्त-मस्त गर्ल' यानी रवीना टंडन 90 के दशक की उन अभिनेत्रियों में से हैं जो आज भी सक्रिय हैं और फिल्में कर रही हैं। अब रवीना 24 साल बाद तमिल सिनेमा में वापसी करने जा रही हैं। वो निर्देशक जोशुआ सेथुरमन की नई फिल्म में नजर आएंगी। अब निर्देशक ने रवीना के फिल्म में शामिल किए जाने को लेकर बात की है।**

### निर्देशक ने ऐसे किया रवीना से संपर्क

हाल ही में रवीना टंडन के तमिल फिल्म 'लॉयर' में शामिल किए जाने की घोषणा हुई थी। इस फिल्म में तमिल स्टार विजय एंटनी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। अब फिल्म के निर्देशक जोशुआ सेथुरमन ने फिल्म में रवीना के लिए जाने को लेकर बात की। बातचीत में निर्देशक ने कहा, मेरे कुछ दोस्त बॉलीवुड में काम कर रहे हैं, जिनके जरिए मैंने रवीना से संपर्क किया। मैंने उनसे कहा कि जब वह मेरी पहली फिल्म जेंटलवुमेन देखेंगी, तो उन्हें मेरे काम का अंदाजा हो जाएगा। उनके इस फिल्म को देखने के बाद, मैंने तुरंत उन्हें इस फिल्म की कहानी सुनाई और उन्होंने इसमें दिलचस्पी दिखाई।

### 2001 में आखिरी बार तमिल फिल्म में आई थीं नजर

'लॉयर' के जरिए रवीना टंडन तकरीबन 24 साल बाद तमिल सिनेमा में वापस आ रही हैं। आखिरी बार वो 2001 में आई फिल्म 'आलवंधन' में नजर आई थीं। सुरेश कृष्ण द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कमल हासन, मनीषा कोइराला, अनु हसन, किटू गिडवानी और सरथ बाबू प्रमुख भूमिकाओं में नजर आई हैं।

### 'केजीएफ 2' में दिखा था रवीना का दमदार अंदाज

रवीन टंडन ने अपने करियर में बॉलीवुड के अलावा तमिल और तेलुगु फिल्मों में भी काम किया है। साउथ की फिल्मों में उनकी सबसे बड़ी हिट फिल्म यश स्टारर कन्नड़ फिल्म 'केजीएफ 2' है। इसमें उनके साथ संजय दत्त भी नजर आए थे। फिल्म में रवीना के अभिनय की काफी तारीफ हुई थी।

### 'हाउसफुल 5' में नजर आएंगी रवीना

रवीना टंडन के वर्कफ्रंट की बात करें तो इस तमिल फिल्म के अलावा वो बॉलीवुड की मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म 'हाउसफुल 5' और 'इन गलियों में' भी नजर आएंगी।



# सोनाक्षी सिन्हा स्टारर दहाड़ का जल्द आएगा दूसरा सीजन

रीमा कागती और रुचिका ओबेरॉय के निर्देशन में बनी वेब सीरीज दहाड़ को काफी पसंद किया गया था। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, गुलशन देवैया, विजय वर्मा और सोहम शाह नजर आए थे। क्राइम, सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर यह सीरीज 12 मई 2023 को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। अब दहाड़ के सीक्वल पर मुहर लग चुकी है। रिपोर्ट्स के अनुसार सीरीज का दूसरा सीजन जल्द ही आने वाला है। सीरीज की कहानी पर काम शुरू हो चुका है और इसकी शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो सकती है। रीमा कागती के साथ मिलकर जोया अख्तर दहाड़ 2 की कहानी लिख रही हैं। सोनाक्षी और गुलशन समेत तमाम सितारे अपने-अपने किरदारों को दोहराते हुए नजर आएंगे। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर ही दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

# हेरा फेरी 3 के बाबू भैया ने सूद समेत लौटाए सारे पैसे

हेरा फेरी फ्रेंचाइज के बाबू भैया यानी कि परेश रावल को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दिनों अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर आगामी फिल्म हेरा फेरी 3 से किनारा कर लिया था। अब रिपोर्ट्स के तौर पर कहा जा रहा है कि परेश रावल ने साइनिंग अमाउंट वापस कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक कहा गया कि अभिनेता परेश रावल को हेरा फेरी 3 के लिए साइनिंग अमाउंट के तौर पर 11 लाख रुपये मिले थे, जिसे उन्होंने 15 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज के साथ जोड़कर वापस कर दिया है। हालांकि, बताया गया कि एक्टर ने फिल्म छोड़ने के लिए थोड़े अधिक पैसे दिए हैं, जिससे निर्माताओं को कोई असुविधा ना हो।


### फिल्म के नियम व शर्तें हैं वजह?

मीडिया रिपोर्ट्स के कुछ सूत्रों ने जानकारी दी कि अभिनेता परेश रावल को हेरा फेरी 3 के लिए 15 करोड़ रुपये फीस के तौर पर दिए जाने थे, जिसमें उन्हें 11 लाख रुपये साइनिंग अमाउंट पर दिए जा चुके थे। इसके साथ ही बाकी के 14 करोड़ 89 लाख रुपये फिल्म रिलीज के एक महीने बाद मिलने वाले थे। सूत्रों के अनुसार बताया कि गया कि अभिनेता को ये नियम और शर्तें पसंद नहीं आई, शायद इस वजह से उन्होंने यह निर्णय लिया। इस फिल्म को किसी भी हालत में 2026 के अंत से पहले इस फिल्म को रिलीज नहीं किया जा सकता है।

### अक्षय कुमार की कंपनी ने भी किया केस?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये जानकारी सामने आई है कि बॉलीवुड अभिनेता की कंपनी केप ऑफ गुड फिल्म्स ने परेश रावल पर 25 करोड़ रुपये का मुकदमा दायर किया है। बताया गया कि इस फिल्म को अचानक छोड़ने के फैसले से फिल्म मेकर्स को काफी नुकसान हुआ है।





# बिग बॉस 18 की प्रतियोगी रहीं एडिन बोलीं मुझे नजर लगी


रियालिटी शो 'बिग बॉस 18' के बाद एडिन रोज काफी मशहूर हो गईं। हाल ही में उन्हें एक बड़े अवॉर्ड फंक्शन में परफॉर्म करना था लेकिन अपनी परफॉर्मेंस से कुछ घंटे पहले ही वह बीमार हो गईं और अचानक उन्हें इमरजेंसी वॉर्ड में दाखिल होना पड़ा। कई दिन तक हॉस्पिटल में रहने के बाद अब एडिन घर लौट आई हैं और पब्लिक इवेंट्स में शामिल हो रही हैं। हाल ही में एक इवेंट में एडिन ने अपने बीमार होने का असल कारण बुरी नजर को बताया। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड से की गई बातचीत में एडिन रोज कहती हैं, 'मैं अवॉर्ड फंक्शन में परफॉर्म करने के लिए एक महीने से तैयारी कर रही थी, सब अच्छा चल रहा था, मैं खुशी थी। जिस दिन मुझे परफॉर्म करना था मैं एक घंटे पहले बीमार हो गई और हॉस्पिटल में एडमिट होना पड़ा। यह सब बुरी नजर के कारण हुआ, सच में बुरी नजर होती है।'

### ईश्वर के करीब रहने की सलाह दी

आगे एडिन रोज कहती हैं, 'बुरी नजर से बचने का एक ही तरीका है कि आप अपने ईश्वर के करीब रहो। आप जिस भी धर्म या भगवान को मानते हैं तो उनका नाम लो। मैं भी इस मुश्किल वक्त में अपने क्रिएटर के साथ जुड़ी और ठीक हो गईं।' जब एडिन बीमारी थीं तो उन्होंने हॉस्पिटल से अपनी तस्वीरें भी साझा की थीं, जिनमें वह काफी तकलीफ में नजर आ रही थीं। साथ ही एडिन ने उन तस्वीरों पर लिखा था, 'यहां फिर कभी नहीं आऊंगी।'

### एडिन का करियर फंट

एडिन रोज के करियर फंट की बात करें तो वह बतौर वाइल्ड कार्ड 'बिग बॉस 18' में शामिल हुईं। कई दिनों तक इस शो का हिस्सा रहीं। वह मॉडलिंग में भी एक्टिव हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं।



# सुपरस्टार जितेंद्र के बेटे होने की चुकानी पड़ी कीमत?

बॉलीवुड में नेपोटिज्म और स्टार किड्स को लेकर अक्सर बहस होती रहती है। लेकिन इस बार खुद एक स्टार किड ने अपने अनुभव शेयर करते हुए सभी को चौंका दिया है। हम बात कर रहे हैं एक्टर तुषार कपूर की, जो 70 और 80 के दशक के दिग्गज अभिनेता जितेंद्र के बेटे हैं। तुषार कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने संघर्षों और फ्लॉप करियर को लेकर दिल खोलकर बात की।

### नेपोटिज्म पर खुलकर बोले तुषार

तुषार कपूर ने एचटी सिटी को दिए इंटरव्यू में कहा है कि भले ही उनका ताल्लुक एक फिल्मी परिवार से रहा हो, लेकिन इंडस्ट्री में उन्हें भी वो सब कुछ झेलना पड़ा, जो किसी आम नए अभिनेता को झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कई बार उन्हें सिर्फ इस वजह से जज किया गया क्योंकि वह एक स्टार के बेटे हैं।

### 'हीरो जैसे नहीं लगते'

तुषार ने इंटरव्यू में बताया कि जब वह अपने करियर के शुरुआती दौर में मीडिया के सामने बिना मेकअप या साधारण लुक में जाते थे, तो लोग कहते थे कि वह हीरो जैसे नहीं दिखते। वहीं जब वह अच्छे से तैयार होकर किसी इवेंट में जाते थे, तो उन्हें फिल्मी और नकली कहा जाता था। तुषार ने बताया कि उस समय आलोचनाएं इतनी ज्यादा थीं कि उन्हें खुद पर भरोसा बनाए रखने के लिए बहुत हिम्मत जुटानी पड़ी।

### तुषार की पहली फिल्म रही हिट

साल 2001 में आई उनकी डेब्यू फिल्म 'मुझे कुछ कहना है' बॉक्स ऑफिस पर हिट रही, लेकिन इसके बावजूद तुषार को इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाए रखने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि लोग सोचते हैं कि स्टार किड्स को सब कुछ आसानी से मिल जाता है, लेकिन हकीकत इससे बहुत अलग होती है'।

### 'नेपोटिज्म का बोझ झेलना पड़ा'

तुषार ने कहा, 'अक्सर लोगों को लगता है कि फिल्मी परिवार से जुड़े लोग खास फायदे में रहते हैं। लेकिन मुझे लगातार अपने पिता जितेंद्र से तुलना का सामना करना पड़ा। लोग मेरी परफॉर्मेंस को मेरे पिता के स्टारडम के तराजू में तौलते रहे।

# शूजीत सरकार की अगली फिल्म के हीरो हैं राजकुमार

रा जकुमार राव पिछले कुछ समय से वह कॉमेडी फिल्म भूल चूक माफ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अब इसी बीच उनकी नई फिल्म को लेकर एक अपडेट सामने आया है। वह विक्की डोनर और सरदार उधम जैसी बेहतरीन फिल्मों का निर्देशक कर चुके शूजीत सरकार की अगली फिल्म में नजर आने वाले हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक... शूजीत ने अपनी अगली फिल्म की स्क्रिप्ट फाइनल कर दी है। जल्द ही वह इसकी शूटिंग भी शुरू करने वाले हैं। फिल्म कॉमेडी होगी, जिसके लिए शूजीत ने राजकुमार के नाम पर तो पहले ही मोहर लगा दी है, वहीं उन्हें इसके लिए एक और एक्टर की तलाश है, क्योंकि ये 2 हीरो वाली फिल्म होगी।






# गौतम अडानी की झोली में गिरने वाली है एक और कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप अहमदाबाद की कंपनी डायमंड पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदने की दौड़ में सबसे आगे है। इस मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी है। हालांकि, दो और कंपनियां भी इस हिस्सेदारी को हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। देश के दूसरे बड़े रईस गौतम अडानी का ग्रुप डीपीआईएल में इसलिए दिलचस्पी दिखा रहा है क्योंकि वह अपने वेंडर इकोसिस्टम को और बेहतर बनाना चाहता है। आने वाले कुछ साल में अडानी ग्रुप का कैपिटल एक्सपेंडिचर यानी पूंजीगत व्यय काफी बढ़ने वाला है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक डीपीआईएल एक ऐसी कंपनी है जो बिजली के बुनियादी ढांचे से जुड़े कई काम करती है। यह केबल, कंडक्टर, ट्रांसमिशन टावर और बिजली के ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन जैसे क्षेत्रों में काम करती है। कंपनी ट्रांसमिशन लाइन टावर और उनके पार्ट्स बनाने और लगाने का काम भी करती है। यह काम टर्नकी बेसिस पर होता है, जिसका मतलब है कि



कंपनी सब कुछ खुद ही करती है। भारत की इलेक्ट्रिक इंडस्ट्री में वायर एंड केबल की हिस्सेदारी करीब 40 फीसदी है। 2023 में इसका बाजार 8.7 अरब डॉलर का था जिसके 2032 में 17 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

**प्रमोटर्स की हिस्सेदारी-** एक सूत्र ने बताया कि डीपीआईएल में हिस्सेदारी खरीदने के लिए तीन कंपनियां बातचीत कर रही हैं जिनमें अडानी ग्रुप भी शामिल है। बीएसई में लिस्टेड डीपीआईएल के प्रमोटरों के पास अभी कंपनी की 90 प्रतिशतहिस्सेदारी है, जो मार्च 2024 में 94.88 प्रतिशतथी। सेबी के नियमों के मुताबिक प्रमोटर्स को कंपनी में अपनी हिस्सेदारी को घटाकर 75 प्रतिशतपर लाना है। उम्मीद है कि अगले 60 दिनों में यह डील हो जाएगी। डीपीआईएल का मार्केट कैपिटलाइजेशन लगभग 5,000 करोड़ रुपये है।

हालांकि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि प्रमोटर कंपनी की कितनी हिस्सेदारी बेचना चाहते हैं। अडानी ग्रुप के अलावा और कौन सी कंपनियां डीपीआईएल की हिस्सेदारी के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, यह भी स्पष्ट नहीं है।

## जेप्टो के सीइओ आदित पालीचा ने प्रतिद्वंदी कंपनी के सीएफओ पर लगाया नकारात्मक प्रचार का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्विक डिलीवरी प्लेटफॉर्म जेप्टो के सीईओ और को-फाउंडर आदित पालीचा अपनी प्रतिद्वंदी कंपनी के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर पर कंपनी को बदनाम करने का आरोप लगाया है। आदित्य ने बताया कि एक प्रतिंद्वदी कंपनी के सीएफओ पिछले कुछ दिनों से उनके खिलाफ अलग-अलग जगह नकारात्मक प्रचार कर रहे हैं।

**क्या कुछ आदित पालीचा ने लिखा है-** आदित अपने पोस्ट में लिखते हैं, हमारे निवेशकों को फोन करके बेबुनियाद आरोप लगाना। पत्रकारों के साथ गलत नंबर के साथ एक्सेल शीट शेयर



करना। वहीं, सोशल मीडिया पर निगेटिव नरेटिव के लिए बोट्स को पैसा दिया जा रहा है। आदित ने अपने पोस्ट में किसी कंपनी का नाम नहीं लिया है। बता दें, इस सेक्टर में जेप्टो के अलावा, ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टामार्ट, फ्लिपकार्ट मिनट्स और टाटा बिगबास्केट जैसी कंपनियां हैं। आदित पालीचा लिखते हैं कि यह काम किसी बड़ी कंपनी के सीएफओ को शोभा नहीं देता है। साथ ही वो जेप्टो के इबीआइटीडीए में तेजी के साथ हो रहे सुधार से घबरा रहे हैं।

**कंपनी के विषय में क्या कुछ बताया-** आदित पालीचा बताते हैं कि जेप्टो का ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू 750 करोड़ रुपये से बढ़कर मई 2025 में 2400 करोड़ रुपये प्रति माह पहुंच गया है। उनका कहना है कि कंपनी का इबीआइटीडीए जनवरी 2025 के मुकाबले मई 2025 में 2000 बेसिस प्वाइंट्स बढ़ गया है। इसी दौरान कंपनी का कैश बर्न भी 65 प्रतिशत घटा है। पालीचा ने उम्मीद जताई है कि अगले क्वार्टर तक लगभग सभी डार्क स्टोर का इबीआइटीडीए पॉजिटिव हो जाएगा। उन्होंने बताया है, इस तिमाही के शुरुआत तक कंपनी के पास बैंक में 7445 करोड़ रुपये का कैश था। मौजूदा खर्च को अगर देखें तो कंपनी के पास कई सालों तक के लिए पैसा है।

## आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 52 वीक हाई पर, एचडीएफसी बैंक के शेयरों में उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन को तेजी देखने को मिली है। इस तेजी के महौल में कई बैंकिंग स्टॉक भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसमें एचडीएफसी बैंक जैसा दिग्गज शेयर भी शामिल है। बता दें, निफ्टी बैंक में उछाल देखने को मिली है।

**आईसीआईसीआई बैंक शेयर प्राइस -** यह बैंकिंग स्टॉक आज यानी सोमवार को 1453.05 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में इस प्राइवेट बैंक के शेयर 1.40 प्रतिशत से




अधिक की बढ़त के साथ 52 वीक हाई 1471.10 रुपये के लेवल पर पहुंच गया।

**एचडीएफसी बैंक -**शेयर बाजार में आज एचडीएफसी बैंक के स्टॉक भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। बीएसई में बैंक के शेयर 1933 रुपये के लेवल पर ओपन होने के बाद दिन में करीब 1 प्रतिशत की तेजी के साथ 1949.90 रुपये के लेवल पर पहुंच गए। जोकि बैंक के शेयरों का 52 वीक हाई 1977.95 रुपये है।

**एक्सिस बैंक -** सोमवार को शुरुआती कारोबार में एक्सिस बैंक के भी शेयर बढ़त के साथ ही ट्रेड कर रहे थे। 1215.40 रुपये के लेवल पर खुलने के बाद यह स्टॉक 1224.10 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। एक्सिस बैंक के शेयरों में बीते 3 महीने के दौरान 20 प्रतिशत से अधिक उछाल दर्ज की गई है।

# आय का जरिया: रिटायरमेंट के बाद भी हर महीने पाएं तय रकम

### छात्रों के लिए भी फायदेमंद है एसडब्ल्यूपी प्लान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेवानिवृत्ति के बाद जब नियमित आय बंद हो जाती है, तो सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान (एसडब्ल्यूपी) उन लोगों के लिए बहुत उपयोगी साबित होता है, जिन्हें अपने दैनिक खर्चों को पूरा करने के लिए हर महीने एक निश्चित राशि की आवश्यकता होती है। एसडब्ल्यूपी सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) का ठीक उल्टा है। एसआईपी में आप नियमित अंतराल पर एक निश्चित राशि निवेश करते हैं, जबकि एसडब्ल्यूपी में आप अपने मौजूदा म्यूचुअल फंड निवेश से नियमित अंतराल पर एक निश्चित राशि निकालते हैं। सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान एन्युटी या फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) से कईमायनों में भी काफी बेहतर होता है।

**छात्रों के लिए भी उपयोगी है विकल्प-** सेवानिवृत्ति के बाद यानी बुढ़ापे में व्यक्ति को अपने मासिक खर्चों को पूरा करने के लिए हर महीने पैसे की जरूरत होती है। जिनके पास किराये की संपत्ति से आय जैसे अन्य स्रोत हैं, वे भी अपने मौजूदा म्यूचुअल फंड निवेश से एसडब्ल्यूपी के माध्यम से इसे पूरक बना सकते हैं। यह उन लोगों के लिए बहुत उपयोगी है, जिन्हें नियमित समय अंतराल पर एक निश्चित राशि की आवश्यकता होती है। छात्रों के लिए भी यह विकल्प बहुत उपयोगी है, जिन्हें हर महीने एक निश्चित राशि की जरूरत होती है।

**हर माह निकाल सकते हैं इतने पैसे-** एसडब्ल्यूपी के जरिये हर महीने निकाली जाने वाली राशि मुख्य रूप से आपके घरेलू खर्चों को पूरा करने की मासिक आवश्यकता पर निर्भर करती है।यह भी ध्यान रखना होगा कि सेवानिवृत्ति फंड आपके जीवनकाल तक बना रहे। एक सामान्य नियम के अनुसार, आपको हर साल अपने सेवानिवृत्ति कॉर्पस का 40 फीसदी से अधिक नहीं निकालना चाहिए। उदाहरण के लिए, अगर आपने सेवानिवृत्ति के लिए 1.50 करोड़ रुपये का फंड जमा किया है, तो आपको पहले वर्ष के दौरान 4 फीसदी से अधिक (6 लाख रुपये) नहीं निकालना चाहिए। हर साल निकाली जाने वाली राशि आपके कॉर्पस के उस समय के मूल्य के आधार पर बढ़ेगी।

**कितना फंड जमा करना पर्याप्त-** यह सुनिश्चित करने के लिए कि एसडबल्यूपी सेवानिवृत्ति के बाद साथ दे, आपको अपनी कमाई के वर्षों के दौरान पर्याप्त फंड जमा करना होगा। एक सामान्य नियम के अनुसार, अगर आप 60 वर्ष में सेवानिवृत्ति होते हैं, तो आपको इस समय तक अपने सालाना खर्चों का 25 गुना जमा करना होगा। उदाहरण के लिए, अगर सेवानिवृत्ति के समय आपका मासिक खर्च 50,000 रुपये है, जो सालाना 6 लाख रुपये बनता है, तो आपको 60 वर्ष की आयु तक 1.50 करोड़ जमा करना होगा।

**टैक्स के मोर्चे पर भी है फायदेमंद-** एसडब्ल्यूपी में रिडेम्पशन आय के सिर्फ एक हिस्से पर टैक्स लगता है, वह भी इक्विटी स्कीम में रियायती दर पर, जबकि पेंशन-एफडी से प्राप्त राशि पर स्लैब रेट के हिसाब से टैक्स लगता है।इसलिए, एसडब्ल्पूयी सेवानिवृत्ति फंड से मासिक जरूरतें पूरी करने का टैक्स-कुशल तरीका प्रदान करता है।

### एन्युटी या एफडी से इसलिए है बेहतर

जब आप सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान चुनते हैं, तो म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश की कुछ यूनिट्स एसडब्ल्यूपी की राशि की आवश्यकता को पूरा करने के लिए रिडीम की जाती हैं। यूनिट्स को रिडेम्पशन की तारीख पर नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) के आधार पर रिडीम किया जाता है। इसमें आपके निवेश की लागत और निवेश मूल्य में वृद्धि शामिल होती है। खरीद और रिडेम्पशन की एनएवी के बीच का अंतर ही आपकी आय मानी जाती है और उस पर टैक्स लगता है। टैक्स देनदारी इस बात पर निर्भर करती है कि निवेश डेट स्कीम में किया गया है या इक्विटी स्कीम में। 31 मार्च 2023 के बाद किए गए डेट स्कीम में निवेश के लिए खरीद लागत और रिडेम्पशन मूल्य के बीच का अंतर शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन माना जाता है और इस पर स्लैब रेट के हिसाब से टैक्स लगता है, भले ही आपका होल्डिंग पीरियड कितना भी हो। एक अप्रैल, 2023 से पहले किए गए डेट स्कीम में निवेश पर होने वाले मुनाफे पर 12.50 फीसदी की फ्लैट दर से टैक्स देना होता है। इक्विटी फंड स्कीम को 12 महीने के भीतर रिडीम किए गए मुनाफे पर 20 फीसदी और 12 महीने से अधिक समय तक रखे गए निवेश पर 12.50 फीसदी टैक्स लगता है। इसके विपरीत, एन्युटी से प्राप्त पूरी पेंशन और एफडी पर मिलने वाले ब्याज पर आपको स्लैब रेट के हिसाब से टैक्स देना होता है।

# ग्रे मार्केट में धूम मचा रहे दो आईपीओ, आज से बोली लगाने का मौका




**नई दिल्ली, एजेंसी।आईपीओ** मार्केट में इस हफ्ते फिर से हलचल होने वाली है। इस हफ्ते 9 आईपीओ खुलने जा रहे हैं। इनमें से मेन बोर्ड से दो आईपीओ आज यानी सोमवार से खुल गए हैं। इन दोनों आईपीओ को ग्रे मार्केट में अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

**लीला होटल्स आईपीओ-** श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड कंपनी लीला होटल्स को चलाती है। इस आईपीओ का इश्यू साइज 3,500 करोड़ रुपये है। कंपनी ने 2,500 करोड़ रुपये के 5.75 करोड़ फ्रेश शेयर जारी किए हैं। वहीं 1,000 करोड़ रुपये 2.30 करोड़ शेयर ओएफएस के तहत जारी किए हैं। इस आईपीओ में 28 मई तक बोली लगा सकेंगे। लिस्टिंग 2 जून को हो सकती है। इसकी फेस वैल्यू 10 रुपये प्रति शेयर है। वहीं प्राइस बैंड 413 से 435 रुपये के बीच है। एक लॉट में 34 शेयर हैं। इसके लिए कम से कम 14,790 रुपये निवेश करने होंगे। एक रिटेल इन्वेस्टर अधिकतम 13 लॉट के लिए बोली लगा सकता है।

**क्या है जीएमपी-** इस आईपीओ को ग्रे मार्केट में अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। सोमवार सुबह करीब 7 बजे इसका जीएमपी यानी ग्रे मार्केट प्रीमियम 13 रुपये था। यानी यह शेयर करीब 3 फीसदी की बढ़त के साथ 448 रुपये पर लिस्ट हो सकता है। हालांकि 24 मई को इसका जीएमपी 22 रुपये पर पहुंच गया था।

### एजिस वोपाक टर्मिनल्स आईपीओ

इस आईपीओ का इश्यू साइज 2,800 करोड़ रुपये है। यह पूरी तरह से फ्रेश इश्यू है। कंपनी ने 11.91 करोड़ फ्रेश शेयर जारी किए हैं। यानी कोई भी शेयर ओएफएस के तहत जारी नहीं किया है। इस आईपीओ में भी 28 मई तक बोली लगा सकेंगे। इसकी भी लिस्टिंग 2 जून को हो सकती है। इसकी फेस वैल्यू 10 रुपये प्रति शेयर है। वहीं प्राइस बैंड 223 रुपये से 235 रुपये प्रति शेयर है। एक लॉट में 63 शेयर हैं। इसके लिए कम से कम 14,805 रुपये निवेश करने होंगे। इस आईपीओ के लिए भी एक रिटेल इन्वेस्टर अधिकतम 13 लॉट के लिए बोली लगा सकता है।

### क्या है जीएमपी

यह आईपीओ भी ग्रे मार्केट में छाया हुआ है। सोमवार सुबह इसका जीएमपी 14.5 रुपये था। यानी यह शेयर 6.17 फीसदी की तेजी के साथ 249.5 रुपये पर लिस्ट हो सकता है। 24 मई को इस आईपीओ का जीएमपी 17 रुपये पर ट्रेंड कर रहा था।

### बंपर लाभांश से राजकोषीय हालात बेहतर करने में मिलेगी मदद

# 70000 करोड़ अतिरिक्त खर्च कर सकेगी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2.69 लाख करोड़ रुपये के बंपर लाभांश से सरकार की राजकोषीय स्थिति बेहतर हो सकेगी। साथ ही, दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। एसबीआई ने इकोरैप रिपोर्ट में कहा, हमारा अनुमान है कि बंपर लाभांश से राजकोषीय घाटा बजट स्तर से 0.2 फीसदी कम होकर जीडीपी का 4.2 फीसदी रहेगा। यह वैकल्पिक रूप से करीब 70,000 करोड़ के अतिरिक्त खर्च का रास्ता भी खोलेगा, जबकि अन्य चीजों में कोई बदलाव नहीं होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के बजट में 2.56 लाख करोड़ का लाभांश मिलने का अनुमान लगाया था।




**आरबीआईविदेशी मुद्रा भंडार का शीर्ष विक्रेता-** रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अधिशेष भुगतान मजबूत सकल डॉलर की बिक्री, उच्च विदेशी मुद्रा लाभ और ब्याज आय में लगातार वृद्धि की वजह से है। आरबीआई जनवरी में एशिया के अन्य केंद्रीय बैंकों की तुलना में विदेशी मुद्रा भंडार का शीर्ष विक्रेता था। सितंबर, 2024 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 704 अरब डॉलर के शिखर पर पहुंच गया था।

### चालू वित्त वर्ष में अच्छी रहेगी नकदी की स्थिति

रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में टिकाऊ नकदी की स्थिति अधिशेष में रहने की उम्मीद है। इसमें खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) की खरीद, आरबीआई के लाभांश हस्तांतरण और 2025-26 में 25-30 अरब डॉलर के भुगतान संतुलन (बीओपी) अधिशेष से समर्थन मिलेगा।

# निवेश मंत्रा: ब्लूचिप बनने की दौड़ में ये कंपनियां

### बढ़त की संभावना वाले शेयरों में निवेश का मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिस तरह से छोटी और मझोली कंपनियां यानी एसएमई में बढ़त की संभावना होती है और आगे चलकर ये एक बड़ी कंपनी के रूप में बदल जाती हैं, उसी तरह से शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियों में भी यह क्षमता होती है। उनमें स्मॉलकैप से मिडकैप और मिडकैप से लार्जकैप बनने की क्षमता होती है। ऐसे में अगर आप आगे अच्छा लाभ कमाना चाहते हैं, तो इन कंपनियों के शेयरों में म्यूचुअल फंड के जरिये सुरक्षित निवेश कर सकते हैं। कुछ ऐसी कंपनियां होती हैं जो अंडररेटिंग होती हैं। ऐसे में जब इनकी रेटिंग आगे की जाती है, तब इनके वास्तविक वृद्धि का पता चलता है।



**बीएसई की 100 से आगे की कंपनियों में मौका-** आप कम रेटिंग वाली ब्लूचिप कंपनियों में निवेश कर सकते हैं, जिनमें बीएसई सेंसेक्स का हिस्सा बनने की क्षमता है। बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 इंडेक्स में वे कंपनियां शामिल हैं, जो बीएसई 100 का हिस्सा हैं, लेकिन बीएसई सेंसेक्स का हिस्सा नहीं हैं। ये 30 कंपनियां ब्लू चिप हैं, जिनमें मदरबोर्ड बीएसई सेंसेक्स का हिस्सा बनने की क्षमता है। निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड ने पैसिव कैटेगरी में नया फंड ऑफर लॉन्च किया है। यह बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 इंडेक्स फंड बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 इंडेक्स की तरह होगा।

**पिछले 10 वर्षों में 20 शेयर बढ़ गए आगे-** पिछले 10 वर्षों में 20 स्टॉक बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 से बीएसई सेंसेक्स में आगे बढ़े हैं। यह इंडेक्स कम प्रतिनिधित्व वाले लार्ज कैप को कवर करता है, जो एक ऐसा बेहतर स्थान है, जिसे कोई अन्य इंडेक्स नहीं पकड़ पाता है। दिलचस्प बात यह है कि बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 टीआरआई ने लगातार बीएसई सेंसेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया है, जिससे यह ईटीएफ श्रेणी में एक आकर्षक निवेश विकल्प बन गया है।

**पांच वर्षों में 26 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न-** पांच वर्षों में बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 इंडेक्स ने 26 फीसदी चक्रवृद्धि दर और बीएसई सेंसेक्स ने 20.3 फीसदी रिटर्न दिया।

तीन वर्षों में भी नेक्स्ट-30 इंडेक्स ने 15.7 फीसदी व सेंसेक्स ने 13.4 प्रतिशतरिटर्न दिया। बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 इंडेक्स ने पांच साल में निफ्टी-50 और निफ्टी नेक्स्ट-50 टीआरआई से भी बेहतर प्रदर्शन किया है। बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 12 सेक्टरों में फैला विविधतापूर्ण इंडेक्स है। इनमें जेएसडब्ल्यू स्टील, इंटरग्लोब एविएशन, ग्रासिम, ओएनजीसी, बजाज ऑटो, अदाणी एंटरप्राइजेज, बीपीसीएल, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज और विप्रो जैसी कंपनियां शामिल हैं।

# केसी कार्टी की शतकीय पारी, वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को 97 रन से हराया



**डबलिन (एजेंसी)।** केसी कार्टी (170) की शानदार शतकीय, कप्तान शे होप (75) और जस्टिन ग्रीव्स (50) की अर्धशतकीय पारियों के बाद जेडेन सील्स (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय वर्षा बाधित मुकाबले में डकवर्थ-लुईस स्टर्न पद्धति (डीआरएस पद्धति) से आयरलैंड को 97 रनों से हरा दिया। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। केसी कार्टी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया।

आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दोनो सलामी बल्लेबाजों के विकेट 31 के स्कोर पर गवां दिए। ब्रैंडन किंग (एक) और एविन लुइस (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद केसी कार्टी और कप्तान साई होप ने ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। केसी कार्टी और साई होप ने तीसरे विकेट के लिए 147 गेंदों पर 137 रन की साझेदारी हुई। केसी कार्टी ने 142 गेंदों में (170), कार्टी का यह लगातार दूसरा शतक है।

कप्तान साई होप ने 75 गेंदों में (75) और जस्टिन ग्रीव्स ने 23 गेंदों में (50) की शानदार पारी खेली। जांगो ने 36 गेंदों का सामना कर 22 रन बनाए। उसके बाद कार्टी ने पांचवें विकेट के लिए जस्टिन ग्रीव्स के साथ 40 गेंदों पर 97 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी की बदौलत आखिरी आठ ओवरों में 132 रन जोड़े और वेस्टइंडीज ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 385 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

आयरलैंड के लिए बैरी मक्कार्थी ने तीन विकेट लिये। लियम मक्कार्थी को दो विकेट मिले। एंडी मैक्ब्राइन और जॉर्ज डॉकरेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बारिश के कारण आयरलैंड को 46 ओवरों में 363 रन बनाने का लक्ष्य दिया गया था। वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रामण के आगे आयरलैंड की पूरी टीम 29.5 ओवर में 165 रन पर ढ़ेर हो गई। आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 40 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिए।

आयरलैंड का पहला विकेट एंडी बैलबर्नी (तीन),पॉल स्टर्लिंग (26) और हैरी टेक्टर (शून्य) पर आउट हुये। इसे बाद लोकरन टकर ने केड कार्माइकल के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 72रनों की साझेदारी हुई। 21वें ओवर में अल्जारी जोसेफ ने लोकरन टकर (29) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया।

## क्या धोनी फिट भी हैं?

### सुरेश रैना और आकाश चोपड़ा के बीच लाइव टीवी पर हुई तीखी बहस



**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में आईपीएल 2025 का अंत गुजरात टाइटंस पर 83 रन की धमाकेदार जीत के साथ किया। पांच बार की चैंपियन ने आईपीएल 2025 में 14 मैचों में से केवल चार जीत के साथ 8 अंक हासिल किए। टीम के प्रदर्शन के साथ ही धोनी के प्रदर्शन पर सवाल उठे क्योंकि पिछले साल के 53 के औसत में भारी गिरावट आई। मैच के बाद सुरेश रैना और आकाश चोपड़ा के बीच इस बात को लेकर लाइव टीवी पर बहस छिड़ गई कि क्या धोनी अभी भी फिट हैं।

आकाश चोपड़ा -अगर एमएस धोनी अनकैप्ड भारतीय नहीं होते, तो क्या वे इस साल ष्टस्य टीम का हिस्सा होते? सुरेश रैना -बिल्कुल, वे 18 साल से टीम के साथ हैं। अब भी, वे सबसे ज्यादा छक्के लगाते हैं। आकाश चोपड़ा-मुद्दा यह है कि वह नंबर 7, नंबर 8 या नंबर 9 पर क्यों बल्लेबाजी कर रहे हैं? आपकी टीम अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर रही है, समस्याएं शीर्ष क्रम से आ रही हैं। क्या इतने बड़े खिलाड़ी को ऊपर बल्लेबाजी करनी चाहिए? अनिच्छा क्यों? क्या वह फिट भी है या नहीं? सुरेश रैना - उन्हें लगता है कि वह अंतिम चार ओवरों में अधिक सहज हैं। वह 44 साल की उम्र में विकेटकीपिंग करते हुए फिट हैं। उन्होंने बीच में एक इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि विश्व कप (टी20) के लिए एक टीम बनाई जा रही है इसलिए वह शिवम दुबे जैसे अन्य खिलाड़ियों को मौका देना चाहते हैं। इन दोनों के बीच आरपी सिंह की एंट्री होती है और वह भी धोनी को लेकर अपनी बात रखते हैं।

## टीम हारी, लेकिन सुनील नरेन ने किया अपना काम, बनाया बड़ा रिकॉर्ड



**कोलकाता (एजेंसी)।** टी20 क्रिकेट में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्टार स्पिनर सुनील नरेन ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नरेन ने किसी एक टी20 टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने कोलकाता के लिए 209 विकेट हासिल किए, जो इस फॉर्मेट में किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा है। यह उपलब्धि आईपीएल 2025 के दौरान हासिल हुई, जहां नरेन ने अपनी फिरकी से बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया। वेस्टइंडीज के इस दिग्गज ऑफ-स्पिनर ने नॉटिंघमशायर के समित पटेल को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 208 विकेट हैं। तीसरे स्थान पर हैम्पशायर के क्रिस वुड हैं, जिन्होंने 199 विकेट लिए, जबकि श्रीलंका के तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा 195 विकेट के साथ चौथे स्थान पर हैं, जो उन्होंने मुंबई इंडियंस (स्ब्ठ) के लिए हासिल किए। सुनील नरेन ने कोलकाता के लिए 2012 में डेब्यू किया था और तब से वे टीम के सबसे भरोसेमंद गेंदबाज रहे हैं। उनकी कसी हुई गेंदबाजी, विविधताओं भरी स्पिन और पावरप्ले व डेथ ओवर्स में प्रभावी गेंदबाजी ने उन्हें कोलकाता का अभिन्न हिस्सा बनाया। नरेन ने न केवल विकेट चटकाए, बल्कि अपनी किफायती गेंदबाजी से कई बार विरोधी टीमों के रन रेट पर अंकुश लगाया। इसके अलावा, उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी और फील्डिंग ने भी कोलकाता को कई मौकों पर जीत दिलाई।आईपीएल 2025 में नरेन ने एक बार फिर अपनी काबिलियत साबित की, जहां उन्होंने महत्वपूर्ण मुकाबलों में बड़े बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। उनकी इस उपलब्धि ने कोलकाता के प्रशंसकों में उत्साह भर दिया है।

# आज लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आरसीबी की नजरें शीर्ष दो में जगह बनाने पर

**लखनऊ (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने आखिरी लीग मुकाबले में मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ तालिका में शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की करने पर होगी। सुपर जायंट्स की टीम हालांकि मौजूदा सत्र में अपने निराशाजनक अभियान का अंत जीत से करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगी।

गुजरात टाइटंस की लगातार हार ने तीसरे स्थान पर काबिज आरसीबी के लिए 2016 के बाद पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने का शानदार मौका बना दिया है। आईपीएल की तालिका में शीर्ष दो पायदान पर रहने वाली टीमों को तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के मुकाबले फाइनल में पहुंचने का एक अतिरिक्त मौका मिलता है। आरसीबी के नाम 17 अंक है और उसके लिए गलती की गुंजाइश बहुत कम है। शीर्ष पर पहुंचने के लिए उसे इस मैच में जीत जरूरी है।

मुंबई इंडियंस (16 अंक) और पंजाब किंग्स (17 अंक) में से कोई एक आज शाम होने वाले मुकाबले के बाद टाइटंस से (18 अंक) से आगे निकलने के लिए तैयार है। भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग के 10 दिवसीय विराम से पहले आरसीबी शानदार फॉर्म में थी। उसने लगातार चार मैच जीते थे लेकिन इस ब्रेक ने टीम की लय को प्रभावित किया।

लीग के फिर से शुरू होने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनका मैच बारिश से धुल गया और फिर सनराइजर्स हैदराबाद से 42 रन से शिकस्त का



सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की वापसी से आरसीबी के खेमे में उत्साह बढ़ा है। हेजलवुड इस सत्र में टीम के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 10 मैचों में 18 विकेट लिए हैं और फिलहाल टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में चौथे नंबर पर हैं।

आरसीबी भी परिस्थितियों से परिचित होगी क्योंकि उसने अपना पिछला मैच इकाना स्टेडियम में ही खेला था। लखनऊ सुपर जायंट्स को हालांकि उसके घरेलू मैदान पर हराना आसान नहीं होगा। अपने पिछले मैच में टाइटंस को हराने के बाद मेजबान टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन की तिकड़ी ने इस सत्र में सुपर जायंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी से टीम ने टाइटंस के खिलाफ दो विकेट पर 235 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था।

### टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**–फिल साल्ट, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, कृणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।


**लखनऊ सुपर जायंट्स**–ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमर जोसेफ, मणिमरन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी, विल ओरोर्के।

समय–शाम 7.30 बजे।

इस मैच में टीम की गेंदबाजी इकाई ने भी प्रभावित किया था। चोटिल मयंक यादव की जगह लेने वाले विल ओरोर्के को शामिल करना एक सकारात्मक कदम रहा है। इस सत्र में एलएसजी की खोज रहे स्पिनर दिग्वेश राठी भी एक मैच का निलंबन पूरा करने के बाद इस मुकाबले से वापसी करेंगे। टीम को सत्र के आखिरी मुकाबले में अपने कप्तान ऋषभ पंत से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो पूरे सत्र में रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे।

## सौरव गांगुली के भाई और भाभी हादसे का शिकार, स्पीडबोट समुद्र में पलटी, बाल-बाल बची जान

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के भाई स्नेहाशीष गांगुली और उनकी पत्नी अर्पिता बाल-बाल बच गए। पुरी में छुट्टियां मना



रहे गांगुली बीच पर वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी का आनंद ले रहे थे, इस दौरान उनकी स्पीडबोट समुद्र में पलट गई। इस दौरान लाइफगार्ड ने उन्हें बचाया। लाइफगार्ड्स ने उन्हें बचाने के लिए रबर फ्लोट का इस्तेमाल किया।

अर्पिता गांगुली ने कहा, समुद्र पहले से ही बहुत उग्र था। नाव पर 10 लोगों की क्षमता थी, लेकिन पैसे के लालच में उन्होंने केवल तीन से चार लोगों को ही सवार होने दिया। यह उस दिन समुद्र में जाने वाली आखिरी नाव थी। हमने समुद्र में जाने को लेकर चिंता जताई थी, लेकिन संचालकों ने हमें बताया कि यह ठीक है।उन्होंने कहा कि जैसे ही वे समुद्र में गए, नाव पर एक बहुत बड़ी लहर आ गई। उन्होंने कहा, अगर लाइफगार्ड नहीं आते, तो हम बच नहीं पाते। मैं अभी भी सदमे में हूं...मैंने कभी ऐसा कुछ नहीं देखा। अगर नाव पर और लोग होते, तो शायद नाव पलटती नहीं। अर्पिता गांगुली ने कहा, अधिकारियों को यहां इन खेलों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। पुरी बीच पर समुद्र बहुत उग्र है।

## लाहौर कलंदर्स ने चार साल में तीसरी बार जीता पीएसएल का खिताब, इनाम में मिलने मात्र इतने करोड़

**लाहौर (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा ने टॉस से महज 10 मिनट पहले इंग्लैंड से यहां पहुंचकर लाहौर कलंदर्स को चार साल में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का तीसरा खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

खिताब जीतने पर कलंदर्स को पुरस्कार के रूप में 500,000 डॉलर भी मिले जो करीब 4.24 करोड़ रुपए बनते हैं। वहीं उपविजेता टीम ग्लेडिएटर्स को 200,000 डॉलर मिले, जो लगभग 1.69 करोड़ रुपए बनते हैं। अगर इस राशि को अगर आईपीएल की इमानी राशि से जोड़कर देखा जाए तो यह काफी कम हैं क्योंकि आईपीएल का खिताब जीतने वाली टीम को 20 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं पीएसएल की खिताबी राशि से कहीं अधिक राशि आईपीएल नीलामी में खिलाड़ियों पर खर्च की जाती है। इसमें ऋषभ पंत एक उदाहरण हैं जो इस बार 27 करोड़ में बिके थे।




लाहौर ने रविवार को रोमांचक फाइनल में बड़े स्कोर का सफलता से पीछा करते हुए क्वेटा ग्लैडिएटर्स को एक गेंद शेष रहते छह विकेट से हराया। रजा ने नॉटिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था जिसे जिम्बाब्वे शनिवार को पारी से हार गया था। उन्होंने रविवार को सात गेंदों पर नाबाद 22 रन बनाए जबकि कुसल परेरा ने 31 गेंदों में नाबाद 62 रनों की पारी खेली जिससे लाहौर ने 19.5 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दर्ज की।

## बड़ी हार के बाद बोले केकेआर के कप्तान रहाणे, एक टीम के रूप में हम अच्छा नहीं खेले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बड़ी हार के साथ अपने अभियान का अंत करने के बाद कहा कि उनकी गत चैंपियन टीम मौजूदा सत्र में एक इकाई के रूप में अच्छा खेलने में नाकाम रही। प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी इन दो टीम के बीच हुए मुकाबले को 110 रन से जीतकर गत उप-विजेता सनराइजर्स की टीम 14 मैच में 13 अंक के साथ छठे स्थान पर पहुंच गई। नाइट राइडर्स की टीम 14 मैच में 12 अंक के साथ आठवें स्थान पर है।



रहाणे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'मुझे लगता है कि मौजूदा सत्र हमारे लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा। हमारे पास मौके थे और मैंने पहले भी कहा था कि उन मुकाबलों के दौरान एक इकाई के रूप में हम अच्छा नहीं खेले। यह प्रारूप ऐसा ही है, आप जानते हैं। यदि आप करीबी मैच जीतते हैं तो वे अंतर पैदा करते हैं। किंग्स इलेवन पंजाब का मैच, लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मैच और चेन्नई सुपरकिंग्स का मैच, मुझे लगता कि वे दो-तीन मैच थोड़े अलग हो सकते थे।

सुपर जाइंट्स के खिलाफ नाइट राइडर्स को चार रन से हार का सामना करना पड़ा जबकि सुपरकिंग्स ने एक मैच में इस टीम को दो विकेट से हराया। पंजाब किंग्स के खिलाफ एक मैच में नाइट राइडर्स की टीम 112 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 95 रन पर सिमट गई जबकि एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। रहाणे ने हालांकि उम्मीद जताई कि उनके खिलाड़ी इस साल हुए मुकाबलों से सबक लेंगे और टीम अगले साल और मजबूत बनकर लौटेगी।

नाइट राइडर्स के कप्तान ने कहा, 'एक कप्तान के रूप में मैंने जो देखा, जो मैंने महसूस किया, तैयारी के लिहाज से सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। जब आप चैंपियनशिप जीतते हैं तो यह आसान नहीं होता है। अगले सत्र में खिताब का बचाव करना, यह इतना आसान नहीं है। सभी टीमों की तैयारी काफी अच्छी रही। उन्होंने कहा, 'सभी टीमें बेहद शानदार हैं। एक टीम के रूप में हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। मैं यही कह सकता हूं कि हम अगले साल और मजबूत होकर वापस आएंगे।

रहाणे ने कहा कि उनके गेंदबाजों ने पूरे सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बल्लेबाजी उनकी टीम का कमजोर पक्ष रही। रहाणे ने कहा, 'हमारे गेंदबाजों के लिए मिला-जुला सत्र रहा। अगर आप हर्षित (राणा) को देखें तो वह वाकई बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उसने टीम, फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम में गया तो वहां भी अच्छा प्रदर्शन किया। कभी-कभी किसी खिलाड़ी के लिए यह काफी चुनौतीपूर्ण होता है जो शीर्ष स्तर पर कड़े मुकाबले खेला हो और तुरंत बाद यहां आकर अच्छा प्रदर्शन करे। यह कोई बहाना नहीं है लेकिन एक खिलाड़ी के तौर पर यह हमारे लिए एक चुनौती थी।

उन्होंने कहा, 'वरुण (चक्रवर्ती) ने चैंपियंस ट्रॉफी में फिर से अच्छा प्रदर्शन किया, आप जानते हैं कि बेहद कड़ा टूर्नामेंट। कभी-कभी यह आपके शरीर और दिमाग पर भी भारी पड़ता है। मुझे लगता है कि गेंदबाजी में हमने अच्छा प्रदर्शन किया। कप्तान ने कहा, 'विकेट बल्लेबाजों के लिए काफी अच्छे थे। इसलिए आपने उन विकेटों पर 200 से अधिक के स्कोर बनते देखे। लेकिन मुझे लगा कि पूरे सत्र में गेंदबाजी करते हुए एक इकाई के तौर पर हमने वाकई अच्छा प्रदर्शन किया।

रहाणे ने टीम की बल्लेबाजी के संदर्भ में कहा, 'हम जहां थोड़े कमजोर रहे, वह थी बल्लेबाजी। एक बल्लेबाजी इकाई के तौर पर सामूहिक रूप से हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। आप खुद पर दबाव डालते हैं और मुझे लगता है कि अधिकांश बल्लेबाजों को यह साबित करना था कि मैं कितना अच्छा हूं और यह पूरी तरह से स्वाभाविक है। उन्होंने कहा, ''मुझे यकीन है कि हमारे खिलाड़ी गलतियों से सीखेंगे। एक टीम के तौर पर इस सत्र से बहुत कुछ सीखने को मिला। किसी एक को नहीं बल्कि सभी को।

रहाणे ने कहा कि दुर्भाग्य से उनके कुछ बल्लेबाज खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्य से हमारे लिए दो, तीन खिलाड़ी उस खराब दौर से गुजर रहे थे और यही कारण था कि हम बल्लेबाजी इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके लेकिन वे इस स्थिति को संभालने के लिए काफी अनुभवी हैं। मुझे यकीन है कि वे अगले साल और मजबूत होकर वापसी करेंगे। रहाणे ने कहा, 'मुझे यकीन है कि रिंकू (सिंह), रमन (रमनदीप सिंह), सभी खिलाड़ी गलतियों से सीखेंगे और मजबूत होकर वापसी करेंगे।

रहाणे ने कहा कि उन्हें पारी का आगाज करना पसंद है लेकिन पिछले सत्र में क्विंटन डिकॉक और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया और टीम इस जोड़ी को तोड़ना नहीं चाहती थी। साथ ही तीसरे और चौथे नंबर पर उन्होंने और अंगकृष रघुवंशी स्थिति के अनुसार ढलने में सफल रहे। वेंकटेश अय्यर को टीम ने 23 करोड़ 75 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा लेकिन वह बुरी तरह फ्लॉप रहे।

# पाकिस्तान की कमर तोड़ने का तैयार है प्लान, पांच एशियाई विदेश मंत्री आ सकते हैं भारत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने पाकिस्तान की कमर तोड़ने का प्लान तैयार कर लिया है। पाकिस्तान पहले से ही आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। वहीं चाबहार बंदरगाह के जरिए भारत पाकिस्तान को अलग-थलग कर देना चाहता है। हाल के दिनों में पाकिसतान और तालिबान के बीच संबंध खराब हुए हैं। भारत चाहता है कि पाकिस्तानी बंदरगाहों पर निर्भरता कम हो जाए। वहीं ईरान चाहता है कि इस बंदरगाह के जरिए वह भारत के नेतृत्ववाले अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे में शामिल हो जाए। अगले महीने सेंट्रल एशिया के पांच विदेश मंत्री भारत आ सकते हैं। उस दौरान भारत पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, सीमापार आतंकवाद और पाकिस्तान पर व्यापार की निर्भरता को कम करने का मुद्दा उठा सकता है।

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के आसपास सेंट्रल एशिया आतंकवाद का शिकार लंबे समय से रहा है। अफगानिस्तान में भी सीमापार आतंकवाद की समस्या बढ़ रही है। जून में होने वाली विदेश मंत्रियों की यह बैठक पहले 2022 में ही गणतंत्र दिवस के मौके पर होनी थी। हालांकि किसी वजह से उस समय यह मीटिंग नहीं हो पाई थी। ईटी की रिपोर्ट के मुताबिक विदेश मंत्रियों की इस बैठक में आतंकवाद के खिलाफ एक्शन और यूरेशिया में आईएनएसटीसी और चाबहार पोर्ट के जरिए व्यापार को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

### कौन-कौन से देशों को विदेश मंत्री आ सकते हैं भारत

जून के महीने में कजाकिस्तान, किर्गिज रिपब्लिक, तजाकिस्तान, तुर्किमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री भारत आ सकते हैं। कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान ने पहले से ही आईएनएसटीसी और चाबहार पोर्ट के जरिए भारत से व्यापार शुरू कर दिया है। जानकारों का कहना है कि भारत केंद्रीय एशिया के देशों के साथ रक्षा संबंध और व्यापारिक संबंध और मजबूत करना चाहता है। अफगानिस्तान-पाकिस्तान रीजन में बढ़ते आतंकवाद को लेकर रूस समेत केंद्रीय एशिया के देश बेहद परेशान हैं। भारत इस मौके का फायदा उठाना चाहता है। आतंकवाद के खिलाफ अगर इन देशों ने मिलकर लड़ाई शुरू की तो पाकिस्तान अपने आप ही अलग-थलग हो जाएगा। पिछले कुछ महीनों में कजाकिस्तान-किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान में आतंकवाद पर बड़ी कार्रवाई की गई है। 2024 में एससीओ समिट में भी इन देशों ने संयुक्त बयान में आतंकवाद और सीमापार आतंकवाद के खिलाफ वार किया था।

## संक्षिप्त समाचार



### दिल्ली में मई महीने में कभी नहीं हुई इतनी बारिश, ऑलटाइम नया रिकॉर्ड बना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में 1901 से बारिश का रिकॉर्ड रखने की शुरुआत हुई थी। मौसम विभाग के अनुसार, तब से लेकर अब तक दिल्ली में मई महीने में कभी इतनी बारिश दर्ज नहीं की गई। मई महीने में सबसे अधिक बारिश 2008 में 165 मिमी दर्ज की गई थी। 2025 में यह रिकॉर्ड टूट गया। इस साल मई महीने में 186.4 मिमी बारिश के साथ दिल्ली ने नया रिकॉर्ड बनाया है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, रविवार अलसुबह शहर में आए तूफान और कुछ ही घंटों में 81.4 मिमी बारिश हुई। इससे पहले बुधवार रात को भी जोरदार बारिश हुई थी। दिल्ली में 1901 में रिकॉर्ड रखने की शुरुआत के बाद से अब तक का सबसे अधिक बारिश वाला मई महीना दर्ज किया गया। इस महीने की कुल बारिश अब 186.4 मिमी तक पहुंच गई है। यह मई 2008 में स्थापित 165 मिमी के पिछले सर्वकालिक रिकॉर्ड को पार कर गई है।

शनिवार रात करीब 2 बजे आए तूफान के कारण 82 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं, जिससे बड़े पैमाने पर जलभराव हो गया, पेड़ उखड़ गए और हवाई अड्डे पर बड़ी रुकावटें आईं। अकेले दिल्ली में रविवार की बारिश को आईएमडी ने अपने मानकों के अनुसार, भारी के रूप में वर्गीकृत किया है। इसे 20 मई, 2021 को दर्ज 119.3 मिमी के बाद 24 घंटे में शहर की दूसरी सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई। इससे तापमान में भारी गिरावट आई। सफदरजंग में 75 मिनट के अंदर पारा 10 डिग्री गिर गया। यह 31 से 21 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

मौसम विभाग ने कहा कि असामान्य रूप से तेज तूफान आर्द्र दक्षिण-पूर्वी हवाओं और शुष्क पश्चिमी हवाओं के बीच परस्पर क्रिया का परिणाम था। तीन सक्रिय मौसम प्रणालियों के कारण और तेज हो गया। उत्तर पंजाब और जम्मू-कश्मीर के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ और दो ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण- एक उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तरी हरियाणा के ऊपर और दूसरा पश्चिमी राजस्थान के ऊपर।

आंकड़ों के अनुसार, शहर में इससे पहले 2 मई को 77 मिमी बारिश हुई थी। हालांकि, आने वाले दिनों के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है, लेकिन आईएमडी ने पूरे सप्ताह रुक-रुक कर हल्की बारिश और 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान लगाया है।

रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 9 डिग्री कम 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान मई महीने के औसत से 7 डिग्री कम 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### हराम का माल लेकर आई है, कितनों से...; महिला के लिए इन शब्दों के इस्तेमाल पर कोर्ट ने दोषी ठहराया


**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने हराम शब्द का अर्थ समझाते हुए कहा कि यह किसी मेहनती महिला का अपमान करने के लिए काफी है। कोर्ट ने कहा कि हराम शब्द का मतलब है कि कोई ऐसी चीज जो गलत तरीके से अर्जित की गई हो।



लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, तीस हजारी कोर्ट के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमएफसी) करणबीर सिंह ने कहा कि हराम शब्द ऐसा शब्द नहीं है जिसका इस्तेमाल सिर्फ किसी व्यक्ति का अपमान करने के लिए किया जाता है। हराम शब्द का मतलब है कि कोई ऐसी चीज जो निषिद्ध हो और जिसे गलत तरीके से अर्जित किया गया हो। यह शब्द किसी भी मेहनती महिला की शील का अपमान करने के लिए काफी है।

### दुनियाभर से ज्यादा अकेले पाक में रह रहे आतंकी: गुलाम नबी आजाद

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने पाकिस्तान को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी देशों को मिलाकर जितने आतंकी नहीं हैं, उससे ज्यादा अकेले पाकिस्तान में मौजूद हैं। बहरीन दौरे पर आजाद ने कहा कि भारत में एकजुटता है, जबकि पाकिस्तान बंटा हुआ है।



बीजेपी सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में बहरीन पहुंचे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे गुलाम नबी आजाद ने एएनआई से बातचीत में कहा कि, हम अलग-अलग पार्टियों से हो सकते हैं, लेकिन यहां हम भारतीय बनकर आए हैं। पाकिस्तान धर्म के नाम पर बना, लेकिन वो खुद एकजुट नहीं रह सका। पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) और पश्चिमी पाकिस्तान भी नहीं टिक सके। उन्होंने आगे कहा, भारत में हर धर्म के लोग शांति और भाईचारे के साथ रहते हैं।

**ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ आतंकियों पर था:** आजाद ने भारत की हालिया सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई पाकिस्तान के आम नागरिकों के खिलाफ नहीं, बल्कि वहां मौजूद आतंकी ढांचे के खिलाफ थी। उन्होंने कहा, हमारी सेना ने इस बात का पूरा ध्यान रखा कि किसी आम पाकिस्तानी नागरिक को नुकसान न पहुंचे। सिर्फ आतंकी और उनके परिवार के लोग मारे गए। लेकिन दुर्भाग्य से पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई में हमारे आम नागरिकों को निशाना बनाया।

**प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ:** आजाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पड़ोसी देशों के साथ अच्छे रिश्ते बनाने की कोशिशों की सराहना की। उन्होंने कहा, हमारे सभी प्रधानमंत्रियों ने पाकिस्तान समेत पड़ोसियों के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखने की कोशिश की है, लेकिन हर बार भारत को आतंकवाद का सामना करना पड़ा है।

**भारतीय डायस्पोरा से मिले नेता:** सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बहरीन में बड़ी संख्या में मौजूद भारतीय समुदाय से मुलाकात की। आजाद ने कहा कि वहां हर धर्म और समुदाय के लोग बिना किसी भेदभाव के रहते हैं, और बहरीन 'मिनी इंडिया' की तरह लगता है।

## हिमाचल के डीजीपी ने शिमला एसपी के निलंबन की सिफारिश की, सरकार को लिखा पत्र

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल पावर कॉर्पोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मौत की सीबीआई जांच के आदेशों के बाद हिमाचल पुलिस के भीतर उठा विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। एसपी शिमला संजीव गांधी द्वारा राज्य के डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा पर गंभीर आरोप लगाने के बाद डीजीपी ने सरकार को पत्र भेजकर एसपी को निलंबित करने की सिफारिश कर दी है। डीजीपी ने गृह विभाग को भेजे अपने पत्र में लिखा है कि एसपी शिमला ने गंभीर अनुशासनहीनता की है। उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की है और कर्तव्यों में लापरवाही बरती है। उन्होंने कहा कि संजीव गांधी का व्यवहार अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम, 1968 और हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 का स्पष्ट उल्लंघन है।

डीजीपी ने पत्र में स्पष्ट किया है कि हिमाचल हाई कोर्ट ने 23 मई को विमल नेगी मौत मामले में एसपी शिमला की भूमिका पर गंभीर टिप्पणियां की हैं। इसके अगले ही दिन 24 मई को एसपी ने एक प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार के मुख्य सचिव और एक संवैधानिक पदाधिकारी पर बिना प्रमाण के आरोप लगाए। इतना ही नहीं, उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और केंद्र सरकार से जुड़े एक जांच मामले में भी भ्रामक और तथ्यहीन बयान दिए, जिससे संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा प्रभावित होने का खतरा है और केंद्र व राज्य सरकार के बीच संबंधों में तनाव की स्थिति खड़ी हो सकती है।

**डीजीपी बोले- सरकार की आलोचना कर रहे एसपी:** डीजीपी का पत्र में कहना है कि एसपी संजीव गांधी का आचरण सेवा नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी सार्वजनिक मंच से सरकार की आलोचना नहीं कर सकता। उन्होंने गृह विभाग से अनुरोध किया है कि एसपी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए और पुलिस मुख्यालय रिपोर्ट करने को कहा जाए। गौरतलब है कि 10 मार्च को शिमला से लापता हुए चीफ इंजीनियर विमल नेगी का शव 18 मार्च को गोविंदसागर झील (बिलासपुर) से बरामद हुआ था। इस मामले की जांच एसपी शिमला की अगुवाई में गठित एसआईटी कर रही थी। लेकिन, मृतक की पत्नी किरण नेगी ने एसआईटी पर भरोसा न जताते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की। 23 मई को अदालत ने सीबीआई जांच के आदेश देते हुए एसआईटी की जांच पर सवाल उठाए।

**एसपी ने कहा- डीजीपी के हलफनामे से निष्पक्ष जांच को ठेस:** सीबीआई जांच के आदेश के अगले ही दिन एसपी संजीव गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीजीपी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि डीजीपी द्वारा कोर्ट में दाखिल किया गया हलफनामा न केवल गैर जिम्मेदाराना है बल्कि इससे एसआईटी की निष्पक्ष जांच की साख को ठेस पहुंची है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वे हाई कोर्ट में इस हलफनामे को चुनौती देंगे।

**नशा तस्करों से स्टाफ के संबंध का सनसनीखेज दावा:** एसपी गांधी ने डीजीपी के निजी स्टाफ पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि डीजीपी के स्टाफ का एक सदस्य नशा तस्करी के गिरोह से जुड़ा पाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले सीआईडी के एक गोपनीय पत्र के लीक होने में भी डीजीपी स्टाफ की भूमिका संदिग्ध है।

## जुपिटर की आंध्र प्रदेश में 2700 करोड़ रुपये के निवेश से संयंत्र स्थापित करने की योजना

**अमरावती, एजेंसी।** जुपिटर रिन्यूएबल्स आंध्र प्रदेश में सौर सेल विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 2,700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। राज्य में संयंत्र स्थापित करने वाली यह तीसरी कंपनी होगी। राज्य तेजी से सौर मॉड्यूल और सेल उत्पादन में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा निवेश को मंजूरी देने के आदेश में कहा गया,कोलकाता स्थित जुपिटर इंटरनेशनल की अनुषंगी कंपनी जुपिटर रिन्यूएबल्स, 2,700 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अनकापल्ली जिले के रामबिल्ली में 4.8 गीगावाट (जीडब्ल्यू) सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) सेल एवं 1.5 गीगावाट मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना बना रही है। जुपिटर राज्य में सौर ऊर्जा विनिर्माण आधार स्थापित करने वाली तीसरी कंपनी है। राज्य अब इस क्षेत्र में गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु जैसे अग्रणी राज्यों को चुनौती दे रहा है। इससे पहले, इंडोसोल को एक ऊर्ध्वाधर एकीकृत सौर पीवी विनिर्माण इकाई में 69,000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए मंजूरी मिली थी। वहीं प्रीमियर एनर्जीज भी राज्य में दो चरणों में निवेश कर रही है। पहले चरण में 5 गीगावाट इनगॉट एवं सौर वेफर विनिर्माण में 1,742 करोड़ रुपये का निवेश होगा और दूसरे चरण में 8 गीगावाट सौर सेल विनिर्माण में 4,200 करोड़ रुपये का निवेश होगा।



## टेक्सास में अमेरिकी वीजा धोखाधड़ी रैकेट के सिलसिले में दो पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

टेक्सास, एजेंसी। टेक्सास के उत्तरी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी लीहा सिमोंटन ने एक आधिकारिक बयान में बताया, ''यह केवल पैसे के लिए नहीं था। इन प्रतिवादियों पर आरोप है कि उन्होंने आव्रजन के लिए एक संपूर्ण आपराधिक उद्यम तैयार किया है।'' अमेरिका के टेक्सास में रहने वाले दो पाकिस्तानी नागरिकों को कई सालों से बड़े पैमाने पर वीजा धोखाधड़ी और धनशोधन का कथित सरगना होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने वीजा धोखाधड़ी कर कई विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश कराने और यहां रहने में मदद की। टेक्सास के उत्तरी जिले में एक संघीय ग्रैंड जूरी ने अब्दुल हादी मुर्शिद (39) और मुहम्मद सलमान नासिर (35) के खिलाफ 23 मई को आरोप लगाया गया। आरोपों में अमेरिका को धोखा देने की साजिश, वीजा धोखाधड़ी, धनशोधन की साजिश शामिल है। मुर्शिद पर अमेरिकी नागरिकता हासिल करने के लिए गैर कानूनी तरीके को अपनाने के आरोप भी लगाए गए हैं। टेक्सास के उत्तरी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी लीहा सिमोंटन ने एक आधिकारिक बयान में बताया, ''यह केवल पैसे के लिए नहीं था। इन प्रतिवादियों पर आरोप है कि उन्होंने आव्रजन के लिए एक संपूर्ण आपराधिक उद्यम तैयार किया है।'' अभियोग के अनुसार, मुर्शिद और नासिर ने फर्जी नौकरी के आधार पर आवेदन कर अमेरिकी वीजा योजनाओं का लाभ उठाया।

## अमेरिका टी-शर्ट नहीं, टैंक बनाना चाहता है, टैरिफ वार के बीच ट्रंप का बड़ा बयान

**न्यू जर्सी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ने हाल के दिनों में सख्त टैरिफ नीति की घोषणा की है। उनकी इस नीति के बाद कई देशों के साथ व्यापार पर गहरा असर पड़ने की संभावना है। इससे पहले उन्होंने एप्पल को भी धमकी देते हुए कहा कि यदि आप आईफोन का निर्माण भारत से बाहर करते हैं तो आपको 25 प्रतिशत का आयात शुल्क देना पड़ेगा।




इन सब के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का टैरिफ पर एक नया बयान सामने आया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि उनकी टैरिफ नीति का उद्देश्य टैंकों और प्रौद्योगिकी उत्पादों के घरेलु निर्माण को बढ़ावा देना है। ट्रंप ने कहा कि हम टैंक बनाना चाहते हैं, टी-शर्ट नहीं।

**वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट की टिप्पणी पर जताई सहमति:** दरअसल, न्यू जर्सी में एयरफोर्स वन विमान में सवार होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह 29 अप्रैल को वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट की टिप्पणी से सहमत हैं। उन्होंने कहा था कि अमेरिका को अनिवार्य रूप से उभरते हुए कपड़ा उद्योग की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, इस टिप्पणी की राष्ट्रीय कपड़ा संगठन परिषद ने आलोचना की थी।

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हम स्नीकर्स और टी-शर्ट नहीं बनाना चाहते। हम सैन्य उपकरण बनाना चाहते हैं। हम बड़ी चीजें बनाना चाहते हैं। हम कंप्यूटर के साथ एआई का काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं टी-शर्ट बनाने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। मैं मोजे बनाने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। हम अन्य स्थानों पर यह काम बहुत अच्छे से कर सकते हैं। हम चिप्स, कंप्यूटर और कई अन्य चीजें, टैंक और जहाज बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

**ट्रंप के टैरिफ वाले एलान ने विश्व बाजारों में उथल-पुथल मचा दी है:** उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वाले फैसले ने विश्व बाजारों में उथल-पुथल मचा दी है। इस बीच गत शुक्रवार को ट्रंप ने एक बार फिर 1 जून से यूरोपीय संघ के सामानों पर 50त्न टैरिफ लगाने का दबाव बनाया और एप्पल को चेतावनी दी कि वे अमेरिकी आयातित आईफोन पर 25त्न शुल्क लगा सकते हैं।

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज तुर्किये राष्ट्रपति से मिले

### भारत के खिलाफ साथ देने के लिए शुक्रिया भी कहा, आर्मी चीफ मुनीर भी साथ गए

**इस्तांबुल, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार देर रात इस्तांबुल में तुर्किये के राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन से मुलाकात की। इस दौरान शहबाज ने भारत के खिलाफ समर्थन देने के लिए तुर्किये का शुक्रिया अदा किया। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत हुई।

राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा, तुर्किये और पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ते रहेंगे। दोनों देश एक-दूसरे को ट्रेनिंग, खुफिया जानकारी और टेक्नोलॉजिकल सपोर्ट देंगे। इससे दोनों का फायदा होगा। तुर्किये-पाकिस्तान के बीच व्यापार को 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। एनर्जी, ट्रांसपोर्ट और डिफेंस सेक्टरों में सहयोग को बढ़ाया जाएगा। एर्दोगन ने बताया कि इस्तांबुल-तेहरान-इस्लामाबाद रेलवे लाइन को बेहतर किया जाएगा। साथ ही एजुकेशन सेक्टर में ठोस कदम दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करेंगे।

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ा, तो तुर्किये-अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया। भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे।

तुर्किये के राष्ट्रपति ने कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता की पेशकश की थी तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने 17 मई को कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की। उन्होंने कहा कि वो कश्मीर मुद्दा सुलझाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। एर्दोगान ने कहा ने कहा- भगवान का शुक्र है कि दोनों न्यूक्लियर पावर पड़ोसियों में तनाव कम हो गया। तनाव को और बढ़ने से रोकने के लिए, दोनों पक्षों को मौजूदा मुद्दों से निपटने में संयम दिखाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर दोनों देश अनुरोध करते हैं तो वो कश्मीर मामल में रोल निभाएंगे। हम शांति चाहते हैं; हम दो पड़ोसियों के बीच कोई तनाव नहीं चाहते।

### भारत-पाक तनाव में तुर्किये ने पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ा, तो तुर्किये-अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया। भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन ने पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से फोन पर कहा-मैं हमलों में जान गंवाने वाले अपने भाइयों के लिए अल्लाह से रहम की दुआ करता हूं और पाकिस्तान के भाईचारे वाले लोगों और देश के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129